सुप्रभात
रांची, मंगलवार
20.02.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net माघ, शुक्ल पक्ष, एकादशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 218

12 सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा की टीजर जारी

न्यूज डायरी

लोकपाल केस में गुरुजी ने दी चुनौती

रांची। दिल्ली हाईकोर्ट की एकल पीठ आदेश के खिलाफ झामुमो अध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन ने एलपीए (लेटेस्ट पेटेंट अपील) दाखिल की है। अपनी याचिका के माध्यम से उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें हाइकोर्ट ने लोकपाल में चल रही कार्रवाई पर रोक लगाने से इंकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी थी। हाइकोर्ट के दो जजों की खंडपीठ मंगलवार को सुनवाई संभव है।

किसानों ने ठुकराया सरकार का प्रस्ताव

नयी दिल्ली। किसान आंदोलन में शामिल संगठनों की केंद्र सरकार के मंत्रियों के साथ हुई चौथी बैठक भी बेनतीजा रही है। हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान संगठनों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। किसान मोर्चा ने 21 फरवरी के बाद बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

कोयला तस्करों ने किया डीआइजी की टीम पर हमला

रामगढ़ । बोकारो और रामगढ़ जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध कोयले का कारोबार चल रहा है। रविवार की रात भी हजारीबाग डीआइजी की टीम रामगढ़ जिले में छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान वहां कोयले से लदी गाड़ी भी इस टीम ने पकड़ी। जैसे ही उस गाड़ी को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया, कोयला तस्करों का गिरोह उनपर हावी हो गया। 50-60 तस्करों के द्वारा पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया। कोयल लदी गाड़ी छुड़ा ली। इस मामले में कार्रवाई का आदेश जारी किया है।

अदिति सेन को जीडी बिड़ला वैज्ञानिक शोध पुरस्कार

नयी दिल्ली। वर्ष 2023 का घनश्याम दास बिड़ला वैज्ञानिक शोध पुरस्कार हरीश चन्द्र अनुसंधान संस्थान प्रयागराज की प्रोफेसर अदिति सेन को दिया जायेगा। फाउंडेशन की ओर से सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रो सेन ने भौतिकी विज्ञान में क्वांटम सूचना एवं संगणना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

छठे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

नयी दिल्ली। आबकारी घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी (आप) की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस मामले में आप संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को छठा समन भेजा जिसे नजरअंदाज करने पर सोमवार को जांच एजेंसी ने श्री केजरीवाल के खिलाफ अदालत में शिकायत दर्ज करायी।

एक लाख तक टैक्स डिमांड किया माफ!

नयी दिल्ली। एक करोड़ से ज्यादा टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत दी, जिनके उपर एक लाख रुपये तक के टैक्स डिमांड को नोटिस भेजा हुआ है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स ने अपने आदेश में कहा है कि इनकम टैक्स विभाग ने 31 जनवरी 2024 तक पुराने बकाये टैक्स क्लेम डिमांड पर छूट देने और उसे खत्म करने की शुरूआत कर दी है।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	58,200 रु./10 ग्राम
चांदी	:	73,000 रु./प्रति किलो

तीसरी आंख

इटखोरी में बोले सीएम, मां की पूजा से मन को मिलती है शांति, राज्य की खुशहाली की कामना की

झारखंड के हर परिवार में जलेगा शिक्षा का दीप

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। जिले के इटखोरी स्थित प्रसिद्ध भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का उदघाटन किया। उन्होंने मां भद्रकाली से राज्य और समाज की कुशलता की कामना की। मां की पूजा से मन को बड़ी शांति मिलती है। समाज में सबसे ज्यादा मां देवी का ही अहम भूमिका है। समाज को दुराचार से बचाने के लिए ही मां होतीं हैं। समाज में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। इस मौके पर सीएम ने कहा कि झारखंड सरकार सभी धार्मिक स्थलों का विकास करेगी। हेमंत सोरेन ने जो सोचा था, उसे हम पूरा करेंगे। हर क्षेत्र में विकास करेंगे। सीएम ने कहा, झारखंड के हर परिवार में जलेगा शिक्षा का दीप जलेगा। पूजा के पश्चात पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप रूद्राक्ष का पौधा लगाया।

मन को मिलती हैं शांति : सीएम ने कहा कि हमारे इटखोरी की अलग पहचान है। यह बहुत बड़ा धार्मिक स्थल है, यहां पूजा करने से मन को शांति मिलती है। लोगों को कर्म पर विश्वास करना चाहिए। बिना आस्था कोई मनुष्य नहीं हो सकता। कोरोना काल के दो साल बाद एक बार फिर राजकीय इटखोरी महोत्सव का आयोजन शुरू हो रहा है।

यहां से दूसरे लोग लाभ उठाते हैं : सीएम ने एक बार फिर कहा कि हमारे राज्य झारखंड की खनिज संपदा का लाभ दूसरे प्रदेशों के लोग ले रहे हैं। केंद्र की नीतियों के कारण हमें उसका लाभ नहीं मिल पाता। यह न्यायोचित नहीं है। हमें हमारा हक तो मिला ही चाहिए। उन्होंने कहा, आधुनिक युग में झारखंड को भी विकास की ओर ले जाना है। यहां के मूलवासी को उसका लाभ मिलेगा। (शेष पेज 11 पर)

किसी की पढ़ाई पैसे के कारण नहीं रुकेगी

चंपाई सोरेन ने कहा कि पूर्व सीएम हेमंत ने राज्य में शिक्षा की जो जति जलायी है, वह जलती रहेगी। किसी भी गरीब परिवार के बच्चों की पढ़ाई पैसे के कारण नहीं रुकेगी। सरकार ने ऐसे बच्चों को मदद के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उनकी सरकार सभी को सभी को शिक्षा देने को कृतसंकल्प है। पैसे के अभाव में किसी की पढ़ाई नहीं रुकेगी। हर परिवार में शिक्षा का दीप जलेगा।

राज्य तभी आगे बढ़ेगा जब लोग समृद्ध होंगे

हजारीबाग में बोले सीएम, डबल इंजन सरकार ने खूब लूटा

अबुआ आवास योजना

28. 295 हजार लाभुकों को स्वीकृति पत्र

केंद्र ने नहीं दिया पीएम आवास, तो हम दे रहे 20 लाख अबुआ आवास

खबर मन्त्र ब्यूरो

हजारीबाग, रांची। रोटी, कपड़ा और मकान हर किसी की बुनियादी जरूरत है। राज्य का कोई भी व्यक्ति इससे वंचित नहीं रहेगा, इसके लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने सोमवार को हजारीबाग में अबुआ आवास योजना के तहत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ जिले के हजारों अबुआ आवास योजना के लाभुकों को हजारीबाग जिले के विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में शामिल हुए। इन चार जिलों के लिए 2 लाख 82 हजार अबुआ आवास प्रस्तावित हैं। सीएम ने कहा कि किसानों को सशक्त बनने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आज भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचाने का काम तीव्र गति से चल रहा है। हमारी सरकार हर व्यक्ति, परिवार और समाज को सम्मान दे रही है। उन्होंने कहा राज्य तभी आगे बढ़ सकता है, जब यहां के लोग आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हर व्यक्ति को रोटी, कपड़ा और मकान देने के को प्रतिबद्ध है।

हमारी सरकार सिर्फ अश्वासन नहीं देती : मुक्यमंत्री ने कहा कि कई बार आग्रह के बावजूद केंद्र सरकार ने झारखंड को पीएम आवास नहीं दिया। मजबूर हो कर तब झारखंड ने अपने बूते पर 20 लाख अबुआ आवास देने की योजना बनायी। अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख आवासविहीन, गरीब और जरूरतमंद को तीन कमरों का सुसज्जित पक्का मकान उपलब्ध कराने की दिशा में हमारी सरकार ने कदम बढ़ा दिये हैं। (शेष पेज 11 पर)

केंद्र और भाजपा पर बोला हमला

केंद्र और भाजपा पर हमला करते हुए सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार की गिद्ध दृष्टि झारखंड की संपदा पर थी। डबल इंजन की सरकार ने जब जब झारखंड में शासन किया, यहां की खनिज संपदा को लूटने का काम किया। यहां के संसाधनों पर उनकी गिद्ध दृष्टि थी। झारखंड के लोगों के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए कभी कोई काम नहीं किया। बुनियादी सुविधा तक लोगों को नहीं दी।

कल्कि धाम मंदिर के शिलान्यास पर बोले पीएम मोदी

आज भारत अनुसरण नहीं बल्कि उदाहरण पेश करता है

एजेंसी

संभल। पीएम मोदी ने कहा कि विकास भी, विरासत भी के मंत्र को आत्मसात करते हुए आज पहली बार भारत उस मुकाम पर है, जहां हम अनुसरण नहीं कर रहे हैं, उदाहरण पेश कर रहे हैं। कल्कि धाम मंदिर के शिलान्यास के अवसर पर पीएम मोदी ने सोमवार को कहा ,आज एक ओर हमारे तीर्थों का विकास हो रहा है, तो दूसरी ओर शहरों में हाइटेक इनफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार हो रहा है। आज अगर मंदिर बन रहे हैं, तो देश भर में नये मेडिकल कॉलेज भी बन रहे हैं। विदेशों से हमारी प्राचीन मूर्तियां भी वापस लायी जा रही हैं, और रिकॉर्ड संख्या में विदेशी निवेश भी आ रहा है। ये परिवर्तन और प्रमाण इस बात का है समय का चक्र घूम चुका है। एक नया दौर आज हमारे दरवाजे पर दस्तक दे रहा है।

पराभाव से भी जीत खींच लाते हैं : उन्होने कहा, भारत पराभव से भी विजय को खींचकर के लाने वाला राष्ट्र है। हम पर सैकड़ों वर्षों तक इतने आक्रमण हुए, कोई और देश होता, कोई और समाज होता तो लगातार इतने आक्रमणों की चोट से पूरी तरह नष्ट हो गया होता। फिर भी, हम न केवल डटे रहे, बल्कि और भी ज्यादा मजबूत होकर सामने आये। सदियों के वो बलिदान फलीभूत हो रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)



नये कालचक्र की शुरुआत

श्री मोदी ने कहा कि 22 जनवरी से अब नये कालचक्र की शुरूआत हो चुकी है। प्रभु श्री राम ने जब शासन किया तो उसका प्रभाव हजारों वर्षों तक रहा। उसी तरह, रामलला के विराजमान होने से, अगले हजार वर्षों तक भारत के लिए एक नई यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। अमृतकाल में राष्ट्र निर्माण के लिए पूरी सहस्र शताब्दी का ये संकल्प केवल एक अभिलाषा भर नहीं है। ये एक ऐसा संकल्प है, जिसे हमारी संस्कृति ने हर कालखंड में जीकर दिखाया है। उन्होने कहा कि भगवान कल्कि के विषय में आचार्य प्रमोद कृष्णन ने गहरा अध्ययन किया है। कल्कि कालचक्र के परिवर्तन के प्रणेता भी हैं, और प्रेरणा स्रोत भी हैं और शायद इसीलिए, कल्किधाम एक ऐसा स्थान होने जा रहा है जो उन भगवान को समर्पित है, जिनका अभी अवतार होना बाकी है। प्रमोद कृष्णन जी को एक राजनैतिक व्यक्ति के रूप में दूर से जानता था, मेरा परिचय नहीं था।

पति के परिजनों को फंसाने की प्रवृत्ति बढ़ी : हाइकोर्ट

वैवाहिक विवाद

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने कहा कि वैवाहिक विवाद के मामलों में पति के रिश्तेदारों को केस में फंसाने की प्रवृति बढ़ रही है। दरअसल दहेज की मांग के लिए मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एक पत्नी ने अपने पति और उसके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ गढ़वा जिले में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इस पर सीजेएम (मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी) ने संज्ञान लिया था। सीजेएम द्वारा लिये गये संज्ञान और पूरी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने के लिए पति के रिश्तेदारों नीरज कुमार, उमेश कुमार और शिवा सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सभी के खिलाफ आपराधिक कर्रवाई निरस्त करने का आदेश दिया है।हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ताओं के खिलाफ सामान्य आरोप लगाये गये हैं।

सीबीआइ जांच में खुलासा : फर्जी दस्तावेजों से बन रहे प्रमाण पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आवासीय और जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। इसका खुलासा सीबीआइ जांच में हुआ है। अधिकारियों व बच्चों के अभिभावक, ग्राम पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव और वार्ड पार्षद की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आवासीय और जन्म प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। उनमें अधिकतर राज्य से बाहर के लोग हैं। इस आपसी गठजोड़ में बड़े रैकेट के शामिल होने की संभावना है। जांच में यह भी पता चला है कि प्रबंधन के आंख में भी धूल झोंककर फर्जी डोमेसाइल और जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर प्रतिष्ठित स्कूल और सनिक स्कूल तिलैया में बड़े पैमाने पर झारखंड कोटे से नामांकन प्राप्त किया है। सीबीआई ने इन दस्तावेजों के आधार पर प्रतिष्ठित स्कूल-कॉलेज में नामांकन कराये जाने की जांच रिपोर्ट भारत सरकार को सौंपी है। बच्चे के अभिभावक गलत तरीके से डोमेसाइल व जन्म प्रमाण पत्र बनवाकर अच्छे स्कूल और तिलैया सैनिक स्कूल में नामांकन करवा रहे हैं। इस वजह से योग्य बच्चे ऐसे स्कूलों में एडमिशन से वंचित हो जा रहे हैं। क्योंकि बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़ा होने से झारखंड कोटे की सीट भर जा रही है। जबकि जिनका एडमिशन झारखंड कोटे से हो रहा है, उनमें अधिकांश राज्य के बाहर के हैं।

टाटा का मार्केट कैप पाक की जीडीपी से अधिक

पाकिस्तान की जीडीपी करीब 341 अरब डॉलर

टाटा समूह का बाजार पूंजीकरण 365 अरब डॉलर के पार

नयी दिल्ली (एजेंसी)। देश के दिग्गज कारोबारी समूह टाटा का मार्केट कैप पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से आगे निकल गया है। समूह की कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 365 अरब डॉलर (30 लाख करोड़ रुपये) से अधिक है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान के अनुसार आर्थिक और राजनीतिक संकट में फंसे पाकिस्तान की जीडीपी लगभग 341 अरब डॉलर ही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नमक से लेकर हवाई जहाज तक का कारोबार संभालने वाली टाटा समूह की कंपनियों के शेयर में हाल के दिनों में जबरदस्त आयी तेजी आने से निवेशकों को बेहतर रिटर्न मिले हैं। समूह के संयुक्त मार्केट कैप में भी उछाल आया है। टाटा समूह की सभी सूचीबद्ध कारोबारों में आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) बाजार पूंजीकरण करीब 15 लाख करोड़ रुपये (170 अरब डॉलर) है, जो पाकिस्तान की जीडीपी का आधा हिस्सा के बराबर है। टाटा समूह की कंपनियां पिछले एक वर्ष में निवेशकों को मालामाल कर दिया है। समूह की परिधान कंपनी टाटा ट्रेंट ने बीते एक साल में 195 फीसदी, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्प ने 153 फीसदी, टाटा मोटर्स ने 113 फीसदी, टाटा पावर ने 83 फीसदी, इंडियन होटल्स ने 67 फीसदी, टाटा कंज्यूमर ने 57 फीसदी, टाटा कम्यूकेशंस ने 43 फीसदी, टाइटन ने 45 फीसदी, टीसीएस ने 16 फीसदी, टाटा स्टील ने 27 फीसदी, टाटा इलेक्सी ने 12 फीसदी, वोल्टास ने 24 फीसदी और टाटा टेलीसर्विसेज ने 36 फीसदी का रिटर्न दिया है। इसके अलावा टाटा समूह की कई ऐसी बड़ी कंपनियां है, जो मौजूदा समय में शेयर बाजार में सूचीबद्ध नहीं है। इसमें समूह की होल्डिंग कंपनी- टाटा संस, टाटा कैपिटल, टाटा प्ले, टाटा एडवांस सिस्टम, एयर इंडिया और विस्तारा एवं कई अन्य कंपनियों का नाम इस सूची में है। वहीं, इसमें से कई कंपनियों के आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने की योजना टाटा समूह कर रही है। उल्लेखनीय है कि भारत की मौजूदा अर्थव्यवस्था 3.7 ट्रिलियन डॉलर की है, जो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के आकार से लगभग 11 गुना बड़ी है। वहीं, वित्त वर्ष 2028 तक भारत का लक्ष्य दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है। फिलहाल भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में से एक है।

दिल्ली में खड़गे-केसी से मिलने पर अड़े झारखंड के बागी कांग्रेसी विधायक , कहा

आलाकमान के निर्णय के बाद ही लेंगे कोई फैसला

सत्येंद्र सिंह

रांची। झारखंड में चंपई सोरेन की सरकार में मंत्री नहीं बनाये जाने से नाराज राज्य दस कांग्रेस विधायक दिल्ली में डटे हैं। 17 फरवरी की रात से ही सभी विधायक दिल्ली में ड़े हैं। सभी पार्टी आलाकमान मल्लिकार्जन खड़े और केसी वेणुगोपाल से मिलने पर अड़े हैं। उनका कहना है कि आलाकमान के निर्णय के बाद ही वे लोग कोई फैसला लेंगे। तमाम कोशिशों के बावजूद अबतक उनकी नाराजगी कम नहीं हुई है। सोमवार तक इन विधायकों की भेंट श्री खड़गे से नहीं हो सकी थी।

सत्र बहिष्कार की दे चुके हैं धमकी : दिल्ली जाने से पहले मांगे पूरी नहीं होने पर विधानसभा के बजट सत्र तक का बहिष्कार करने की धमकी दे चुके हैं कांग्रेस के ये विक्षुद्ध विधायक। सोमवार शाम विधायक अंबा प्रसाद एवं डॉ इरफान अंसारी ने दूरभाष पर बताया कि वे पार्टी के खिलाफ नहीं हैं। पर जिस तरह से उनके साथ धोखा हुआ है उसका विरोध कर रहे हैं। विधायकों ने इतना जरूर स्वीकार किया कि वे सब अभी दिल्ली में है और आलाकमान के बुलावे का इंतजार कर रहे है।

उमंग सिंघार मनाने में जुटे हैं : दिल्ली से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के नाराज विधायकों के साथ समन्वय बनाने की जिम्मेवारी आलाकमान ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और झारखंड में पूर्व में सह प्रभारी रहे उमंग सिंघार को दी गयी है। (शेष पेज 11 पर)

कांग्रेसी मंत्रियों को हटाने की मांग

फिलहाल खाली वक्त में नाराज सभी विधायक कराटे सीख रहे है और अपनी सुरक्षा को लेकर काफी मशक्कत कर रहे हैं। अंबा और डॉ इरफान ने बताया कि रविवार की रात के समय प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव गुलाम अहमद मीर के साथ सभी नाराज विधायकों की बैठक हुई। सभी ने एक स्वर में कहा कि कांग्रेस कोटे के सभी मंत्रियों को हटायेजाने की मांग पर कायम रहे।

झामुमो के प्रधान महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने इडी और भाजपा पर साधा निशाना

चुनाव आयोग तो केवल इलेक्शन की डेट तय करेगा लेकिन चुनाव तो ईडी करायेगा

कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का दावा करने वाली भाजपा ने कांग्रेस युक्त भाजपा बना डाला, भाजपा में 740 सांसद-विधायक कांग्रेस एवं अन्य दलों के

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झामुमो ने भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर भाजपा के अधिवेशन में पीएम मोदी के बयान पर कटाक्ष किया। सुप्रियो ने कहा कि उन्हें 2024 में बिना चुनाव लड़े और चुनाव जीते ही विदेशों से आमंत्रण मिल रहे हैं यह बयान हास्यापद है। पीएम लोकतंत्र का मखौल उड़ा रहे हैं। पीएम मोदी के इस दावे के पीछे की सच्चाई कुछ और ही है। इलेक्शन कमीशन तो केवल चुनाव की तिथि घोषित करेगा, मगर चुनाव तो असल में ईडी कराएगा। जिसकी पटकथा पिछले दो सालों से लिखी जा रही है। झारखंड सहित कई राज्य इसके उदाहरण हैं जो भाजपा कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का नारा देते रही। दरसअल वह कांग्रेस युक्त भाजपा बन कर रही गयी। देश में 740 सांसद-विधायक ऐसे हैं जो कांग्रेस अन्य क्षेत्रीय दलों से गए। उन्होंने कहा कि मोदी जी को भले ही बिना चुनाव लड़े विदशों से आमंत्रण मिल रहा हो, मगर हमारे हेमंत जी को पूरे देश के आदिवासी, युवा, पिछड़े, अल्पसंख्यक बुला रहे हैं। बहुत जल्द हेमंत सोरेन भी पूरे देश में जाएंगे। उक्त बातें पार्टी प्रधान महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही।

पीएम मोदी के आने के बाद देश में बहुत कुछ बदल गया

भट्टाचार्य ने कहा कि विगत दस साल के शासन में मोदी जी ने कई चीजों की परिभाषा बदल डाली। 2014 में मोदी जी ने कहा, हमारे आने के बाद देश में बहुत कुछ नया होगा। देश बदल जाएगा। 2019 में कहा था कि क्या खाना, क्या नहीं खाना है। क्या पहनना है, क्या नहीं पहनना है। क्या पढ़ना है, क्या नहीं पढ़ना है। क्या सुनना है क्या नहीं सुनना है। विपक्ष मतलब भ्रष्टाचारी और जो भाजपा में है सदाचारी। जो शासन के हां में हां मिलाए वह राष्ट्रवादी। जो शासन का विरोध करे वह देशद्रोही। जो भाजपा के साथ चल जाए और डिप्टी सीएम, मंत्री और जो उनके साथ न जाए उसकी जगह जेल।

अब किसान धान-गेंहू नहीं अडानी-अंबानी के लिए कपास और दाल उगाएंगे : भट्टाचार्य ने कहा किसान सरकार से एमएसीपी मांगते हैं तो सरकार उन्हें इनोवेशन एग्रीकल्चर का प्रस्ताव देती है। यानी कि किसान धान, मक्का और गेंहू की खेती नहीं अडाणी और अंबानी के लिए दाल और कपास की खेती करें। यानी जनता कपास खाए और दाल पीये। अजीब स्थिति इस देश में पैदा की जा रही है। इधर श्री भट्टाचार्य ने भाजपा के आदिवासी एवं दलित प्रेम का उपहास उड़ाते हुए कहा कि एक दलित को राष्ट्रपति बनाकर संसद भवन के उदघाटन में नहीं बुलाया गया। एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति भवन में कैद कर दिया गया।

जूनियर इंजीनियर परीक्षा के अभ्यर्थियों ने निकाली जेएसएससी की अर्थी, मुंडवाया सिर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) जूनियर इंजीनियर के अभ्यर्थियों परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर 16 फरवरी से अनशन पर बैठे हैं। अनशन के चौथे दिन अभ्यर्थी जेएसएससी की अर्थी निकालकर अपना विरोध जता रहे हैं। इतना ही नहीं अभ्यर्थियों ने अपना सर भी मुंडवाया है। अनशन पर बैठे छात्रों का कहना है कि हमारी क्या गलती है। हम तो तैयारी करके परीक्षा देते हैं। कहा कि एक बार प्रश्न पत्र लीक होने के कारण और दूसरी बार स्थानीय नीति की वजह से परीक्षा रद्द कर दी गयी। इस बार ठीक से परीक्षा हुआ लेकिन जेएसएससी इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। आयोग हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। अभ्यर्थियों ने जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग की है।

चार माह बीत गये, लेकिन अब तक जारी नहीं हुआ परिणाम : मालूम हो कि जेएसएससी ने चार माह पहले जूनियर इंजीनियर की परीक्षा ली थी। लेकिन आयोग ने अभी तक परीक्षा का परिणाम जारी नहीं किया है। छात्रों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की और परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग की। लेकिन अभ्यर्थियों को हर बार सिर्फ आश्वासन दिया गया। इससे पहले भी जेएसएससी ने दो बार जूनियर इंजीनियर की परीक्षा ली थी और अलग-अलग कर्म से रद्द हो गया एक बार तो ठीक हो गया। अपनी मांगों को लेकर जूनियर इंजीनियर के अभ्यर्थी के 16 फरवरी से अनशन पर बैठे हुए हैं। अनश्न के चौथे दिन जेएसएससी का अर्थी सजा कर अपना विरोध जाता रहे हैं।

झारखण्ड सरकार गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

63वीं औपबंधिक सूची
जिला–हजारीबाग (पार्ट–19)

क्र0	आवेदनकर्ता की विवरणी	गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1936, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रस्त कंडिका
	विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल, भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं बड़ी सिंह द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर।	
920	1. आवेदन क्र0–1205/24 2. आवेदक–किशोरी पासवान, पिता–पोखन पासवान 3. ग्राम–किमनिर्वा, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के बगल में कटा निशान।	कंडिका–2(ix)
921	1. आवेदन क्र0–1206/24 2. आवेदक–मोहन महतो, पिता–हिरामन महतो 3. ग्राम–गंगपाचो, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया पैर में कटा निशान।	कंडिका–2(ix)
922	1. आवेदन क्र0–1207/24 2. आवेदक–सुरेन्द्र प्रसाद यादव, पिता–स्व0 बिसुन यादव 3. ग्राम–कुरुमनो, पोस्ट–कपका, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के बगल कटा हुआ चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
923	1. आवेदन क्र0–1208/24 2. आवेदक–जगदीश मांझी, पिता–ध्यान लाल मांझी 3. ग्राम–छहरियाचो, पोस्ट–चुगलामो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के अँगुली में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
924	1. आवेदन क्र0–1209/24 2. आवेदक–शम्भु नाथ महतो, पिता–स्व0 पुरामन महतो 3. ग्राम–गंगपाचो, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में कटा निशान।	कंडिका–2(ix)
925	1. आवेदन क्र0–1210/24 2. आवेदक–जुगेश्वर साव, पिता–भुवनेश्वर साव 3. ग्राम–गंगपाचो, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
926	1. आवेदन क्र0–1211/24 2. आवेदक–सहदेव हैंसदा, पिता–स्व0 नुनू मांझी 3. ग्राम–पंचसवी तिलैया, पोस्ट–पंचसवी, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ मे कटा का निशान।	कंडिका–2(ix)
927	1. आवेदन क्र0–1212/24 2. आवेदक–दामोदर महतो, पिता–स्व0 घनश्याम महतो 3. ग्राम–गंगपाचो, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
928	1. आवेदन क्र0–1213/24 2. आवेदक–हिरा लाल पासवान, पिता–पोखन पासवान 3. ग्राम–गंगपाचो, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे मे कटा निशान।	कंडिका–2(ix)
929	1. आवेदन क्र0–1214/24 2. आवेदक–बहुनी चौधरी, पिता–स्व0 भुवनेश्वर चौधरी 3. ग्राम–गंगपाचो, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
930	1. आवेदन क्र0–1215/24 2. आवेदक–बिसुन यादव, पिता–स्व0 गाबिन्द यादव 3. ग्राम–कपका, पोस्ट–कपका, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
931	1. आवेदन क्र0–1216/24 2. आवेदक–हेतलाल महतो, पिता–स्व0 हुलाश महतो 3. ग्राम–किमनीया, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
932	1. आवेदन क्र0–1217/24 2. आवेदक–जगदीश प्रसाद उर्फ जगदीश महतो, पिता–स्व0 लोकन महतो 3. ग्राम–कलहाद, पोस्ट–कलहाद, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
933	1. आवेदन क्र0–1218/24 2. आवेदक–रघु भुईंया, पिता–स्व0 धनी भुईंया 3. ग्राम–कपका, पोस्ट–कपका, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
934	1. आवेदन क्र0–1219/24 2. आवेदक–द्वारिका महतो, पिता–घुपाली महतो 3. ग्राम–कपका, पोस्ट–कपका, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पैर में घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
935	1. आवेदन क्र0–1220/24 2. आवेदक–श्यामा प्रसाद साव, पिता–महादेव नायक 3. ग्राम–गैड़ा, पोस्ट–चुगलामो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
936	1. आवेदन क्र0–1221/24 2. आवेदक–लोकनाथ पासवान, पिता–स्व0 बुधन पासवान 3. ग्राम–किमनीया, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कटा का निशान।	कंडिका–2(ix)
937	1. आवेदन क्र0–1222/24 2. आवेदक–नारायण महतो, पिता–स्व0 छटू महतो 3. ग्राम–कपका, पोस्ट–कपका, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
938	1. आवेदन क्र0–1223/24 2. आवेदक–अशोक रविदास, पिता–बिहारी रविदास 3. ग्राम–पेसरा हरिजन टोला, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–होठ पर कटा का निशान।	कंडिका–2(ix)
939	1. आवेदन क्र0–1224/24 2. आवेदक–प्रतिम महतो, पिता–कन्हैया महतो 3. ग्राम–तुइयो, पोस्ट–कपका, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–होठ पर कटा का निशान।	कंडिका–2(ix)
940	1. आवेदन क्र0–1225/24 2. आवेदक–बैजु महतो, पिता–स्व0 हेमलाल महतो 3. ग्राम–गंगपाचो, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
941	1. आवेदन क्र0–1226/24 2. आवेदक–अशोक कुमार वर्मा, पिता–स्व0 लखन वर्मा 3. ग्राम–गैड़ा, पोस्ट–चुगलामो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटा चिन्ह।	कंडिका–2(ix)
942	1. आवेदन क्र0–1227/24 2. आवेदक–हिरालाल महतो, पिता–कामेश्वर महतो 3. ग्राम–गंगपाचो, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटा निशान।	कंडिका–2(ix)
943	1. आवेदन क्र0–1228/24 2. आवेदक–लखी महतो, पिता–रामेश्वर महतो 3. ग्राम–गंगपाचो, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में कटा निशान।	कंडिका–2(ix)
944	1. आवेदन क्र0–1229/24 2. आवेदक–बिनोद पासवान, पिता–स्व0 इन्दो पासवान 3. ग्राम–मेरमनहा, पोस्ट–कोनाहारखुर्द, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
945	1. आवेदन क्र0–1230/24 2. आवेदक–यमुना पासवान, पिता–स्व0 रूपन पासवान 3. ग्राम–गंगपाचो, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया हाथ मे कटा निशान।	कंडिका–2(ix)
946	1. आवेदन क्र0–1231/24 2. आवेदक–अर्जुन प्रसाद, पिता–स्व0 बहुनी साव 3. ग्राम–गंगपाचो, पोस्ट–गंगपाचो, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया पैर मे कटा निशान।	कंडिका–2(ix)
947	1. आवेदन क्र0–1232/24 2. आवेदक–धनी देवी, पति–तिलधारी प्रसाद 3. ग्राम–सलैयाटांड तुईयो, पोस्ट–कपका, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
948	1. आवेदन क्र0–1233/24 2. आवेदक–नारायण प्रसाद, पिता–टोडी महतो 3. ग्राम–बरवां, पोस्ट–बरवां, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
949	1. आवेदन क्र0–1234/24 2. आवेदक–रामेश्वर महतो, पिता–छटू महतो 3. ग्राम–कपका, पोस्ट–कपका, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
950	1. आवेदन क्र0–1235/24 2. आवेदक–महेश पासवान, पिता–स्व0 बदरी पासवान 3. ग्राम–कुंभनो, पोस्ट–कपका, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पैर में घाव का निशान।	कंडिका–2(ix)
951	1. आवेदन क्र0–1236/24 2. आवेदक–सावित्री देवी, पति–शंकर महतो 3. ग्राम–तुईयो, पोस्ट–कपका, थाना–बरकट्ठा, प्रखण्ड–बरकट्ठा 4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पैर मे कटा निशान।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :– झामुमो (मोर्चा) झारखण्ड बंद एवं आर्थिक नाके बन्दी हेतु संलग्न पार्टी बैठक पंजी में नाम तथा उसी प्रखण्ड के दो चिन्हित आन्दोलनकारी श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं सुखदेव प्रसाद यादव के द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर।	
952	1. आवेदन क्र0–797/24 2. आवेदक–मो0 निसार अहमद, पिता–मो0 उसमान 3. ग्राम–माली टोला, बिरनौंव, पोस्ट–हजारीबाग, थाना–सदर, प्रखण्ड–सदर 4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें कान में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
953	1. आवेदन क्र0–798/24 2. आवेदक–महादेव रविदास, पिता–स्व0 नन्दलाल रविदास 3. ग्राम–बहेरा, पोस्ट–चरही, थाना–चरही, प्रखण्ड–चुरचू 4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं।	कंडिका–2(ix)
954	1. आवेदन क्र0–799/24 2. आवेदक–अवेस अनवर, पिता–स्व0 शेख सुलतान 3. ग्राम–कजरी, पोस्ट–तापीन बहेरा, थाना–चरही, प्रखण्ड–चुरचू 4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना कान के नीचे तिल।	कंडिका–2(ix)
955	1. आवेदन क्र0–800/24 2. आवेदक–बिशेश्वर करमाली, पिता–स्व0 बदन करमाली 3. ग्राम–चुरचू, पोस्ट–चुरचू, थाना–चुरचू, प्रखण्ड–चुरचू 4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में बिछी का खोदना।	कंडिका–2(ix)
956	1. आवेदन क्र0–801/24 2. आवेदक–नगीया देवी, पति–महादेव रविदास 3. ग्राम–बहेरा, पोस्ट–चरही, थाना–चरही, प्रखण्ड–चुरचू 4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के नीचे तिल।	कंडिका–2(ix)
957	1. आवेदन क्र0–802/24 2. आवेदक–महाबीर महतो, पिता–स्व0 बुटन करमाली 3. ग्राम–जोराकाठ, पोस्ट–बादम, थाना–बड़कागाँव, प्रखण्ड–बड़कागाँव 4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
958	1. आवेदन क्र0–803/24 2. आवेदक–जयवीर महतो, पिता–बुटन करमाली 3. ग्राम–जोराकाठ, पोस्ट–बादम, थाना–बड़कागाँव, प्रखण्ड–बड़कागाँव 4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पेट में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
959	1. आवेदन क्र0–804/24 2. आवेदक–तुलसी प्रसाद मेहता, पिता–स्व0 लाटो महतो 3. ग्राम–पबरा, पोस्ट–पबरा, थाना–कटकमसांडी, प्रखण्ड–कटकमसांडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
960	1. आवेदन क्र0–805/24 2. आवेदक–निर्मला देवी, पति–दीपक राम 3. ग्राम–खूद, चतरा रोड, पोस्ट–रैयाली, थाना–कटकमदाग, प्रखण्ड–कटकमदाग 4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
961	1. आवेदन क्र0–806/24 2. आवेदक–दीपक राम, पिता–स्व0 रघुनाथ राम 3. ग्राम–खूद, चतरा रोड, पोस्ट–रैयाली, थाना–कटकमदाग, प्रखण्ड–कटकमदाग 4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान।	कंडिका–2(ix)
962	1. आवेदन क्र0–807/24 2. आवेदक–कान्ती देवी, पति–मनोज ठाकुर 3. ग्राम–पबरा, पोस्ट–पबरा, थाना–कटकमसांडी, प्रखण्ड–कटकमसांडी 4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
963	1. आवेदन क्र0–808/24 2. आवेदक–महेन्द्र साव, पिता–स्व0 विश्वेश्वर साव 3. ग्राम–पबरा, पोस्ट–पबरा, थाना–कटकमसांडी, प्रखण्ड–कटकमसांडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर का पंजा टेढ़ा (विकलांग)।	कंडिका–2(ix)
964	1. आवेदन क्र0–809/24 2. आवेदक–कमला देवी, पति–स्व0 राजेश नारायण शर्मा 3. ग्राम–पेलावल, पोस्ट–पेलावल, थाना–कटकमसांडी, प्रखण्ड–कटकमसांडी 4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया गाल के नीचे तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
965	1. आवेदन क्र0–810/24 2. आवेदक–महरू महतो, पिता–स्व0 नमधारी महतो 3. ग्राम–पबरा, पोस्ट–पबरा, थाना–कटकमसांडी, प्रखण्ड–कटकमसांडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में जला का निशान।	कंडिका–2(ix)
966	1. आवेदन क्र0–811/24 2. आवेदक–मो0 नसरूद्दीन, पिता–स्व0 मो0 जलीमउद्दीन 3. ग्राम–पेलावल, पोस्ट–पेलावल, थाना–कटकमसांडी, प्रखण्ड–कटकमसांडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ में कटा का निशान।	कंडिका–2(ix)
967	1. आवेदन क्र0–812/24 2. आवेदक–वजीर लाल दास, पिता–स्व0 रेवा राम दास 3. ग्राम–पबरा, पोस्ट–पबरा, थाना–कटकमसांडी, प्रखण्ड–कटकमसांडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर का दो अँगूली कटा हुआ है।	कंडिका–2(ix)
968	1. आवेदन क्र0–813/24 2. आवेदक–अब्दुल समद, पिता–स्व0 अब्दुल सत्तार 3. ग्राम–पेलावल, पोस्ट–पेलावल, थाना–कटकमसांडी, प्रखण्ड–कटकमसांडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया पैर में जख्म का निशान।	कंडिका–2(ix)
969	1. आवेदन क्र0–814/24 2. आवेदक–नाईमुल हक शाही, पिता–स्व0 रैयासत अंसारी 3. ग्राम–पेलावल, पोस्ट–पेलावल, थाना–कटकमसांडी, प्रखण्ड–कटकमसांडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया हाथ के गट्ठा में गिलटी का निशान।	कंडिका–2(ix)
970	1. आवेदन क्र0–815/24 2. आवेदक–छोटन शर्मा, पिता–स्व0 मथुरा ठाकुर 3. ग्राम–पबरा, पोस्ट–पबरा, थाना–कटकमसांडी, प्रखण्ड–कटकमसांडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया गर्दन के पास तिल का निशान।	कंडिका–2(ix)
971	1. आवेदन क्र0–816/24 2. आवेदक–कैलाश मेहता, पिता–नागेश्वर मेहता 3. ग्राम–पबरा, पोस्ट–पबरा, थाना–कटकमसांडी, प्रखण्ड–कटकमसांडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कटा का निशान।	कंडिका–2(ix)
972	1. आवेदन क्र0–818/24 2. आवेदक–उमेश राणा, पिता–स्व0 फुलचंद राणा 3. ग्राम–केरेडारी, पोस्ट–केरेडारी, थाना–केरेडारी, प्रखण्ड–केरेडारी 4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल के बीच कट मार्क।	कंडिका–2(ix)
973	1. आवेदन क्र0–819/24 2. आवेदक–नीलम कुमारी, पति–चन्द्रनाथ भाई पटेल 3. ग्राम–चानो, पोस्ट–उच्चाधाना, थाना–विष्णुगढ़, प्रखण्ड–विष्णुगढ़ 4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें अँगूठा में तिल।	कंडिका–2(ix)
974	1. आवेदन क्र0–820/24 2. आवेदक–उमेश प्रताप, पिता–स्व0 भैरव लाल कंधरदार 3. ग्राम–कुटुम सुकरी, पोस्ट–इचाक, थाना–इचाक, प्रखण्ड–इचाक 4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल।	कंडिका–2(ix)
	विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल, सुखदेव प्रसाद यादव, बड़ी सिंह, धनेश्वर महतो एवं राना सिंह द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर।	
975	1. आवेदन क्र0–1264/24 2. आवेदक–सहदेव महतो, पिता–पुरन महतो 3. ग्राम–सेनेगढ़ा, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–आँख में ऑपरेशन का दाग।	कंडिका–2(ix)
976	1. आवेदन क्र0–1265/24 2. आवेदक–नुनू महतो, पिता–जयलाल महतो 3. ग्राम–सेनेगढ़ा, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में कटा का दाग।	कंडिका–2(ix)
977	1. आवेदन क्र0–1266/24 2. आवेदक–देवकी महतो, पिता–मुटर महतो 3. ग्राम–सेनेगढ़ा, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
978	1. आवेदन क्र0–1267/24 2. आवेदक–रामदेव महतो, पिता–स्व0 झलू महतो 3. ग्राम–सेनेगढ़ा, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांह में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
979	1. आवेदन क्र0–1268/24 2. आवेदक–पेमलाल महतो, पिता–महावीर महतो 3. ग्राम–सेनेगढ़ा, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांह में दाग।	कंडिका–2(ix)
980	1. आवेदन क्र0–1269/24 2. आवेदक–सुकर महतो, पिता–स्व0 झरी महतो 3. ग्राम–सेनेगढ़ा, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में तिल का दाग।	कंडिका–2(ix)
981	1. आवेदन क्र0–1270/24 2. आवेदक–कुन्ती देवी, पति–बलदेव महतो 3. ग्राम–सेनेगढ़ा, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी 4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक में मस्सा।	कंडिका–2(ix)
982	1. आवेदन क्र0–1271/24 2. आवेदक–चन्द्र देव महतो, पिता–पुरन महतो 3. ग्राम–सेनेगढ़ा, पोस्ट–रबोध, थाना–गिद्दी, प्रखण्ड–डाडी 4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में कटा दाग।	कंडिका–2(ix)

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य	(नरसिंह मुर्मू) सदस्य	(दुर्गा उरांव) अध्यक्ष

PR 319450 Home(23-24)D

खबर एक नजर में

राजभवन में आप्त सचिव के दो पद सृजित

रांची। राजभवन झारखंड में दो नए पद सृजित किए गये हैं। वहीं, पूर्व के सृजित पदों को सरेंडर किया गया है। पूर्व में सिर्फ राज्यपाल के आप्त सचिव के दो पद सृजित थे, जिसे अब बदल दिया गया है। अब राज्यपाल के वरीय आप्त सचिव के एक पद जिनका वेतनमान पीबी 4- 37400-67000, ग्रेड पे- 8700 सातवें वेतनमान के अनुरूप वहीं, एक पद आप्त सचिव का भी होगा। जिनका वेतनमान 15600-39100 ग्रेड पे-6600 रुपए सातवें वेतनमान के अनुरूप दिया जायेगा।

आरटीए सचिव को डीडी सांख्यिकी और आरडीओ को डीडी कल्याण का अतिक्ति प्रभार

रांची। आरटीए सचिव श्याम नारायण राम को उप निदेशक, सांख्यिकी दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं, क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी गौतम कुमार भगत को उप निदेशक कल्याण दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची तथा उप निदेशक राजभाषा दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बताते चलें कि दोनों पद डीडी कल्याण के स्थानांतरण के बाद रिक्त हो गये थे। कमिशनर के निर्देश पर इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है।

एमपीडब्ल्यू कल करेंगे झारखंड मंत्रालय का घेराव

रांची। स्वास्थ्य विभाग के सभी एमपीडब्ल्यू कर्मचारी आगामी बुधवार को रांची के डोरंडा स्थित झारखंड मंत्रालय का घेराव करेंगे। इसमें राज्य के सभी जिलों से कर्मचारी शामिल होंगे। इससे राज्य में चल रहे राष्ट्रीय एमडीए/आईडीए फायलेरिया कार्यक्रम के प्रभावित होने की आशंका है। झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ और झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के बैनर तले कर्मी मंत्रालय का घेराव करेंगे। चरणबद्ध आंदोलन के आठवें दिन 19 फरवरी, 2024 को राज्य भर के सभी जिलों के एमपीडब्ल्यू कर्मी स्थाई समायोजन की मांग को लेकर 1 दिवसीय भूख हड़ताल पर रहकर कार्य करते हुए विरोध दर्ज कराया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार और महासचिव मंगल हेम्ब्रम ने कहा कि विगत 8 दिनों से कर्मी आंदोलन पर हैं। बिना काम बाधित किए विरोध दर्ज करा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार द्वारा संज्ञान नहीं लेने से कर्मियों में काफी रोष है। सभी कर्मी सहित राज्य संघ, मजसंघ के पदधारियों ने कहा कि 21 फरवरी, 2024 से पहले स्वास्थ्य विभाग या राज्य सरकार मांगों पर संज्ञान नहीं लेती है तो 21 फरवरी को झारखंड मंत्रालय का घेराव किया जायेगा। इसकी जानकारी राज्य सरकार सहित स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों को दी जा चुकी है।

कमला सिंह की आय से अधिक संपत्ति की जांच नहीं करेगी एसीबी, लगी सुप्रीम रोक

रांची। सुप्रीम कोर्ट ने लातेहार के तत्कालीन जिला शिक्षा अधीक्षक कमला सिंह की एसएलपी पर सुनवाई करते हुए वर्ष 2023 में झारखंड हाई कोर्ट द्वारा उनके रिट में पारित आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार, एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को नोटिस जारी किया है। कमला सिंह पर लातेहार के जिला शिक्षा अधीक्षक रहते हुए वर्ष 1995 से 2005 के बीच आर्थिक गड़बड़ी की शिकायत वर्ष 2013 में लोकायुक्त के समक्ष की गयी थी। वर्ष 2017 में लोकायुक्त ने इस शिकायत पर आदेश पारित करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो को कमला सिंह की संपत्ति की जांच करने का आदेश दिया था। जिसे लेकर कमला सिंह की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गई थी। 19 सितंबर 2023 को हाईकोर्ट ने कमला सिंह के रिट पिटीशन को निरस्त कर दिया था। कमला सिंह की ओर से हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मनोज टंडन ने पक्ष रखते हुए कहा लोकायुक्त अधिनियम 2001 के सेक्शन आठ के तहत किसी सरकारी सेवक पर आरोप लगने के 5 साल के भीतर जांच करने का आदेश दिया जा सकता है लेकिन यह मामला 2005 का है और और वर्ष 2013 में इसकी शिकायत रवि कुमार डे द्वारा लोकायुक्त से की थी। जिसके तहत 2017 में लोकायुक्त ने इनकी संपत्ति का जांच का आदेश दिया था, जो गलत है।

सरकार की विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता : डॉ रामेश्वर उरांव

काम काज संभालने के बाद खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

रांची। वित्त, वाणिज्यकर, योजना विकास एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने सोमवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय में कामकाज संभाल लिया। मंत्रालय में अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने वित्त, खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार की विकास योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा कराना उनका लक्ष्य है। इस वित्तीय वर्ष की बजट की राशि समय पर खर्च की जाये इसके लिए जल्द ही सारे विभागों के साथ वे बैठक भी करेंगे। सभी को राशन उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता सूची में शामिल है। वित्त मंत्री ने अगामी बजट सत्र की तैयारी की भी समीक्षा की।

बसंत सोरेन को मिलेगा चंपाई सोरेन वाला कक्ष : राज्य के नवनियुक्त मंत्री बसंत सोरेन को हेमंत सोरेन की सरकार में मंत्री रहे चंपाई सोरेन को आवंटित कक्ष दिया जायेगा। बसंत सोरेन राज्य के भवन निर्माण मंत्री, पथ निर्माण मंत्री व जलसंसाधन विभाग के भी मंत्री है। भवन निर्माण विभाग प्रोजेक्ट भवन सचिवालय स्थित ग्राउंड स्थित कमरा नंबर आठ की नये सिरे से साज-सज्जा करा रहा है। जल्द ही बसंत सोरेन इसी कार्यालय में अपना योगदान देकर कामकाज संभालेंगे।

राज्य में शैक्षणिक कुव्यवस्था के खिलाफ अभाविप का राजभवन के पास धरना, कहा

18 घंटे सीएम नहीं रहे तो मचा बवाल, पर विवि में 264 दिनों से कुलपति नहीं होने का किसी को नहीं है मलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की ओर से सोमवार को राजभवन के समक्ष राज्य में व्याप्त शैक्षणिक कुव्यवस्था की शिकायतों को लेकर एक दिवसीय छात्र हुंकार धरना का आयोजन किया गया। इसमें सभी चौबीसों जिले से आए हजारों स्टूडेंट्स भी शामिल हुए। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि आंदोलन छात्रों के रोजगार, उनके बेहतर भविष्य के लिए है, ताकि आने वाली पीढ़ी हमसे यह सवाल न करे कि जब झारखण्ड में लूट मची थी, तो हम कहां थे? जिस प्रदेश में 18 घंटे तक सीएम नहीं रहता है, वहां हाहाकार मच जाता है। इसी तरह अभी 264 दिनों से झारखण्ड के विभिन्न विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपति, स्थायी कुलसचिव नहीं हैं। बहुत से डिग्री कॉलेजों में स्थाई प्राचार्य नहीं हैं। एक प्राचार्य को कई महाविद्यालय का जिम्मा दे दिया जाता है। ऐसे में स्टूडेंट्स, युवा बेरोजगारी के कारण इधर-उधर भटक रहे हैं लेकिन इसका मलाल किसी को नहीं है। झारखंड सरकार ने वादे तो बहुत किए थे लेकिन वादे को पूरा करने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की है। सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में भ्रष्टाचार है। छात्रों का भविष्य अधर में लटकाने का भी प्रयास झारखंड में किया जा रहा है।

राजभवन जारी करे श्वेत पत्र

याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि पूरे झारखंड में शिक्षण व्यवस्था बदहाली की कगार पर है। राजभवन एवं साथ ही राज्य सरकार भी यह बताए कि ऐसी क्या मजबूरी है कि कुलपति नियुक्तियों को बीच में ही रोक दिया गया। राजभवन को इसे लेकर एक श्वेत पत्र जारी करके स्पष्टीकरण देना चाहिए। कुलपतियों की नियुक्ति की विज्ञापन निकलने के बाद भी 9 महीने से अभी तक कुलपतियों की नियुक्ति नहीं होने के कारण विश्वविद्यालय हाशिए पर चला गया है। कुलपतियों की नियुक्तियां की विज्ञापन को निरस्त करना स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास को प्रभावित करने का प्रयास है। 2007 के बाद किसी भी प्रकार की स्थाई नियुक्ति प्राध्यापकों की नहीं हुई है। सभी महाविद्यालयों में 90 प्रतिशत अस्थाई प्रभारी प्राचार्य के सहारे इसे चलाया जा रहा है। रांची विश्वविद्यालय में 1032 पोस्ट अध्यापकों के पद स्वीकृत हैं पर अभी तक 686 पोस्ट रिक्त हैं। रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत 18 अंगीभूत महाविद्यालय हैं जिसमें तीन स्थाई प्राचार्य ही मौजूद हैं। छात्र संघ चुनाव न कराना, सीनेट, सिंडिकेट को बहाल न करना यहां के सत्ताधारी लोगों की नियत पर सवालिया निशान खड़ा करता है।

21 व 22 फरवरी को मौसम में बदलाव के संकेत, उत्तरी हिस्से में बारिश की संभावना

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मौसम विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी है कि राज्य के मौसम में एक बार फिर से बदलाव देखा जायेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य में 21 से 23 फरवरी तक बारिश की संभावना है। बारिश राज्य के उत्तर पूर्वी और दक्षिणी भागों में होने की संभावना है। इसके पहले आज 20 फरवरी से राज्य भर में बादल छाये रहने के आसार है। कुछ हिस्सों में इस दौरान 19 फरवरी से ही आंशिक बादल छाये हुए हैं। इसमें रांची, रामगढ़, खूंटी, गुमला जिला शामिल है।

विज्ञान केंद्र की मानें तो 21 और 22 फरवरी को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से बारिश की संभावना है। इसमें देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज जिला शामिल है। वहीं 23 फरवरी को राज्य के दक्षिणी पूर्वी भागों में बारिश की संभावना है। इसें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिहंभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, खूंटी समेत अन्य जिलों में बारिश की संभावना है।

केंद्र की मानें तो आने वाले तीन चार दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी। वृद्धि चार डिग्री तक की होगी। राजधानी रांची की बात करें तो राजधानी में आने वाले कुछ दिनों के दौरान मौसम में विशेष बदलाव नहीं देखा जायेगा। यहां 21 और 22 फरवरी को आंशिक बादल छाये रहेंगे। जबकि 23 फरवरी से आसमान साफ रहेगा। तापमान की बात करें तो 24 फरवरी तक राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान 16 डिग्री और औसतन अधिकतम तापमान 31 डिग्री तक रहने की संभावना है।

अपमानित करने के इरादे के बिना विवाद या हमला एससी-एसटी एक्ट अपराध की श्रेणी में नहीं : हाईकोर्ट

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने यह माना है कि जब तक किसी मामले में अनुसूचित जाति व जनजाति के व्यक्ति पर अपमानित करने के इरादे से विवाद या हमला नहीं किया गया हो, तब तक उस अपराध को एससी-एसटी एक्ट के दायरे में नहीं माना जाएगा। दरअसल दुमका सिविल कोर्ट ने बैजनाथ सिंह और नावेद सिंह को एससी-एसटी केस में दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। दोषियों की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि एससी/एसटी अधिनियम के तहत अपराध स्थापित करने के लिए एससी या एसटी के सदस्य को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने के उद्देश्य से जानबूझकर अपमान या धमकी प्रदर्शित करना आवश्यक है।

रिम्स में सर्वर डाउन नहीं कटी पर्ची, बिना इलाज लौटे मरीज

रांची। झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल में कुव्यवस्था की खबरें अकसर आती रहती है। इसकी एक बानगी सोमवार को भी रिम्स के पर्ची काउंटर पर देखने को मिली। सोमवार को पूरे दिन रिम्स का सर्वर डाउन रहा। इस कारण दिनभर मरीजों को परेशानी हुई। घंटों लंबी कतारों में इंतजार के बाद भी मरीज और उनके परिजन पर्ची नहीं कटा पाए और बिना इलाज कराए ही वापस चले गए। जानकारी के अनुसार, रिम्स का सर्वर दिल्ली से ऑपरेट होता है। जब तक सर्वर की समस्या ठीक नहीं हो जाती है, तब तक मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी झेलनी पड़ेगी।

अमन साहू गिरोह से जुड़ा शंकर यादव तीन दिन की रिमांड पर, एनआइए ने पूछताछ

उसके ठिकाने से एक करोड़ 30 लाख हुआ था बरामद

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अपराधी अमन साहू गिरोह से जुड़े शंकर यादव को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने तीन दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की है। उससे यह पूछताछ लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र में सीसीएल के तेतरियाखाड़ कोलियरी में साल 2020 में हुई आगजनी और गोलीबारी मामले में हुई। एनआईए ने जांच के क्रम में एनआईए ने नौ फरवरी को बिहार के भागलपुर से गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गे शंकर यादव को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने उसके ठिकाने से एक करोड़ 30 लाख बरामद किया था, जो अमन साहू के लेवी-रंगदारी से वसूली के थे। अमन साहू जेल में बंद है।

अमन के रुपयों को रियल इस्टेट में लगाता था शंकर

एनआईए ने छानबीन में पाया है कि भागलपुर का शंकर यादव अपराधी अमन साहू का खास गुर्गा है। वह अमन साहू के लेवी-रंगदारी के रुपयों को रियल इस्टेट के व्यवसाय में निवेश करता था। इधर, लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र में सीसीएल के तेतरियाखाड़ कोलियरी में 18 दिसंबर 2020 को आगजनी व गोलीबारी की घटना हुई थी। अपराधियों ने चार ट्रक व एक बाइक को आग के हवाले कर दिया था। इस घटना में चार आम नागरिक जख्मी हुए थे। इस घटना में शामिल अपराधी सुजीत सिन्हा व अमन साहू गिरोह के थे। तेतरियाखाड़ की इस घटना में दर्ज केस को टेकओवर करते हुए एनआईए ने अपने यहां चार मार्च 2021 को केस दर्ज किया था।

रविशंकर मिश्रा गोलीकांड में शामिल अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के संस्कृत कॉलेज के पास बीते 11 फरवरी की रात अपराधियों ने रविशंकर मिश्रा नाम के युवक को गोली मारी थी। रांची पुलिस ने इस गोलीकांड में शामिल अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है। घटना के पीछे आपसी विवाद का मामला सामने आया।

देर रात घर लौटने के दौरान अपराधियों ने मारी गोली : दरअसल 11 फरवरी की रात रवि मिश्रा किसी से मिलकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चूना भट्टा स्थित संस्कृत विद्यालय वाली गली में अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी और मौके से फरार हो गये। युवक को किडनी के ऊपर गोली लगी थी। गोली की आवाज सुन आसपास के लोग जमा हो गये और मामले की जानकारी सुखदेव नगर पुलिस को दी। सूचना पाकर सुखदेव नगर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तुरंत घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने ऑपरेशन कर गोली निकाल दी है।

खबर एक नजर में

राज्य विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना पहली प्राथमिकता : दीपक बिरूआ

परिवहन और एसटी-एससी एवं ओबीसी मंत्री ने संभाला कार्यभार

रांची। राज्य के परिवहन और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरूआ ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान मंत्रालय में अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक भी की। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की विकास योजनाओं को धरातल पर उतारन उनकी पहली प्राथमिकता है। मुख्य ग्राम गाड़ी योजना से ग्रामीण क्षेत्रों से जोड़कर लोगों को सुलभ परिवहन उपलब्ध करना भी सरकार का मुख्य लक्ष्य है।

थर्ड जेंडरों के लिए जागरूकता कार्यशाला

रांची। जिला परिषद सभागार में सोमवार को समाज कल्याण विभाग रांची की ओर से थर्ड जेंडरों के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें समाज कल्याण पदाधिकारी, जिप अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुखिया आदि उपस्थित थे। इस कार्यशाला में दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन की अध्यक्ष कुमुज झा ने बताया कि ट्रांसजेंडरों का कल्याण करना है तो नेशनल ट्रांसजेंडर कमिटी की तरह राज्य और जिला बोर्ड या नयी कमिटी बनाना एवं मेडिकल बोर्ड बहुत जरूरी है। इस कार्यक्रम में ट्रांस डेंजर जन्नत, कनिका, माही, मायरा आदि ने भी अपनी बातें रखी।

वैश्य मोर्चा का चेतावनी महाधरना 29 फरवरी को

रांची। वैश्य मोर्चा झारखंड विधानसभा के समक्ष चेतावनी महाधरना 29 फरवरी को आयोजित करने का निर्णय लिया है। गया था। इस चेतावनी महाधरना कार्यक्रम की तैयारी के लिए पांच सदस्यीय तैयारी एवं व्यवस्था समिति का गठन किया गया है। जो इस प्रकार है, हीरानाथ साहु (कार्यकारी अध्यक्ष), संजीव चौधरी (वरीय उपाध्यक्ष), उपेन्द्र प्रसाद (उप प्रधान महासचिव), गुड्डू साहा (केंद्रीय सचिव) एवं रोहित कुमार साहु को कार्यक्रम को सफल बनाने कि जिम्मेदारी दी गई है। यह जानकारी वैश्य मोर्चा के अध्यक्ष महेश्व साहु ने दी है।

सुखदेव नगर थानेदार के कारण पुलिस विभाग की छवि शर्मसार हुई : धर्मेंद्र तिवारी

रांची। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि सुखदेव नगर थाना प्रभारी द्वारा महिला अधिवक्ता को प्रताड़ित करने का जो महिला द्वारा आरोप लगा है, यह निंदनीय है। और अपराध भी। इससे पुलिस विभाग की छवि शर्मसार हुई है। प्रशासन से भरोसा उठेगा। दूसरी तरफ कानून की बात करने वाले प्रशासन के लोग, कानून पर बहस करने वाले अधिवक्ता के साथ इस तरह का कार्य करेंगे तो आम जनता का क्या हाल होगा? भारतीय जनतंत्र मोर्चा सरकार और प्रशासन से मांग करता है कि अभिलंब इस केस से पर्दा उठाया जाये और दोषी को दंडित किया जाए। केवल लाइन हाजिर से नहीं चलेगा। प्रशासन को महिला की चिकित्सा व्यवस्था सही तरीके से करनी चाहिए। ताकि उनकी जान न जाए। इसकी जांच सीबीआई से करानी चाहिए।

शिवाजी महाराज की जयंती पर किया नमन

शिवाजी महाराज स्वाभिमान, साहस व वीरता के प्रतिमूर्ति : सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर बूटी मोड़ स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर उन्होंने शिवाजी महाराज को याद करते हुए कहा कि शिवाजी महाराज स्वाभिमान, साहस, वीरता और शौर्य की प्रतिमूर्ति है। उनके कुशल नेतृत्व को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। भले ही अब वो समय न हो लेकिन जीवन हमें अपने अपने क्षेत्र में शिवाजी बनने का मौका अवश्य देती है। शिवाजी एक अचनरण, एक परिचय, एक चरित्र है। इस चरित्र को युवाओं को अपने क्षेत्र में अपनाने की जरूरत है। उनका अपनी माटी और अपने लोगों के प्रति प्रेम तथा उनके प्रति समर्पण हमारे लिए प्रेरणा एवं ऊर्जा का स्रोत है। मौके पर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, उमाकांत रजक, रोशनलाल चौधरी, बंटी यादव, सुनील यादव, अभिषेक शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

ऑनलाइन मूवी रेटिंग का झांसा देकर जालसाजों ने ठगे ₹28.94 लाख

रांची। ऑनलाइन मूवी रेटिंग का झांसा देकर लगभग 29 लाख ठगने वाले दो अपराधियों को सीआईडी की रांची साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में उड़ीसा के बालासोर जिले के सुरेंद्र दास ओर राज किशोर नंदा का नाम शामिल है। आरोपी की निशानदेही पर दो गतिमान, चार सिम, एक आधार कार्ड ओर दो एटीएम कार्ड पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार अपराध अनुसंधान विभाग के रांची साईबर क्राईम थाना में 14 जनवरी 2023 को प्राथिमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें पीड़ित ने बताया कि आरोपी टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया। जिसमें एक लिंक पर लॉग इन कर मूवीज रेटिंग करने का पार्ट टाईम जॉब ऑफर किया। इसके बाद उन्हें टेलीग्राम प्रोफाईल में जोड़कर मूवीज रेटिंग करने का दबाव बनाया जाने लगा। टेलीग्राम प्रोफाईल से दिए गए टास्क को पूरा करने पर शुरू में उनके खाते में कुछ रुपए क्रेडिट हुए इसके बाद उन्हें प्राप्त रुपयों को आईसीआईसीआई बैंक द्वारा निवेश करने पर बोनस प्राप्त होने का लालच देकर विभिन्न अकाउंट में डिपोजिट कराया गया।

बजरंग दल नेता विक्की और विनीत गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची के नगड़ी में पांच मंदिर में चोरी मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी में बजरंग दल के नेता भी शामिल हैं। पुलिस ने बजरंग दल के नेता विक्की और विनीत को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सौहार्द्र बिगाड़ने के लिए मामा ने भांजे से पांच मंदिरों से चोरी करायी थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ा और साक्ष्य के आधार पर जेल भेज दिया।

केंद्र सरकार ने हेमंत सोरेन के विकास कार्य को बाधित करने की कोशिश की: भूषण तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन सरकार को साजिश के तहत फंसाने और जेल भेजने के खिलाफ झामुमो का अनशन 5वें दिन जारी रहा। रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष उपवास कार्यक्रम झामुमो गुमला जिलाध्यक्ष सह गुमला विधायक भूषण तिर्की की अध्यक्षता में हुआ। मौके पर भूषण तिर्की ने कहा, जिस प्रकार राज्य में हमारे हेमंत सोरेन विकास कार्य कर रहे थे, इससे पहले किसी नेता ने झारखंडी हितों को देखते हुए इस तरह के विकास कार्यों को रफ्तार नहीं दी थी और इसी कारण केंद्र की मोदी सरकार ने झूठे केस में उन्हें फंसा कर राज्य के विकास को बाधित किया है। हम मजबूती से उनके समर्थन में डटे रहेंगे, गांव-गांव पंचायत स्तर पर भी न्याय यात्रा के माध्यम से सभी कार्यकर्ता उनके समर्थन में निकल रहे हैं। रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि पूरे राज्य में हेमंत सोरेन पर हो रहे अन्याय के खिलाफ पंचायत स्तर पर न्याय यात्रा निकाले जा रहे हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, समनूर मंसूरी, सुशीला एक्का, पवन जेडिया, अमर टोप्पो, चिंतामणी सांगा, डॉ हेमलाल मेहता, कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, रामशरण तिर्की, अंतू तिर्की, अरुण वर्मा, आफताब आलम, लालजी रमण, सचिव आदिल इमाम, जिला प्रवक्ता अरविंद सिंह देवल, सुजित उपाध्याय, कैथरीना तिर्की, नयनतारा उरांव, उपाध्यक्ष सालो देवी, उषा उरांव, मंजू उरांव, अल्पसंख्यक मोर्चा रांची जिलाध्यक्ष फरीद खान, परवेज आलम, सुजित कुजुर, बिरसा उरांव, दिलीप पाहन, रफीक अंसारी, चरण उरांव, एजाज शाह, अजय वर्मा, सोनू मुंडा सहित कई उपस्थित थे।

नामकुम में किया पासपोर्ट सेवा केंद्र का शुभारंभ

किसी देश की आर्थिक प्रगति में पासपोर्ट कार्यालय की भूमिका अहम : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को नामकुम में पासपोर्ट सेवा केंद्र का नये परिसर में शुभारंभ करते हुए कहा कि किसी देश की आर्थिक प्रगति में पासपोर्ट कार्यालय की महती भूमिका है। अब हमारी आर्थिक गतिविधियां सिर्फ देश के अंदर तक सीमित नहीं रहकर वैश्विक हो गयी है। नित्य बदलते हुए परिवेश में युवाओं की भूमिका काफी बढ़ गयी है। वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं एवं प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं और इस दिशा में रांची स्थित यह क्षेत्रीय कार्यालय अहम भूमिका निभाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि इस पासपोर्ट कार्यालय के द्वारा पासपोर्ट बनाने के लिए मोबाइल वाहन के द्वारा सेवा प्रदान की जायेगी। लोगों को कठिनाई से निजात देने एवं उन्हें सुविधा प्रदान करने के दिशा में इस कार्यालय का यह पहल काफी प्रशंसनीय है। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि किस प्रकार कोयंबटूर में पासपोर्ट कार्यालय के नहीं होने से आसपास के क्षेत्रों यथा- तिरुपुर, इरोड इत्यादि स्थानों के लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। पासपोर्ट कार्यालय के खुलने के एक सप्ताह के अंदर लगभग 25 हजार आवेदन प्राप्त हुए। वहां पासपोर्ट कार्यालय खुलने से औद्योगिक गतिविधियां काफी तेज हुई और कोयंबटूर, तिरुपुर एवं इरोड इत्यादि स्थानों का कारोबार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बढ़ा। उन्होंने उम्मीद प्रकट करते हुए कहा कि इस पासपोर्ट कार्यालय के खुलने से झारखंड में औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी, शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और झारखण्ड में विकास की गति तेज होगी। उनके द्वारा इस अवसर पर सांकेतिक रूप से आवेदकों को पासपोर्ट भी उपलब्ध कराया।

अत्यंत गरीबी से बाहर आयीं राज्य की 625 महिलाओं को राज्यपाल ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के लातेहार और गुमला जिलों के छह प्रखंडों के 41 गांवों में 625 महिलाएं गरीबी रेखा से बाहर आयीं। द नज इंस्टीट्यूट की पहल से अत्यंत गरीब घरों की महिलाओं को सशक्त किया गया। विशेष रूप से वंचित जनजातीय समूहों की महिलाओं को प्राथमिकता दी गई। इन महिलाओं को सोमवार को रांची के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि किसी कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर क्रियान्वित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार के साथ साझेदारी करना महत्वपूर्ण कदम है कि कार्यक्रम का लाभ अंतिम लाभार्थी तक पहुंच सके। द नज/ इंस्टीट्यूट ने यह कार्य सफलतापूर्वक किया है। अभी राजस्थान, असम, त्रिपुरा, मेघालय, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, झारखंड और पंजाब में इस दिशा में प्रयासरत है। इन सभी राज्यों में इंस्टीट्यूट राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास मंत्रालय के डीएवाई-एनआरएलएम और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहा है। 2024 में द नज/इंस्टीट्यूट का लक्ष्य देश के दो लाख अत्यंत गरीब परिवारों के साथ काम करने का है।

आज सम्मानित की गई 625 दीदियों के इस समूह की आजीविका में वैश्विक मानकों के अनुरूप सुधार हुआ है। इनमें से 94 प्रतिशत से ज्यादा के परिवार अब पोषक, संतुलित एवं पर्याप्त आहार (तिरंगा भोजन) ग्रहण कर रहे हैं। दीदियां अब वित्तीय रूप से ज्यादा सुरक्षित हुई हैं। इस प्रोग्राम से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से इनमें से 95 प्रतिशत दीदियां 15000 रुपये सालाना की अतिरिक्त आय पा रही हैं। उनके प्रोडक्टिव एसेट्स में न्यूनतम 35 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। अपनी सहभागिता के माध्यम से करीब 96 प्रतिशत दीदियां अब स्वयं सहायता समूहों में साप्ताहिक आधार पर बचत कर रही हैं। प्रत्येक के पास बैंक खाता एवं कम लागत वाला बीमा है। इस प्रोग्राम से सरकारी योजनाओं को लेकर उनमें जागरूकता आई है। 97 प्रतिशत परिवारों की इस समय कम से कम दो सरकारी योजनाओं तक पहुंच है।

न्द नज/इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं सीईओ अतुल सतीजा ने कहा कि गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकलने वाली दीदियों को सम्मानित करने के इस अवसर पर मैं हमारे साझेदारों और झारखंड सरकार का आभार जताना चाहता हूं, जिन्होंने इस सफर में हमारा सहयोग किया। हम आगे भी अत्यंत गरीब परिवारों की और भी महिलाओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे अगले कुछ वर्षों में अत्यंत गरीबी को खत्म करने के भारत के लक्ष्य को पाने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर इप्सिता ठाकुर, सीनियर एसोसिएट डायरेक्टर, कॉर्पोरेट सिटिजनशिप, केपीएमजी और इंद्रप्रीत देवगन, एसोसिएट डायरेक्टर, कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी, केपीएमजी एवं अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित थे।

आज का राशिफल
20 फरवरी 2024

विक्रम संवत 2080, शक संवत 1945। ऋतु : शिशिर। सूर्य उत्तरायण। मास : माघ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : एकादशी 09:56 बजे समाप्त। नक्षत्र : आर्द्रा 12:13 बजे समाप्त। योग : प्रीति 11:46 बजे समाप्त। करण : विष्टि 09:56 बजे तक, तदनंतर बव 22:39 बजे समाप्त। सूर्य : कुंभ राशि में। चंद्रमा : मिथुन राशि में दिन-रात। दिशाशूल : उत्तर।

मेष : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

वृष : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

मिथुन : चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

कर्क : थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा।

सिंह : पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा।

कन्या : प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

वृश्चिक : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना।

धनु : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

मकर : रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

कुंभ : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है।

मीन : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

जेनिस और प्रवीण बने बेस्ट एथलीट
संत जेवियर्स कॉलेज में एनुअल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। संत जेवियर्स कॉलेज के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेएससीए के पूर्व उपाध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव थे।

इस खेल प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के दौड़, गोल फेंक, साइकिलिंग जैसे खेलों का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग में स्नातकोत्तर इतिहास विभाग प्रथम वर्ष के प्रवीण कुमार और महिला वर्ग में स्नातक भूविज्ञान विभाग की जेनिस टोप्पो को बेस्ट एथलीट चुना गया।

इस दौरान कॉलेज के रेक्टर डॉ फादर अलेक्स एक्का, प्राचार्य डॉ फादर नबोर लकड़ा, उप- प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, उप-प्राचार्य (इवनिंग) डॉ फादर अजय मिंज, परीक्षा नियंत्रक बीके सिन्हा, डॉ फादर फ्लोरेंस पुर्ती, डॉ फादर केनेडी सोरेंग, फादर रवि कुजूर, स्पोर्ट्स इंचार्ज राम मुर्मू व विभिन्न संकाय के प्राध्यापकगण उपस्थित थे। यह जानकारी स्पोर्ट्स इंचार्ज राम मुर्मू ने दी।

मदरसा शिक्षकों की मांग जायज सीएम करेंगे निदान : शमशेर आलम

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मदरसा शिक्षक महासंघ झारखंड के द्वारा अधिकार सम्मेलन का आयोजन अंजुमन प्लाजा सभागार में सोमवार को आयोजित किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि मदरसा शिक्षक की जितनी भी समस्याएं हैं ,उसको लेकर मैं अपने विभाग के स्तर पर शिक्षा सचिव, मुख्यमंत्री से बात कर मदरसा की सारी समस्याओं को दूर करने का काम करेंगे। आप सब की मांग जायज है। मैं मुख्यमंत्री के पास आपकी मांग को रखूगां,आपका जो हक और अधिकार है उसे हम दिला कर रहेंगे।

इस मौके पर महासंघ झारखंड के अध्यक्ष मौलाना मुस्तफा कासमी, अंजुमन इस्लामिया के सदर मुख्तार अहमद ने भी अपने विचार रखें। मौके पर मौलाना सिराज, मौलाना मंसूर ,कारी शाहिद जमाल , हाफिज साजिद,मोहम्मद असादुल्लाह , मौलाना मुश्ताक , जुल्फिकार कादिर ,फजरुल कादिर, अब्दुल वहाब , मौलाना समीम, तय्यब अली ,मौलाना शमसुद्दीन, कारी वसीम ,कारी कमरूजमा समेत, रांची, पलामू, गिरिडीह, धनबाद, हजारीबाग, पाकुड़, बोकारो, साहेबगंज, गढ़वा, लोहरदगा, लातेहार, चतरा आदि जिला के गणमान्य शिक्षक उपस्थित थे।

छत्रपति शिवाजी महाराज की 394वीं जयंती सोमवार को मनायी गयी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। भारत रक्षा मंच के प्रदेश संयोजक श्याम किशोर सिंह, रतन शर्मा, सुप्रिया सिंह और अन्य लोगों ने शिवाजी पार्क में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

स्त्री सत्संग सभा की 40 महिला श्रद्धालुओं का जत्था पहुंचा गुरुद्वारा सचखंड

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। स्त्री सत्संग सभा,कृष्णा नगर कॉलोनी की 40 महिला श्रद्धालुओं के जत्थे ने महाराष्ट्र के गुरुद्वारा सचखंड श्री नांदेड़ साहिब समेत अन्य गुरुद्वारों के दर्शन सोमवार को किया। इस क्रम में जत्थे ने सचखंड गुरुद्वारा श्री हजूर साहिब, बंदी घाट,शिकार घाट साहिब, गुरुद्वारा माता साहिब, मालटेरकरी साहिब, संगत साहिब, गुरुद्वारा श्री दमदमा साहिब, गुरुद्वारा श्री नानकसर साहिब, गुरुद्वारा श्री नानकपुरी साहिब, गुरुद्वारा श्री रतनगढ़ साहिब, गुरुद्वारा श्री लंगर साहिब,गुरुद्वारा श्री हीरा घाट, गुरुद्वारा श्री नगीना घाट, गुरुद्वारा श्री दमदमा साहिब के दर्शन किए साथ ही नांदेड़ से दूर कर्नाटक स्थित गुरुद्वारा श्री नानक झीरा साहिब बिदर कर्नाटक तथा माता भागो कौर तपस्थान के दर्शन भी किए। स्त्री सत्संग सभा,कृष्णा नगर कॉलोनी की 40 महिला श्रद्धालुओं का जत्था 14 फरवरी को हटिया स्टेशन से दोपहर 3.45 बजे तपस्विनी एक्सप्रेस से राउरकेला के लिए रवाना हुआ था जहां से वे खड़गपुर,कलकत्ता तथा टाटा से आए 150 श्रद्धालुओं के साथ सम्मिलित होकर रात नौ बजे संतरागाछी एक्सप्रेस से प्रस्थान कर 15 की रात नौ बजे नांदेड़ पहुंचे. जत्थे का नेतृत्व मनजीत कौर,हरजिंदर कौर,मनोहरी काठपाल एवं बलबीर मिढ़ा ने किया। जत्था 20 फरवरी की रात रांची वापस पहुंचेगा। स्त्री सत्संग सभा के जत्थे में मनजीत कौर, हरजिंदर कौर, मनोहरी काठपाल, बलबीर मिढ़ा, सुषमा गिरधर, अंजू पपनेजा, किरण गेरा, ज्योति मिढ़ा, नीतू किंगर, संगीता अरोड़ा, जसवीर कौर मुंजाल, आशा खत्री, कौशल्या खत्री, किरण मुंजाल, बिमला खत्री, प्रेमी काठपाल, ममता थरेजा, किरण मल्होत्रा, गीता मिढ़ा, बबली शर्मा, बबली असीजा, पप्पी अरोड़ा, आशा अरोड़ा, राज काठपाल, कमलेश मुंजाल, राज कौर मिढ़ा, दुर्गी देवी मिढ़ा, पम्मी डावरा तथा हरनाम थरेजा समेत अन्य शामिल है। यह जानकारी सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी।

बालाजी मंदिर में आज एकादशी अनुष्ठान

रांची। जया एकादशी व्रत का मान सबके लिये 20 फरवरी मंगलवार को है। इस दिन तिरुपति बालाजी मंदिर में विशेष अनुष्ठान होंगे। प्रातः भगवान जगदाधिपति श्रीमन्नारायण का विश्वरूप दर्शन होगा। फिर नित्याराधन, भोग, महा आरती, स्तुति आदि के बाद श्रद्धालु भक्तों के दर्शन के लिये मंदिर के बाहरी कपाट को खोल दिया जायेगा। प्रातः 7 बजे से 12तक तथा सायं 4 बजे से 7 तक श्रद्धालु पूजा-अर्चना करा सकेंगे।

हमसफर एक्सप्रेस का परिचालन दो दिन रहेगा रद्द

21 और 22 फरवरी को नहीं चलेगी रेलवे ने जारी किया आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से ट्रेन संख्या 20828 हमसफर एक्सप्रेस का परिचालन रद्द किया गया है। इस संबध में दक्षिण पूर्व रेलवे की आरे से जानकारी दी गयी है। जिसमें बताया गया है कि बिलासपुर सेक्शन के घुंघुति सेक्शन के अनूपपुर व न्यू कटनी स्टेशन के बीच थर्ड लाइन का काम होना है। ऐसे में सांतरागाछी से चलकर टाटानगर होते हुए जबलपुर को जाने वाली 20828 हमसफर एक्सप्रेस 21 फरवरी को रद्द रहेगी। जबकि डाउन ट्रेन 22 फरवरी को रद्द रहेगी।

नागपुर डिवीजन के गुड़मा व आमगांव स्टेशन के बीच थर्ड लाइन का काम सहित अप व डाउन लाइन में गार्डर का काम होना है। ऐसे में रेलवे प्रशासन इसके लिए पावर ब्लॉक ले रही है। ऐसे में टाटा से चलकर इतवारी को जाने वाली ट्रेन संख्या 18109 इतवारी एक्सप्रेस पांच मार्च को जबकि डाउन ट्रेन सात मार्च को रद्द रहेगी।

ट्रेनों में लगेगा अतिरिक्त कोच : ट्रेनों में बढ़ी भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने 10 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाने की घोषणा की है। इसमें टाटानगर से होकर चलने वाली ट्रेनों में 18183 टाटा आरा एक्सप्रेस में 17 व 19 फरवरी को, 12222 हावड़ा पुणे दुरंतो एक्सप्रेस में 17 व 20 फरवरी को जबकि 12262 हावड़ा सीएसटीएम में 19 फरवरी को अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

डॉ ख्याति मुंजल टेफी इवेंट में जज नियुक्त

रांची। डॉ ख्याति मुंजल को झारखंड वाणिज्य मंडल द्वारा आयोजित टेक्सटाइल इंडस्ट्री फेडरेशन ऑफ इंडिया (टेफी) इवेंट में न्यायक (जज) के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने गारमेंट कंस्ट्रक्शन प्रतियोगिता में अपने व्यापक ज्ञान और अनुभव के साथ युवा डिजाइनर्स को सहायता की और उन्हें प्रेरित किया। यह प्रतियोगिता झारखंड वाणिज्य मंडल के एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी जो नवीनतम फैशन और डिजाइन को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य रखता है। डॉ मुंजल ने इस साथीत्व को और मजबूत बनाया और युवा डिजाइनर्स को मार्गदर्शन प्रदान किया।

जितेंद्र सिंह ने मिलन समारोह के सफल आयोजन के लिए जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आजसू नेता जितेंद्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मिलन समारोह को सफल बनाने के लिए जताया आभार। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता की सेवा और उनके हित तथा अधिकार के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में कार्य करना है। आजसू ने झारखंड आंदोलन को लक्ष्य तक पहुँचाया। आंदोलन से उपजी पार्टी है आजसू। आंदोलनकारियों की पार्टी आजसू में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। रविवार को अरगोड़ा मैदान में आयोजित मिलन समारोह में सुदेश जी की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुआ। यह मेरे जीवन के सबसे अनमोल पलों में से एक है। मिलन समारोह में मुझ पर भरोसा दिखाकर मेरे साथ पार्टी में शामिल हुए हजारों लोगों का शुक्रिया। साथ ही सभी प्रेस और मीडिया के साथी जिन्होंने टीवी, अखबार, सोशल मीडिया के माध्यम से मेरी बातों को राज्य के कोने-कोने तक पहुंचाने का कार्य किया उनके प्रति भी मैं तहेदिल से कृतज्ञता प्रकट करता हूं।

दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग

राची। सदान विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष सह अधिवक्ता प्रो पांडे हिमांशु नाथ राय एवं कार्यकारी अध्यक्ष सह पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य अरुण कश्यप, अधिवक्ता डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा ने कहा है कि सुखदेव नगर थाना के अधिकारी के द्वारा जिस तरह महिला अधिवक्ताओं को प्रताड़ित किया गया है, सरकार इसकी न्यायिक जांच कराकर दोषी को कड़ी सजा दे। उन्होंने कहा कि सिर्फ निलंबन से काम नहीं चलेगा। जब रक्षक ही भक्षक बन जाएगा तो आम आदमी किस तरह सुरक्षित रहेगा। परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष व अधिवक्ता प्रो पांडे हिमांशु नाथ राय ने कहा कि राज्य के जितने भी अधिवक्ता हैं एवं अधिवक्ता संघ है, उन्हें भी आवाज उठानी चाहिए।

छात्र आजसू की मांग पर जेनेरिक इलेक्टिव पेपर की परीक्षा पुन: आयोजित होगी

निर्णय के लिए रांची विवि के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा के प्रति आभार प्रकट किया

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। जनरल इलेक्टिव पेपर की समस्या को लेकर छात्र आजसू के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो श्री अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात उन्हें जनरल इलेक्टिव पेपर से जुड़ी समस्या से अवगत कराया।

मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा की पिछले बार जो जनरल इलेक्टिव पेपर की परीक्षा हुई थी, उसमें हजारों की संख्या में छात्र छात्राएं सामिल नही हो पाए थे उन्हें रांची विश्वविद्यालय द्वारा आखरी बार जनरल इलेक्टिव पेपर की परीक्षा मे शामिल होने का मौका दिया जाए।

मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए सभी समस्याओं को परीक्षा बोर्ड की मीटिंग से पास करवा कर रांची विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जीई पेपर की परीक्षा में शामिल होने का एक अंतिम मौका दिया जाएगा। छात्र आजसू के सदस्यों ने इस फैसले के लिए रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा के प्रति आभार प्रकट किया। प्रतिनिधिमंडल मे मुख्य रूप सेअभिषेक शुक्ला रांची विश्वविद्यालय महासचिव बीएस महतो, मजीत कुमार, संजीव कुमार रंजन के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के पुनदाग स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में महिलाओं की आत्मरक्षा के लिए फुल कांटेक्ट फाइटिंग मार्शल आर्ट एसोसिएशन ने एक सेल्फ डिफेंस वर्कशॉप का आयोजन किया। इसमें मास्टर प्रेम कुमार एवं मास्टर मुकेश कुमार ने आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया। मिक्स मार्शल आर्ट्स के प्रशिक्षण से महिलाओं ने आत्मरक्षा करना दैनिक जीवन में अधिक आत्मविश्वास और सशक्त महसूस करना सीखा।

इस आयोजन में मास्टर दीपा, गुफरान, अमन, आयुषी, रोहित एवं शुभम ने सहयोग किया। इस कार्यक्रम की पहल संस्थान के डायरेक्टर डॉ दीपक श्रीवास्तव द्वारा की गयी। इस कार्यक्रम में 80 महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए अपनी क्षमताओं को साझा किया। प्रीति रे, इंटरनल कंप्लेंट समिति की प्रमुख का कहना है- इस प्रकार के कार्यक्रम से न केवल शारीरिक क्षमताओं में बढ़ोतरी होती है, बल्कि यह मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है। सिद्धार्थ त्यागी ने अपनी समिति, जेंडर सेंसटाइजेशन समिति के अन्य सदस्यों के साथ कार्यक्रम को साकार करने में अहम भूमिका निभायी। ज्ञात हो की मास्टर प्रेम कुमार पिछले 25 सालों से मिक्स मार्शल आर्ट्स के स्टेट, नेशनल फाइटर्स को ट्रेनिंग देते आ रहे हैं।

प्रकाश देवकुलिश की पुस्तक असंभव के विरुद्ध का लोकार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। कवि प्रकाश देवकुलिश की पुस्तक असंभव के विरुद्ध का लोकार्पण दिल्ली के विश्व पुस्तक मेले में वाणी प्रकाशन समूह के स्टॉल पर संपन्न हुआ। पुस्तक का लोकार्पण वरिष्ठ आलोचक अजय तिवारी, सुपरिचित लेखक, आलोचक एवं कवि प्रियदर्शन, 'संवेद' और 'सबलोग' के संपादक किशन कालजयी और वाणी प्रकाशन समूह की कार्यकारी निदेशक अदिति माहेश्वरी के हाथों हुआ। मौके पर अजय तिवारी ने कहा कि प्रकाश देव कुलिश की कविताएँ सांस्कृतिक पुनर्निर्माण की कविताएँ हैं। कार्यक्रम का आरंभ शिक्षाविद रेणु उपाध्याय द्वारा पद्मा सचदेव के एक गीत की मधुर संगीत-प्रस्तुति से हुआ। कोलकाता की कवयित्री मंजु श्रीवास्तव ने सधे शब्दों में संचालन किया। कार्यक्रम में इतिहसज्ञ हितेंद्र पटेल, प्रसिद्ध प्रसारणकर्मी धीरंजन मालवे, चित्रकार प्रीतिमा वत्स, कवि अरुण कुमार पासवान, मीडिया कर्मी राजन अग्रवाल, वल्लरी श्रीवास्तव, पत्रकार विवेक आर्यन, गुलशन चौधरी आदि उपस्थित थे।

एनएएसटीए कैंप में सरला बिरला के विद्यार्थियों का अभूतपूर्व प्रदर्शन

कक्षा 7वीं की अरीबा इरम फातिमा और कक्षा 10वीं के मोहम्मद अम्मार अहमद बने स्टेट टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने नेशनल असेसमेंट फॉर साइंटिफिक टेंपरामेंट एंड एप्टीट्यूड (एनएएसटीए) कैंप-2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। एनएएसटीए उन प्राथमिक पहलों में से एक है, जिसे प्राथमिक से मध्य विद्यालय के छात्रों के लिए डिजाइन और विकसित किया गया है। कक्षा 7वीं की अरीबा इरम फातिमा और कक्षा 10वीं के मोहम्मद अम्मार अहमद ने असेसमेंट में पहला रैंक हासिल कर स्टेट टॉपर बने। उन्होंने वैज्ञानिक स्वभाव और वैज्ञानिक ज्ञान, तर्क और वैज्ञानिक सिद्धांतों को वास्तविक जीवन की स्थितियों में लागू करने की क्षमता का प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें शानदार सफलता मिली।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों को उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धि की सराहना की और कहा कि उनका वैज्ञानिक स्वभाव एक महान योग्यता होगी, जो उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता की ओर ले जायेगी।

स्पीड न्यूज

दुष्कर्म मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

इटकी। नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में इटकी थाना पुलिस ने फरार चल रहे इटकी कब्रिस्तान मुहल्ले के अभियुक्त अयान खान को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कांड संख्या 68-23 का आरोपी अयान खान पर इटकी प्रखंड क्षेत्र के एक नाबालिग को प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने का आरोप है। वर्ष 2023 में इटकी थाना में नाबालिग के परिजन द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

अम्बाझरिया गांव में लगा जागरूकता शिविर

राहे। एसएसबी 26 वीं बटालियन के कमांडेंट एसडी शेरखाने के निर्देशानुसार प्रखंड के अंबाझारिया गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और जल संरक्षण को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एसएसबी 26वीं बटालियन के वाहिनी ए कंपनी सताकी कैम्प के द्वारा नागरिक जन कल्याण कार्यक्रम के तहत किसानों को बीज वितरण किया गया था उसके बारे में कैसे खेती करना है और जल को कैसे संरक्षण करना है। इसके बारे में विस्तार से बताया गया।

मूलवासी सदान मोर्चा की विशेष बैठक आज

बेड़ो। मूलवासी सदान मोर्चा की विशेष बैठक महादानी मैदान के रंगमंच में मंगलवार को 11ण्30 बजे से किया जायगा। बैठक केन्द्रीय मोर्चा द्वारा आहुत अगामी 27 फरवरी को मोराबादी मैदान से राजभवन तक के पैदल मार्चा की तैयारी को लेकर किया जायगा। पैदल मार्च में 1932 के खतियानी सदानों का नेतृत्व केन्द्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद करेंगे। जहां राजभवन में राज्यपाल से सदानों के हित में कई मांग रखेंगे।

एसएसबी ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

तमाड़। सशस्त्र सीमा 26 वीं वाहनी जी कंपनी तमाड़ के द्वारा सोमवार को सारजमडीह गांव में निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 40 ग्रामीणों का चिकित्सा कर निशुल्क दवाइयां दी गयी। इस अवसर पर मेडिकल कमांडेट ब्रजेश कुमार सहायक कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार शर्मा आदि शामिल थे।

राहे में भाजपा ने चलाया गांव चलो अभियान

राहे। भाजपा राहे मंडल अंतर्गत अंबाझारिया पंचायत के बूथ संख्या 150, 151, 149 बसंतपुर पंचायत के बूथ संख्या 161, 164 और लोवाहातु पंचायत के बूथ संख्या 185ए 187 ए188ए 189ए 190 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव चलो अभियान चलाया। इसके तहत 9 साल में किए गये मोदी सरकार द्वारा सेवा ए सुशासन और गरीब कल्याण योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा इन योजनाओं को आम लोगो तक कैसे पहुंचे ओर लाभ कैसे मिले विस्तार पूर्वक बताया गया।

मुखिया संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

इटकी। इटकी मुखिया संघ अबुआ आवास में गड़बड़ी के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंप कर दुरुस्त करने की मांग की है। अपने ज्ञापन में बताया है कि अबुआ आवास के लिए ग्रामसभा को प्राथमिकता देते हुए जो सूची बनाया गया है उसे आधार बनाकर अबुआ आवास के लाभुकों का चयन करने की मांग की है।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दूसरा घायल

मखमंदरो का था निखिल भगत और सुशांत उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र के ब्रजपुर मरियाटांड़ स्थित वैष्णवी फ्यूल्स के समीप सोमवार को दिन के करीब डेढ़ बजे दो बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने रौंद डाला। इससे मखमंदरो निवासी स्व सुनिल भगत का पुत्र 21 वर्षीय निखिल भगत की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि उसी गांव के 20 साल का सुशांत उरांव घायल हो गया। वह लिटू उरांव का पुत्र है। उसके सिर पर गंभीर चोटें आयी है। मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स के गहन चिकित्सा कक्ष में भर्ती कराया गया है। उसकी स्थिति नाजुक बतायी जा रही है। ग्रामीणों ने ब्रेकर निर्माण और मुआवजे को लेकर उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग की। थानेदार शशिभूषण चौधरी व सीआई संतोष उरांव की ओर से सरकारी प्रावधान के तहत सहायता राशि दिलाये जाने का आश्वासन के बाद लोग शांत हुये। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर रिम्स भेज दिया है। मंगलवार की दोपहर पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया जायेगा।

गांव में पसरा मातम

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों मोटर साइकिल में चट्टी से घर की ओर जा रहे थे। गाड़ी में पेट्रोल भराने के लिये जैसे ही कटअप पार करने की कोशिश की, समान दिशा से आ रहे किसी वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। लोगों की मानें तो निखिल और सुशांत गरीबी की वजह से बीच में ही पढ़ाई छोड़ मजदूरी करते थे।

झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाली न्याय यात्रा

पूर्व सीएम को जेल भेजे जाने का चौतरफा विरोध, लगाये नारे

खबर मन्त्र संवाददाता

रातू। राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जमीन के एक झूठे मुकदमे में फंसाकर ईडी की ओर से जेल भेजे जाने का विरोध लगातार जारी है। आदिवासी संगठनों का गुस्सा उबाल पर है। केंद्र की भाजपानीत सरकार की निंदा हो रही है। सोमवार को झामुमो की प्रखंड इकाई ने विरोधियों को अपनी ताकत का एहसास कराया। सैकड़ों मोर्चा जनों ने छोटानागपुर राज उवि मैदान से मुख्यालय तक न्याययात्रा निकाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ खूब नारेबाजी की। वक्ताओं ने भाजपा पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और जेल में श्री सोरेन को प्रताड़ित कराये जाने का आरोप लगाया। संचालन असलम अंसारी ने किया।

इन्होंने रखी अपनी बातें

धर्मेंद्र सिंह, शमीम मंसूरी, महावीर विश्वकर्मा, आरएन महतो, पी तिर्की, बी अंसारी, कमरुल हक, जाबिर अंसारी, प्रदीप किस्पोटा, बबलू मिंज, आसिफ मंसूरी, खेदू महली, शकुंतला देवी, जीतनंदन महतो, अमन साहू, सिंदबाद खान, बीरेंद्र साहू, सचिन उरांव, कुर्बान अंसारी, मो शमशाद, प्रिंस तिवारी, मो जिबरील व खुर्शीद आलम।

कार्यक्रम में लिया हिस्सा

मो तनवीर, मीरा देवी, राजेश उरांव, विजय साहू, सूरज साहू, अमन, सोमा उरांव, मो शाहिद, अरुण साहू, चांद, कृष्ण साहू, अजय साहू, मुर्शीद, शहबाज, रंजन महतो, लखन साहू, रुस्तम मिंज, राजेश महतो, नाहिद मंसूरी, प्रमोद उरांव, अरबोन महतो, अमित महतो, मो सरताज, साबिर, रिजवान, मो जिलानी, तस्लीम, अजय मिश्र, सचिन, राहुल, श्रवण महतो, विनोद महतो, सतीश महतो, मो जावेद, आसिफ अराफात, मो अफरोज, मो मेराज व बुतरु उरांव आदि।

चेंडी में शिव महावीर मंदिर की वर्षगांठ पर उत्सवी माहौल

रातू। मनातू स्थित चेंडी में शिव महावीर मंदिर की दूसरी वर्षगांठ पर धार्मिक उत्सव का माहौल है। तीन दिनी कार्यक्रम की शुरूआत श्रीश्री 1008 शास्त्री रोहित भारद्वाज के सानिध्य में की गयी। रुद्राभिषेक के बाद आयोजित श्रीमदभागवत महाकथा पुराण यज्ञ के पहले दिन रविवार को आत्मदेव ब्राह्मण की कथा में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। दीपेश्वर सिंह देव और उनकी पत्नी रूबी देवी यजमान हैं। सोमवार को भागवत हृदय दशम स्कन्ध की कथा हुयी।कथावाचक श्री शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य उत्ख्ल बंधन ध्रुव तथा प्रह्लाद कथा का रसपान कराया। सुदामा चरित्र और रुकमिणी विवाह पर ब्याख्यान के उपरांत पुणाहुति होगी। समिति ने लोगों को महाभंडारे में भाग लेने की अपील की है।

ये निभा रहे भूमिका

ठानो मुंडा, विजय सिंह, कमाख्या सिंह, मिथलेश सिंह, शंकर सिंह, संदीप कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, नीलांबर सिंह, पारसनाथ महतो, बबलू सिंह, सुमित सिंह उर्फ राजा, आकाश कुमार सिंह, हर्ष सिंह, कृष्णा सिंह, सोनामती देवी, रानी कुमारी, सुरभि कुमारी, तन्नू कुमारी, प्रेम कुमार, ओमकार सिंह, कृति कुमारी, श्रुति कुमारी, महिमा सिंह, सृष्टि सिंह व साक्षी सिंह।

जयगुरुदेव के सत्संग में सदाचार और शाकाहार पर दिया गया जोर

नामकुम। सोमवार को जयगुरुदेव शाकाहार, सदाचार, मद्यनिषेध, आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा अपने पचपनवें पड़ाव पर प्रखण्ड के लाली कोनार टोली गांव पहुंची। जहां बडी संख्या में लोगों नें यात्रा का स्वागत किया। वहीं आयोजित सत्संग समारोह में प्रवचन देते हुए संस्था प्रमुख संत पंकज जी महाराज नें कहा ऐसे कलिकाल में हम लोगों को यह अनमोल मानव तन प्राप्त हुआ है। यह परमात्मा का सबसे बड़ा बरदान है। आप लोगों को महापुरुषों की अमरवाणियाँ सुनाई जा रही हैं, यह आध्यात्मिक सत्संग है जिसे सुनकर निश्चय ही आपको मानव जीवन के उद्देश्यों के बारे में पता चलेगा। महाराज ने कहा कि हमको मनुष्य शरीर कयों मिला है,क्या इसका उद्देश्य है और मरने के बाद हम कहां जाऐंगे, हमारे बाल बच्चे कहां जाऐंगे, कैसे हमारी जीवात्मा का कल्याण होगा, इन सबकी जानकारी सत्संग से मिलेगी। उन्होने कहा कि सत्संग में केवल प्रभु के भजन के प्रति भाव भक्ति पैदा की जाती है। किसी को साधु नहीं बनना,घर परिवार या बाल,बच्चे नहीं छोड़ना। आप गृहस्थी के सारे काम काज करते हुये चैबीस घण्टे में से घण्टा दो घण्टा समय निकालकर भगवान का भजन भी कर लिया करें।

पंस सदस्यों ने प्रमुख के खिलाफ लाया अविश्वास प्रस्ताव

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। प्रखंड के पंचायत समिति सदसयों द्वारा ओरमांझी प्रमुख अनुपमा देवी के खिलाफ अविष्वास प्रस्ताव लाया गया है। बताया गया कि पंचायत समिति राशि को सभी पंचायत में सामान्य रूप से वितरण नहीं किए जाने से नारजगी के बाद पंचायत समितियों द्वारा यह कदम उठाया गया है। यह बात भी सामने आ रही है कि प्रमुख चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता व समर्थित लागों द्वारा प्रमुख बनाने का दावा किया जा रहा था। बाद में अनुपमा देवी द्वारा बीजेपी ज्वाईन कर लेना उसे महंगा पड़ा है। बीजेपी ज्वाईन करने के बाद से ही प्रमुख को हटाने व अविश्वास प्रस्ताव लाने की चर्चा हो रही थी। प्रखंड के 18 पंचायत में कूल 19 पंचायत समिति सदस्य है। एसडीओ रांची के पास अविश्वास प्रस्ताव की दिए गए आवेदन में प्रखंड के 14 पंचायत समितियों द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसमें कुछ बीजेपी समर्थक पंचायत समिति सदस्यों के भी इसमें शमिल होने की सूचना है। इधर प्रमुख अनुपमा देवी ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा है बीजेपी में शामिल होने व प्रखंड में पिछले लगभग 10 वर्ष से जमे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीपीएम प्रमोद कुमार व जेएसएलपीएस के बीपीएम मुकेष सिन्हा को ओरमांझी प्रखंड से हटवाने में सहयोग करने के कारण उसके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है।

बीपीएम पर लगा था छेड़छाड़ का आरोप

बीपीएम प्रमोद कुमार पर प्रखंड के एएनएम द्वारा छेड़छाड़ सहित कई गभीर आरोप लगाए जाने के बाद कार्रवाई हुई थी। वहीं बीपीएम मुकेश सिन्हा पर भी समुह की एक दीदी द्वारा सोशन करने का आरोप लगाया गया था। हालांकि दोनों को ओरमांझी प्रखंड से हटाने में उपप्रमुख रिजवान अंसारी की भी महत्वपूर्ण भूमिका थी। प्रमुख का अविश्वास प्रस्ताव सफल होता है, या गिरता है। आने वाले समय में पता चलेगा। उससे पूर्व ओरमांझी क्षेत्र में मामले को लेकर काफी चर्चा हो रही है।

स्कूली बच्चों ने वैज्ञानिक सोच का किया प्रदर्शन

विजेता बच्च जिला विज्ञान प्रदर्शनी में होंगे शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। राजकीयकृत मध्य विद्यालय डहु ओरमांझी में सोमवार को प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के दर्जनभर विद्यालाय के बच्चों ने अपनी विज्ञानी ज्ञान का प्रदर्शन किए। खास कर बच्चों की वर्षा सूचक व जल शोधक यंत्र, सोलर लाइट सिस्टम सहित विभिन्न मॉडल के प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रहें। निर्णायक मंडली में शामिल बीपीओ रीना यादव, चकला विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी किरण माला, शिक्षक संघ प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक, विषय विशेषज्ञ राजेश दास ने राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय पिस्का के बच्चों की प्रथम व राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चाड़ु को द्वितीय स्थान के लिए चयन किया गया। वहीं राजकीयकृत मध्य विद्यालय डहु व राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मायापुर को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित बीईईओ ने बच्चों की विज्ञानी ज्ञान की सरहाना की और विजेता विद्यालय के बच्चों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के बच्चों जिला स्तर के प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। वहीं बीईईओं के अलावे कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य अवधेश प्रसाद, संकुल साधन सेवी राजदीप कुमार, शिक्षक बृजेश कुमार मिश्र, उमेशचंद्र वर्मा व निर्णायक मंडली द्वारा भी बच्चों के विज्ञानी सोंच की सरहाना की गई।

विज्ञान प्रदर्शनी का मुआयना करते निर्णाय मंडली।

नगड़ी में धारा 144 खत्म, खुली सभी दुकानें, निकला शांति मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता

पिस्कानगड़ी। नगड़ी में शुक्रवार को सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस में पथराव के बाद हुए बवाल के तीन दिन बाद सोमवार को क्षेत्र में शांति रही। क्षेत्र से धारा 144 समाप्त कर दिया गया है। उसके बाद दुकानें आम दिनों की तरह खुलीं।

दोपहर 12 बजे क्षेत्र में अमन-चैन की बहाली को लेकर नगड़ी थाना से लेकर नगड़ी मेन रोड होते हुए प्रखंड कार्यालय तक शांति मार्च निकाला गया। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और दोनों समुदायों के लोग शामिल हुए। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने लोगों से शांति और अमन चैन बनाए रखने की अपील की। मौके पर डीएसपी अरविंद कुमार, डीएसपी राजकुमार यादव, जिप सदस्य पूनम देवी, प्रमुख मदुवा कच्छप, सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ दीपाली भगत, लाल प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, उप प्रमुख अफसाना परवीन, पसस शीला देवी, अनिता देवी, गुलरेज अंसारी गुलरेज अंसारी, मुखिया जय गोपाल उरांव मौजूद थे।

बुंडू में भाकपा माले का धरना प्रदर्शन

बुंडू। भाकपा माले प्रखंड कमेटी की ओर से पूर्व कार्यक्रम के तहत बुंडू ब्लाक कार्यालय पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। विदित हो कि गरिब-असहाय लोगों के लिए झारखंड सरकार अबुआ आवास योजना लाई है। पर नौकरशाही.बिचौलिया गठजोड़ फर्जी ग्राम सभा या फिर ग्रामसभा द्वारा प्रस्तावित सूचि में फेरबदल कर अयोग्य लोगों को सूचिबद्ध कर दिया है। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर मुंडा और संचालन दुलाल मुंडा ने किया। माले नेता गौतम मुण्डा ने कहा रांची जिला 5वीं अनुसूची में आता है। बगैर ग्राम सभा का योजनाओं को लागू करना कमिशनखोरी को बढ़ावा मिलता हैं। जरूरतमंदों की हकमारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जगमोहन महतो ने कहा ब्लाक में दलाल विचौलिया हावी है। अबुआ आवास में लूट मचाना चाहते है। अगर गड़बड़ी ठीक नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

एक नजर में

शिविर में 50 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

मंडा मंदिर प्रांगण में जन जागृति मंच ने लगाया शिविर

रांची। जन जागृति मंच द्वारा रविवार को सुबह 8.00 बजे से 11.00 बजे तक डॉ लाल पैथ लैब, रांची द्वारा बूटी मंडा मंदिर प्रांगण में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में मधुमेह, हृदय रोग, थायराइड, किडनी, लिवर, हड्डी रोग एवं अन्य बीमारियों के सैंपल डॉक्टर लाल पैथ लैब के डॉक्टर पवन ओहदार एवं अमरेंद्र कुमार ने लिया। शिविर का लाभ 35 से अधिक लोगों ने लिया। सोमवार को सभी को रिपोर्ट सौंप दिया गया। शिविर के सफल संचालन में जन जागृति मंच के उपाध्यक्ष कर्मदेव बैठा एवं राम ओहदार को प्रतिनियुक्ति किया गया था। वहीं शिविर को सफल बनाने में जन जागृति मंच के जितेंद्र महतो अध्यक्ष, डॉ विश्वनाथ आनंद केन्द्रीय प्रवक्ता, मनोज महतो उपाध्यक्ष, रजनीकांत ओहदार, मुकेश महतो, सतीश महतो, बोधनाथ महतो, खिलेश्वर ओहदार, शिव गोविंद प्रसाद, कृष्णा महतो, बबलू महतो, अजीत ओहदार, अमर महतो, फैजुल रहमान, विजय महतो, रूपेश महतो, पुष्पा देवी एवं सुनीता देवी का विशेष योगदान रहा।

रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II — खण्ड 3 — उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 25 जनवरी, 2024

का.आ. 343(अ).— केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 605, तारीख 6 फरवरी 2023, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के साहिबगंज जिले में के गाँव-बड़ा सोलबन्धा, बड़ा बेतौना, अम्बाडीहा, पिन्डारी, पोलमा, तालुक-मंडरो और गाँव-निरापाड़ा, सोतीचैकी पांगड़ो, घोघी, घोघी माको, छोटा लोहण्डा, छोटा पंचगढ़ पहाड़, बड़ा लोहण्डा, बड़ा पंचगढ़, बड़ा पंचगढ़ पहाड़, गोपाल चौकी, तालुक-बोरियो और गाँव-छोटा भगियामारी, बड़े परते, बोहा, बाँसकोला, अम्बाडीहा, गदवा पहाड़, जामनी, तालुक-तालझारी में NH80 के कि.मी. 190 से कि.मी. 215, NH80 के कि.मी. 260 से कि.मी. 283 तक के भूखण्ड पर टोल प्लाजा के निर्माण, अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "12.02.2023" को "प्रभात खबर (हिन्दी)" और "दैनिक भास्कर (अंग्रेजी)" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3-ग के तहत आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के साहिबगंज जिले के गाँव-बड़ा सोलबन्धा, बड़ा बेतौना, अम्बाडीहा, पिन्डारी, पोलमा, तालुक-मंडरो और गाँव-निरापाड़ा, सोतीचैकी पांगड़ो, घोघी, घोघी माको, छोटा लोहण्डा, छोटा पंचगढ़ पहाड़, बड़ा लोहण्डा, बड़ा पंचगढ़, बड़ा पंचगढ़ पहाड़, गोपाल चौकी, तालुक-बोरियो और गाँव-छोटा भगियामारी, बड़े परते, बोहा, बाँसकोला, अम्बाडीहा, गदवा पहाड़, जामनी, तालुक-तालझारी में NH80 के कि.मी. 190 से कि.मी. 215, NH80 के कि.मी. 260 से कि.मी. 283 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

फाइल नंबर : NHAI/PD/PIU/SBG/NH-80/LA/PKG-II/3D
अमय जैन, उप. सचिव

जिला : साहिबगंज
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि : 25.01.2024
https://egazette.gov.in/(S(oqk2mypsphryb2w3heuygxfs))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/Notification_d_qr.cshtml?project_id=60588&notification_id=53236&EncHid=586439676&1=2

हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

Walk in Interview

भारत सरकार के द्वारा हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सुलभ स्वास्थ सेवाएँ प्रदान करने के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत् संचालित किये जाने वाले Health & Wellness Centre के संचालन हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों का चयन हेतु दिनांक 24.02.2024 को हजारीबाग नगर निगम कार्यालय में अपराह्न 12:00 बजे अपराह्न से 3:00 बजे Walk in Interview निर्धारित किया गया है, जिसके लिए निम्नलिखित शर्ते है :-

क्र.सं.	विवरणी	आवश्यक शर्तें
1	विशेषज्ञ चिकित्सकों हेतु	
	शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सह पॉलिक्लिनिक हेतु	Medicine, Obs & Gynae, Paediatrics, Ophthalmology, Dermatology and Psychiatry उपरोक्त पदों हेतु आवश्यकतानुरूप विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन किया जाएगा।
	विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री एवं उपरोक्त वर्णित विषयों में P.G Degree अथवा Speciality
	उम्र सीमा	अधिकतम 67 वर्ष
	मानदेय	Negotiable at the time of interview. मानदेय का भुगतान उनके द्वारा प्रति घंटा किये गये कार्यों के आधार पर किया जाएगा।
	कार्य का समय	09.00 बजे पूर्वाह्न से 03.00 बजे अपराह्न तक।
2	चिकित्सा पदाधिकारी हेतु	
A	Health & Wellness Centre, पंचायत भवन, कोलघट्टी वार्ड स0-01	नियुक्त किये जाने वाले चिकित्सा पदाधिकारी की संख्या- 01
B	Health & Wellness Centre, पंचायत भवन, शिवपुरी, वार्ड स0-22	नियुक्त किये जाने वाले चिकित्सा पदाधिकारी की संख्या- 01
C	Health & Wellness Centre, पंचायत भवन, कूद, वार्ड स0-24	नियुक्त किये जाने वाले चिकित्सा पदाधिकारी की संख्या- 01
	चिकित्सा पदाधिकारी हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता	मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री।
	उम्र सीमा	अधिकतम 67 वर्ष
	मानदेय	रू0 63000.00 प्रत्येक माह।
	कार्य का समय	09.00 बजे पूर्वाह्न से 03.00 बजे अपराह्न तक।
3	सूचीबद्ध किये गये विशेषज्ञ चिकित्सकों / चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा भविष्य के लिए नियमितीकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।	
4	Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।	

इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण पत्र तथा इसके छाया प्रति के साथ हजारीबाग नगर निगम कार्यालय सभागार में दिनांक 24.02.2024 को अपराह्न 12:00 बजे से 03:00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम हजारीबाग

PR 319441 Urban Development and Housing(23-24).D

नफरत का अमेरिका

भले ही लाखों भारतीय युवाओं के लिए अमेरिका एक सुनहरे सपनों का देश हो, लेकिन नये साल की शुरूआत में पांच प्रतिभावान भारतीय छात्रों की मौत बताती है कि वहां जमीनी हकीकत खासी कंटीली है। ऐसे में भारतीय छात्रों को भी सचेत रहने की जरूरत है। भारत सरकार भी अमेरिका में भारतीय छात्रों पर बढ़ते नस्लीय हमले से चिंतित है। कई बार इसे कई मंचों पर भारत ने उठाया भी है। दरअसल खुद को दुनिया का आदर्श लोकतंत्र कहने वाले अमेरिका में नस्लीय सड़ांध गहरे तक है। विडंबना यह है कि अमेरिकी मीडिया, जो भारत में छोटी-छोटी घटनाओं पर हो-हल्ला करता रहता है, घृणा के अपराधों को उजागर करने तथा भारतीय छात्रों की दशा पर खामोश रहता है। अपनी मेधा और परिश्रम के बूते भारतीय छात्र वहां अपनी विशिष्ट जगह बनाते रहे हैं। ऐसे में भारतीय युवा उन काहिल अमेरिकी युवाओं की आंख की किरकिरी बने हुए हैं जिन्हें लगता है कि भारतीय युवा उनकी जगह ले रहे हैं। दरअसल, इस सोच को दक्षिणपंथी राष्ट्रपति रहे डोनाल्ड ट्रंप ने हवा दी थी। डोनाल्ड ट्रंप तो युवाओं का राजनीतिक दोहन करके चले गये लेकिन पथभ्रष्ट अमेरिकी सफलता की नयी इबारत लिख रहे युवा भारतीयों को निशाना बना रहे हैं। हालात कई भारतीय छात्रों के स्वप्नों का अमेरिका में दुःस्वप्न बनाया जा रहा है। फरवरी के पहले सप्ताह में शिकागो में एक भारतीय युवा को अज्ञात हमलावरों ने निशाना बनाया। इससे पहले एमबीए की डिग्री हासिल करने वाले विवेक सैनी की लिथोनिया में पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। इंडियाना में समीर कामत पिछले सप्ताह मृत पाये गये। एक अन्य छात्र नील आचार्य लापता हुए, बाद में उनकी मृत्यु होने की पुष्टि हुई। वहीं एक युवा अकुल धवन, जो इलिनोइस विश्वविद्यालय में पढ़ रहा था, पिछले माह मृत पाया गया। इसी तरह श्रेयस रेड्डी की मौत की खबर कुछ सप्ताह पूर्व आयी। निश्चय ही ये हत्याएं उन छात्रों को व्यथित करने वाली हैं जो अमेरिका में अपने सपनों का संसार देखते हैं। निस्संदेह, ये घटनाएं उन मां-बाप के लिये दुखदायी हैं जो अपने चल-अचल संपत्ति बेचकर या जीवन की सारी पूंजी लगाकर अपने बच्चों का भविष्य संवारने अमेरिका भेजते हैं। ये बच्चे नस्लवादी व नशेड़ियों की हिंसा का शिकार बन रहे हैं। आज एक प्रतिशत भारतीय अमेरिकी अर्थव्यवस्था में छह फीसदी आयकर दे रहे हैं। उनकी संपन्नता कुछ अमेरिकियों की आंख में खटकती है। दरअसल, अमेरिका में बेरोजगारी काफी है और अपनी अयोग्यता के चलते भारतीय छात्रों का मुकाबला नहीं कर पाते। यह दुराग्रह उन्हें कालांतर में हिंसक बनाता है। अमेरिकी पुलिस भी नस्लवाद मुक्त नहीं है। सारी दुनिया में मानवाधिकारों व सांप्रदायिक सौहार्द की ठेकेदारी करने वाला अमेरिकी प्रशासन भी इस दिशा में गंभीर नजर नहीं आता। रोजगार के अवसरों की कमी के चलते उत्पन्न असंतोष की वजह से बड़ी संख्या में अमेरिकी युवा नशे और अपराध की दुनिया में उतर रहे हैं। यह दुखद ही है कि पिछले एक साल में अमेरिका में रह रहे पांच सौ बीस भारतीय मूल के लोगों के साथ नस्लीय हिंसा की घटनाएं हुई हैं जो पिछले साल के मुकाबले में चालीस फीसदी अधिक हैं। हिंसा की चपेट में केवल छात्र ही नहीं हैं बल्कि वहां नौकरी कर रहे और वहां बस चुके लोग भी शामिल हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार सार्वजनिक टिप्पणी की थी कि भारतीय युवा अमेरिकी युवाओं का हक छीन रहे हैं। यही वजह है कि दक्षिणपंथी ट्रंप को आज भी अधिक अमेरिकी युवाओं का समर्थन मिल रहा है। दक्षिणपंथी अमेरिकियों को इस बात से भी परेशानी है कि बाइडन प्रशासन भारतीय मूल के लोगों को अधिक तरजीह दे रहा है। आंकड़े बता रहे हैं कि बाइडन सरकार ने सवा सौ से अधिक महत्वपूर्ण पदों पर भारतीय मूल के लोगों की नियुक्ति की है। यहां तक कि आज अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी भारतीय मूल की हैं। निस्संदेह, ऐसी स्थिति में भारतीय समुदाय के लोगों और राजनयिक कर्मचारियों को छात्रों तक पहुंचाने और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिये अतिरिक्त प्रयास करने होंगे।

डिजिटल मिशन हमारे 2047 लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण

हाल के वर्षों में नए भारत के विचार ने सभी भारतीयों के मन में काफी आत्मविश्वास और आशावाद का संचार किया है। वैश्विक और क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में कई मुद्दों पर आत्मविश्वास से भरे व स्वतंत्र रुख अपनाने, असाधारण खेल उपलब्धियां (ओलंपिक सहित) दर्ज करने, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक (वैश्विक पहली) लैंडिंग करने आदि हमारे लिए इस बात को मानने के कुछ कारण हैं कि आखिरकार एक नया भारत उभर रहा है। वर्तमान में जारी भारत का आर्थिक परिवर्तन, बड़े पैमाने पर हो रहे डिजिटलीकरण से संचालित हो रहा है तथा यह भी उभरते नए भारत का एक और शानदार उदाहरण है।

कोविड ने दुनिया भर के देशों और संगठनों को डिजिटल होने के लिए मजबूर किया, लेकिन इससे बहुत पहले ही वर्तमान सरकार ने सक्रिय रूप से डिजिटल अर्थव्यवस्था (और डिजिटल डिलीवरी मॉडल) को अपनाने पर जोर दिया था। डिजिटल इंडिया मिशन 2015 में लॉन्च किया गया था और भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक सेवाओं के वितरण में एक क्रांति देखी गई। सरकार ने इंडिया स्टैक की भी शुरूआत की, जो अर्थव्यवस्था के विभिन्न घटकों के लिए विकास का लाभ उठाने का एक विशिष्ट मंच है। इस मिशन ने कृषि, परिवहन, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों में नए व्यवसाय प्रारूप की शुरूआत की- ये सभी क्षेत्र मूलभूत परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। इस डिजिटलीकरण ने प्रणाली में मौजूद हेरा-फेरी को कम कर दिया और अर्थव्यवस्था को औपचारिक रूप देने में सक्षम बनाया। जीएसटी पंजीकरण और कर-संग्रह में वृद्धि इसकी सफलता के अच्छे मानक के रूप में देखे जा सकते हैं।

इंडिया स्टैक एक गेम चेंजर रहा है, क्योंकि सुविधा, गति और दक्षता के लिए व्यक्ति व उद्यम, दोनों ही इसका लाभ उठाते हैं, जिनके संयोजन से व्यापार में और अधिक तेजी आएगी। जैसे-जैसे भारत (और दुनिया) डिजिटल की ओर बढ़ रहा है, इस अंतर्निहित, सक्षम डिजिटल अवसंरचना का वैसा ही प्रभाव हो रहा है, जैसा औद्योगिक क्रांति के बाद रेलमार्गों पर पड़ा था। इसने अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को तेजी से और व्यापक रूप से प्रभावित किया है तथा नागरिकों के लिए अवसरों के द्वार खोले हैं। जन धन योजना, को-विन, यूपीआई और ओएनडीसी बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण प्रणाली के दुनिया के कुछ अग्रणी उदाहरण हैं। व्यापक वित्तीय इकोसिस्टम में वित्तीय संस्थानों और संगठनों ने संभवतः इंडिया स्टैक को सबसे तेजी से अपनाया है, जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल रहा है और वित्तीय उत्पादों को अपनाना आसान हो रहा है। उदाहरण के तौर पर, प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत बैंक-खातों की संख्या मार्च 2015 के 147.2 मिलियन से तीन गुना बढ़कर अगस्त 2022 में 462.5 मिलियन हो गयी है, जिससे बैंकिंग-सुविधा से वंचित आबादी का एक बड़ा हिस्सा भी इस सुविधा में शामिल हो गया है।

- वसंत राव
प्रबंध निदेशक, आईडीसी, भारत और दक्षिण एशिया

> आईडीसी एक डिजिटल व्यवसाय को इस रूप में परिभाषित करता है- जहां मूल्य सृजन डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आधारित होता है, जिसमें आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं; एक संगठन ग्राहकों, नागरिकों, आपूर्तिकताओं एवं भागीदारों के साथ कैसे जुड़ता है; यह कर्मचारियों को कैसे आकर्षित करता है, प्रबंधित करता है और बनाए रखता है; तथा यह कौन से उत्पाद, सेवाएं और अनुभव प्रदान करता है।

डिजिटलीकरण द्वारा प्रदान किए गए अवसरों के अनुरूप, हम विशेष रूप से बी2सी डोमेन में उद्यमों द्वारा इंडिया स्टैक का व्यापक उपयोग देख रहे हैं। यह भारतीय नागरिकों को मिलने वाले अपार लाभों को रेखांकित करता है। वास्तव में, डिजिटल के लिए सरकार का जोर इतना प्रभावशाली रहा है कि भारत में इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन के हाल में किए गए डिजिटल व्यापार सर्वेक्षण (अगस्त 2023) के अनुसार, 25 प्रतिशत मध्यम से बड़े उद्यमों का कहना है कि उनका डिजिटल बिजनेस मॉडल अपनाने के प्रमुख कारकों में से एक- डिजिटलीकरण पर सरकार का जोर- था।

आईडीसी एक डिजिटल व्यवसाय को इस रूप में परिभाषित करता है- जहां मूल्य सृजन डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग पर आधारित होता है, जिसमें आंतरिक और बाहरी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं; एक संगठन ग्राहकों, नागरिकों, आपूर्तिकताओं एवं भागीदारों के साथ कैसे जुड़ता है; यह कर्मचारियों को कैसे आकर्षित करता है, प्रबंधित करता है और बनाए रखता है; तथा यह कौन से उत्पाद, सेवाएं और अनुभव प्रदान करता है।

यह जानना उत्साहजनक है कि भारतीय उद्यम डिजिटल अपनाने में अपने समकक्षों से ज्यादा पीछे नहीं हैं तथा इसके लिए हमारे मजबूत डेवलपर समुदाय और आईटी सेवाओं में पारंपरिक ताकत को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। आईडीसी का डिजिटल व्यापार सर्वेक्षण यह भी बताता है कि सीईओ आज एक तिहाई से अधिक भारतीय कंपनियों में डिजिटल रणनीति को प्रेरित करते हैं। डिजिटल एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए, अन्य 25 प्रतिशत भारतीय उद्यमों ने पिछले दो वर्षों में मुख्य डिजिटल अधिकारी और मुख्य डेटा अधिकारी जैसे नए पद स्थापित किए हैं। उद्यम मानते हैं कि डिजिटल बिजनेस मॉडल परिचालन दक्षता बढ़ाने, बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाने, प्रतिस्पर्धा-आधारित लाभ बढ़ाने और सबसे महत्वपूर्ण, ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

हालांकि डिजिटल प्रारूप केवल उद्यमों तक सीमित नहीं है, भारतीय उपभोक्ता ने भी इसे उत्साहपूर्वक अपनाया है। 850 मिलियन इंटरनेट ग्राहकों, 1.1 बिलियन मोबाइल ग्राहकों (जिनमें से 630+ मिलियन स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं) और 398 मिलियन सोशल मीडिया उपयोगकताओं के साथ- भारत में पहले से ही संचार व इंटरनेट सेवाओं से जुड़ी आबादी मौजूद है। यह आबादी डिजिटल मॉडल को अपना रही है- डिजीलॉकर के 137 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ता हैं, यूपीआई में 300 मिलियन सक्रिय उपयोगकर्ता हैं और को-विन में 1.1 बिलियन पंजीकृत व्यक्ति हैं।

उद्यमों और उपभोक्ताओं द्वारा सक्रिय रूप से डिजिटल अपनाने से, यह स्पष्ट है कि भारत का डिजिटल रूप में बदलाव वास्तविक, अपरिवर्तनीय और व्यापक है। केन्द्रीय आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री श्री राजीव चंद्रशेखर ने हाल ही में कहा है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था 2026 तक भारत की जीडीपी में 20 प्रतिशत का योगदान देगी। आईडीसी भी भारत की डिजिटल संभावनाओं के बारे में समान रूप से उत्साहित है। दो साल पहले, 34.8 प्रतिशत भारतीय व्यवसायों ने आईडीसी को बताया था कि उनका 50 प्रतिशत या अधिक राजस्व डिजिटल बिजनेस मॉडल से आता है। आज, यह संख्या 50 प्रतिशत है और तीन वर्षों में आईडीसी को उम्मीद है कि 62 प्रतिशत भारतीय उद्यम अपने राजस्व का 50 प्रतिशत से अधिक डिजिटल बिजनेस मॉडल से प्राप्त करेंगे। इन कारणों से, नए भारत का भविष्य डिजिटल होने के साथ उज्ज्वल भी है!

खास बात

संदेशखाली: ममता राज में नहीं रखवाली

डॉ मयंक चतुर्वदी

देश, 'संदेशखाली' से सकते में है। दुख है कि संविधान की सबसे ज्यादा दुहाई देनेवाली ममता बनर्जी के राज में यह हालत हैं कि एक नहीं आज कई "संदेशखाली" पैदा हो गये हैं, जहां महिलाओं की इज्जत तार-तार हो रही है। हिंसा का तांडव कहीं भी हो सकता है और तुष्टीकरण की राजनीति के चलते बहुसंख्यक हिन्दू समाज कभी भी मौत के घाट उतार दिया जाता है। लव जिहाद, लैंड जिहाद और विदेशी घुसपैठ तो जैसे यहां रोजमर्रा की बात हो चुकी है। फिर भी देखो, कितनी बेशर्मी है ! हद है, ममता दीदी उलटा सभी कमियों के लिए भाजपा और संघ परिवार को जिम्मेदार ठहरा रही हैं और बिना किसी ठोस साक्ष्य के वह सब बोल रही हैं जो उनके नैरेटिव में फिट बैठता है। आज यहां "संदेशखाली" नहीं जल रहा है । बल्कि इस राज्य के 23 जिलों में से 16 जिले कहीं न कहीं कम-अधिक हिंसा के शिकार हैं। वह तो अच्छा हुआ, पांच जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय की टीम राशन घोटाले में जांच करने टीएमसी नेता शाहजहां शेख के "संदेशखाली" वाले आवास पर छापेमारी करने पहुंच गई, तभी यह हो सका कि जो सच वर्षों से डर के कारण बाहर नहीं आ पा रहा था, उसे दुनिया के सामने आने का मौका मिला। लम्बे समय से यहां की महिलाओं को दबाकर रखने की जो सोच थी, उससे मुक्ति मिली है ।"संदेशखाली" में महिलाओं की स्थिति कितनी दयनीय है, वह उनके बयानों में झलकता है, जिसमें वे खुलकर कह रही हैं "किसी महिला का पति तो है, लेकिन उस पति का अपनी पत्नी पर अधिकार नहीं है। कुछ पुरुषों को अपनी पत्नियों को हमेशा के लिए छोड़ना पड़ गया है, क्योंकि टीएमसी के गुंडे उन्हें अपने साथ रख रहे हैं।" महिलाएं अपने ऊपर हुए अत्याचार को चीख-चीख कर बयां कर रही हैं। कैसे शाहजहां शेख और उसके समर्थकों ने उनका यौन उत्पीड़न किया है। शाहजहां शेख के गुर्गे रात में आकर जबरन उठाकर ले जाते थे और सुबह छोड़ दिया करते थे। टीएमसीवाले गांव में घर-घर जाकर सर्वे करते हैं। जिस घर में कोई सुंदर महिला या लड़की दिखती है तो उसे पार्टी ऑफिस ले जाया जाता है।

आयुर्वेद: क्या यह स्वास्थ्य का भविष्य है

स्वास्थ्य

आयुर्वेद भारतीय चिकित्सा प्रणाली, जो 5000 वर्षों से भी अधिक पुरानी है, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है। यह रोगों को रोकने और उनका इलाज करने के लिए प्राकृतिक तरीकों पर केंद्रित है।

आयुर्वेद के कुछ प्रमुख सिद्धांतों में शामिल हैं: प्रकृतिः शरीर और प्रकृति एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। त्रिदोषः शरीर में तीन ऊजाएं (वात, पित्त और कफ) होती हैं, जो स्वास्थ्य और बीमारी को नियंत्रित करती हैं। संतुलनः स्वास्थ्य के लिए त्रिदोष का संतुलन आवश्यक है। आहार और जीवनशैलीः आहार और जीवनशैली स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

आयुर्वेद के कुछ लाभों में शामिल हैं: रोगों की रोकथामः आयुर्वेद रोगों को रोकने और उनका इलाज करने के लिए प्राकृतिक तरीकों का उपयोग करता है। समग्र स्वास्थ्यः आयुर्वेद केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर ही नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर भी ध्यान केंद्रित करता है। सुरक्षाः आयुर्वेदिक उपचार आमतौर पर सुरक्षित होते हैं और इनके कम दुष्प्रभाव होते हैं।

आयुर्वेद के कुछ नुकसानों में शामिल हैं: वैज्ञानिक प्रमाणः आयुर्वेदिक उपचारों के लिए वैज्ञानिक प्रमाणों की कमी है। समय और लागतः आयुर्वेदिक उपचारों में समय और पैसा लग सकता है।

उपलब्धताः सभी जगह आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध नहीं हैं।

आयुर्वेद स्वास्थ्य का भविष्य हो सकता है, यदि वैज्ञानिक अनुसंधानः आयुर्वेदिक उपचारों के लिए वैज्ञानिक प्रमाणों को बढ़ाने के लिए अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है।

विगत 10 वर्षों से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जारी विकास यात्रा लगातार गरीबों का सशक्तिकरण कर रही है। अंतरिम बजट 2024-25 में इस सशक्तिकरण अभियान को गति और सुनिश्चित दिशा देने के पर्याप्त प्रावधान हैं।

– अन्नपूर्णा देवी केन्द्रीय मंत्री

सोशल मीडिया

झारखंड विधानसभा में विश्वास मत के दौरान हमारी सरकार का समर्थन करने के लिए गठबंधन में शामिल सभी माननीय विधायकों को धन्यवाद। हमारी एकता ने राज्य को अस्थिर करने के षड्यंत्र को विफल कर दिया।

– चंपई सोरेन, सीएम झारखंड

हेमंत सोरेन जी ने आज विधानसभा में बहुत मार्मिक बात कही हम जंगल से बाहर आए, इनके बराबर में बैठ गए, तो इनके कपड़े मैले हो गए। यह सिर्फ एक बयान नहीं, पूरे आदिवासी समाज की संयुक्त पीड़ा है।

– राहुल गांधी, कांग्रेस

जगत्गुरु रामभद्राचार्य, संस्कृत और ज्ञानपीठ पुरस्कार

संजय तिवारी

भारतीय साहित्य में सृजन के सर्वोच्च सम्मान प्रदान करने वालों की दृष्टि 1965 के बाद दूसरी बार संस्कृत भाषा पर पड़ी है। इस बार यह पुरस्कार संस्कृत और उर्दू को एक साथ दिए जाने की घोषणा की गई है। भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' भारतीय साहित्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार की स्थापना साल 1965 में की गफ थी। देश का कोई भी व्यक्ति जो भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में बताई गई 22 भाषाओं में से किसी भी भाषा में लिखता हो इस पुरस्कार के योग्य है। वर्ष 2023 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कारों की घोषणा होते ही सभी का ध्यान देश के एक ऐसे संत की ओर मुड़ गया जिसकी प्रतिभा के कायल देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हैं। संस्कृत में साहित्य सृजन के लिए जगतगुरु रामभद्राचार्य को वर्ष 2023 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार सम्मान देने की घोषणा हुई है। इन्हीं के साथ उर्दू भाषा के लिए गीतकार गुलजार के नाम की भी घोषणा की गई है।

यह अब तक का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि इस सम्मान दाता संस्थान को 1965 से कोई संस्कृत विद्वान दिखा ही नहीं। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे संस्कृत में भारत में कुछ लिखा ही नहीं गया इतने दिनों तक। अब तक हिन्दी तथा कन्नड़ भाषा के लेखक सबसे अधिक 7 बार इस

सम्मान को प्राप्त कर चुके हैं। साल 1965 में मलयालम लेखक जी शंकर कुरुप को प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसमें पुरस्कार स्वरूप 11 लाख रुपये, प्रशस्तिपत्र और वाग्देवी की कांस्य प्रतिमा प्रदान की जाती है। जब वर्ष 1965 में ज्ञानपीठ पुरस्कार की स्थापना हुई थी, तो उस समय पुरस्कार राशि मात्र एक लाख रुपये थी। वर्ष 2005 में पुरस्कार राशि को एक लाख रुपये से बढ़ाकर सात लाख रुपये कर दिया गया, जो वर्तमान में ग्यारह लाख रुपये हो चुकी है। इससे पहले 57वां ज्ञानपीठ पुरस्कार 2021/2022 में दामोदर माऊजो गोवा के उपन्यासकार, कथाकार, आलोचक और निबन्धकार को दिया गया था। इनके द्वारा रचित एक उपन्यास कार्मेलिन के लिए उन्हें सन 1983 में साहित्य अकादमी पुरस्कार (कोंकणी) से सम्मानित किया गया था। मलयालम के प्रमुख कवि अक्कीथम को 56वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चुना गया था। ज्ञानपीठ चयन बोर्ड ने एक बैठक में 56 वें ज्ञानपीठ पुरस्कार 2019 के लिए मलयालम के प्रसिद्ध भारतीय कवि अक्कीथम को चुना था। अक्कीथम का नाम मलयालम कविता जगत में आदर के साथ लिया जाता है। उनका जन्म 1926 में हुआ था और पूरा नाम अक्कीथम अच्युतन नम्बूदिरी है और वह अक्कीथम के नाम से लोकप्रिय हैं। उन्होंने 55 पुस्तकें लिखी हैं जिनमें से 45 कविता संग्रह है। पद्म पुरस्कार से सम्मानित अक्कीथम को साहित्य अकादमी पुरस्कार, केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार (दो बार) मातृभूमि पुरस्कार, वायलर पुरस्कार और कबीर सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। वर्ष 1965 से अब तक ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेताओं की सूची पर एक दृष्टि अवश्य डालनी चाहिए। इसी से स्पष्ट हो जाएगा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को कितना सम्मान मिला है अब तक।

कार्टून वर्ल्ड

साभार : कार्टून मूवमेंट

लेटर टू एडिटर

युगांतरकारी घटना

अयोध्या में राम-जन्म भूमि मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा वास्तव में एक युगांतरकारी घटना है। लगभग पौन-सदी के लम्बे इंतजार के बाद यह शुभ दिन आया। अब हम सबका कर्तव्य बनता है कि हम राम के जीवन के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। हमारी प्राचीन काल से चली आ रही गंगा-जमुनी संस्कृति को और अधिक समृद्ध बनायें।

– रविकांत पाण्डेय, रातू

राजनीतिक पक्ष भी

अयोध्या में राम मंदिर का बनना तथा रामलला की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा न केवल भारत बल्कि विश्व के हिंदुओं के लिए एक सपने के साकार होने के बराबर है। अयोध्या में राम जन्म मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का निहित अर्थ जहां आध्यात्मिक है उससे बढ़कर राजनीतिक है। यह सारा कार्यक्रम भाजपा का था। अधिकांश विपक्षी दल इस राजनीतिक कार्यक्रम में शामिल नहीं थे।

-विशाल सिंह रांची

देश ने एक महानतम जैन संत आचार्य विद्यासागर जी महाराज को खो दिया

विजय केसरी

देश में जैन धर्म के एक महानतम संत विद्यासागर जी महाराज को खो दिया है। आचार्य विद्यासागर जी महाराज का संपूर्ण जीवन जैन धर्म व सत्य और अहिंसा के प्रचार में बीता था। भगवान महावीर के सत्य और अहिंसा के अमर संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में उनके अवदान को कभी विश्व अमृत नहीं किया जा सकता है। नाम के अनुरूप विद्यासागर जी का स्वभाव था । वे बचपन से ही सहज, सरल और मृदुभाषी स्वभाव के रहे थे । उनका यह स्वभाव जीवन के अंतिम क्षण तक बना रहा था। विद्यासागर जी महाराज का बचपन से ही आध्यात्मिक की ओर झुकाव था। वे जिसे मिलते थे, प्रेम से मिलते थे । वे अपनी बातों को प्रेम के साथ ही रखा करते थे । ऐसे उनका पूरा परिवार आध्यात्मिक प्रकृति का रहा था। विद्यासागर जी महाराज का एक आध्यात्मिक परिवेश में लालन पालन हुआ था। विद्यासागर जी के परिवार के सात सदस्यों ने सत्य और अहिंसा के प्रचार में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था। विद्यासागर जी महाराज की विद्वता भारत सहित पूरे विश्व में फैली हुई थी। विद्यासागर जी के शिष्य जैन धर्म के अलावा अन्य धर्म लंबी भी हैं। वे जैन मुनि आचार्यों की श्रेणी में सबसे शीर्ष पर विराजमान रहे थे। इनकी कही बातों का भक्तों पर बहुत ही अनुकूल प्रभाव पड़ता था। विद्यासागर जी महाराज के प्रवचन कार्यक्रम में हजारों हजार की संख्या में भक्तगण जुटा करते थे । आचार्य



विद्यासागर जी महाराज के समाधि ले लेने से संपूर्ण देश में शोक व्याप्त है। लाखों की संख्या में हर धर्म, पंथ और विचार के लोग अपने-अपने स्तर से शोक संवेदना प्रकट कर रहे हैं। इससे प्रतीत होता है कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज कितने लोकप्रिय व महानतम संत थे।

आचार्य विद्यासागर जी महाराज जितने बड़े विद्वान थे, उतने ही प्रखर वक्ता भी रहे थे। उन्होंने जैन धर्म पर कई अनमोल पुस्तकों की रचना भी की थी। उनकी पुस्तकें विश्व भर में पढ़ी जाती हैं। 1980 में विद्यासागर जी महाराज का हजारीबाग की पवित्र धरती पर आगमन हुआ था । हजारीबाग जैन धर्मावलंबियों सहित विभिन्न धर्मावलंबियों ने मिलजुल कर उनका शानदार स्वागत किया था। उनका हजारीबाग में प्रवास के दौरान प्रवचन भी हुआ था । उनका वह प्रवचन एक कालजई प्रवचन था । जिन लोगों ने भी विद्यासागर जी महाराज का वह प्रवचन सुना था, आज भी उन सबों के स्मृति में है। वह कालजई प्रवचन सुनने का मुझे भी सौभाग्य मिला था । विद्यासागर जी महाराज ने एक सेकंड के महत्व पर अपनी बातों को रखा था । उन्होंने प्रश्न खड़ा कर कहा था कि एक सेकंड का आपके जीवन में क्या महत्व है ? एक सेकंड के अंतराल में जीवन और मृत्यु बिल्कुल निकट से एक दूसरे से मिलकर गुजर जाते हैं। एक सेकंड में प्रकृति कितना बदल जाती है । एक सेकंड के अंतराल में मनुष्य के जीवन में क्या-क्या बदलाव हो सकते हैं ? उन्होंने कहा था कि मनुष्य का जीवन बहुत ही अनमोल है। कई योनियों से विचारण के पश्चात मनुष्य की योनि प्राप्त होती है । समय, एक-एक सेकंड कर आगे बढ़ता ही रहता है इंतजार नहीं करता है। जो महापुरुष महान बने हैं, उन सबों ने अपने एक सेकंड का बिना समय गंवाए सदुपयोग किए तभी वे सब महापुरुष बन पाये थे ।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एक नजर में

किड्स जोन पब्लिक स्कूल का प्रथम वार्षिक समारोह का आयोजन

समारोह में शामिल शिक्षकगण।

खबर मन्त्र संवाददाता

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा

बड़कागांव। गुरु चट्टी ब्लॉक मोड़ स्थित किड्स जोन पब्लिक स्कूल का प्रथम वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ख्याति तिवारी व सुधीर पांडे ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीप सदस्य यास्मीन निशा व विशिष्ट अतिथि मुखिया रंजीत कुमार एवं अन्य उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जीप सदस्य यास्मीन निशा ने कहा कि स्कूल में बच्चों को अच्छी तरह से तराशा जा रहा है जिससे आगे चलकर भविष्य में बच्चे अच्छे करेंगे इसकी हम कामना करते हैं। मखिया रंजीत कुमार ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास करें। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने ताइक्वांडो, डांस कॉमेडी का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसे देख सभी ने बच्चों की प्रशंसा की। बताते चले की किड्स जोन पब्लिक स्कूल की स्थापना 2020 में हुई थी उसके बाद कोरोना काल के चलते स्कूल को बंद रखा गया था। पुनः 1 वर्ष से स्कूल सही ढंग से संचालित है। जिसका प्रमुख ब्रांच हजारीबाग है। हजारीबाग में किड्स जोन के दो स्कूल संचालित हैं। वहीं बड़कागांव में एक स्कूल संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

मौके पर डायरेक्टर अभय कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर सोनू कुमार गुप्ता, सेक्रेटरी रामबली सिंह, प्राचार्य प्रिया सिंह,शिक्षकों में डोली गुप्ता, भारती पातरा, मानषी सिंह, मानषी सिन्हा, शुभनिता पातरा, पूजा सिंह, रंकेज कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

पांच दिवसीय श्री श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ प्रारंभ

501 कलश यात्री सहित गाजे बाजे के साथ हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी हुए शामिल

बूके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत करते यज्ञ समिति अध्यक्ष

कलश यात्रा में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। मरार बरवांटांड़ स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में आयोजित श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ सोमवार 19 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र की प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉक्टर गीता सिन्हा मानकी, विशिष्ट अतिथि आजसू मांडू विधान सभा प्रभारी तिवारी महतो, आजसू नेता मनोज कुमार महतो, नरेश साहू, चीतू महतो, पवन यादव, रतन यादव उपस्थित थे। सभी आगत अतिथियों को यज्ञ समिति अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा बूके देकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात यज्ञाचार्य विकास पाण्डेय व उनके सहयोगी ब्राह्मणों की टोली द्वारा मंदिर में पूजा पाठ के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा पांच मुख्य यजमानों को पीतल कलश देकर कलशयात्रियों को रवाना किया। कलशयात्रा में 501 महिलाएं व युवतियां शामिल हुईं। सभी कलश यात्री पीत वस्त्र धारण कर व अपने अपने सीर पर कलश लेकर जल भरने के लिए टूटी झरना प्राचीन शिव मंदिर पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य विकास पाण्डेय व उनके सहयोगी नारायण पांडेय, सत्यजीत तिवारी, अनिल पांडेय, प्रकाश पांडेय, निलेश पांडेय, कृपाचार्य पाण्डेय, रोशन पांडेय सहित 11 ब्राह्मणों की टीम द्वारा पूरे विधि विधान से जल संकल्प कराया गया। तत्पश्चात सभी कलश यात्री संकल्प जल भरे कलश को अपने-अपने सिर पर रखकर जयकारा लगाते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंचे।

प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

बड़कागांव। झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय सिंह ने सोमवार को हजारीबाग में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मुलाकात कर व बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान संजय सिंह ने कहा कि निश्चित तौर पर चंपई सोरेन के कार्यकाल में झारखंड सरकार के द्वारा जनता के हित में अधिक से अधिक कार्य किए जाएंगे। जिसमें स्थानीय झारखंडियों का विशेष ख्याल रखा जाएगा। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के द्वारा झारखंड में जातीय जनगणना कराने का निर्णय एक बड़ा कदम है जिसका लाभ झारखंडियों को मिलेगा।

रैदास जयंती मनाने को लेकर चुरचू में हुई बैठक

चरही। प्रखंड के चुरचू पंचायत के बहेरा टोला अंबेडकर भवन में संत शिरोमणि रैदास जयंती मनाने को लेकर रविदास समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समाज के मालिक योगेन्द्र राम और संचालन संतोष राम ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि रैदास जयंती हर्षोउल्लास व धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। वही विधिवत पूजा अर्चना के बाद गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण करने का काम किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों को नीला पगड़ी व बुके देकर सम्मानित करने करने का भी निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कोर कमेटी का गठन किया गया।

20, 21 22 फरवरी को लगेगा पेंशन शिविर : बीडीओ

इचाक। प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालय में 20 21 और 22 फरवरी को पेंशन के लिए शिविर लगाए जाएंगे।उक्त बातें इचाक प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार ने कही। कहा कि जो बुजुर्ग महिला- पुरूष का सर्वजन पेंशन योजना से लाभान्वित नहीं है। वैसे लाभुक इस कैंप में आकर आवेदन दें। जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार ने 50 वर्ष से सभी महिलाओं को पेंशन देने का आदेश दिया है। ओबीसी पुरुषो के लिए 60 वर्ष आयु सीमा की गई है। इस योजना में 1000 रुपए प्रतिमाह दिए जायेंगे। योजना का लाभ लेने के लिए एसटी,एसी जाति प्रमाण पत्र का मांग किया गया है। बीडीओने यह भी बताया कि जाति प्रमाण पत्र के लिए अलग से स्टॉल लगाए जाएंगे। यह स्टाल तीनों दिन लगेंगे। सभी बुजुर्ग महीला पुरूष स्टॉल में आकर आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र भी बनाए और जमा करे।

अबुआ आवास कार्यक्रम में शामिल हुए बरही के कांग्रेसी नेता

खबर मन्त्र संवाददाता

कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी नेता।

बरही। हजारीबाग में अबुआ आवास को लेकर आयोजित मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकरी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, बरही अंचलाधिकारी राम नारायण खलको के साथ बरही विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, कांग्रेस ओबीसी जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता, बरही प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष राजू राणा, पंचायत सचिव नरेश साव भी शामिल रहें।

सनराइज पब्लिक प्लस 2 हाई स्कूल ने मनाया छत्रपति शिवाजी की जयंती

सनराइज पब्लिक प्लस 2 हाई स्कूल के छात्र-छात्राएं।

खबर मन्त्र संवाददाता

दारू। दारू प्रखंड अंतर्गत पेटो में स्तिथ सनराइज पब्लिक प्लस 2 हाई स्कूल में छत्रपति शिवाजी की जयंती बहुत ही धूमधाम के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के निर्देशक आशीष राउत सहशिक्षक निशांत सिन्हा एवं सुबोध कुमार के द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात आशीष राउत ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा उनके वीरगाथा की महत्वपूर्ण तत्वों के बारे में बच्चों को संबोधित किया। छात्रों ने उनके वीर गाथाओं को सुनकर अपने आत्मविश्वास को बढ़ाया। शिक्षक निशांत सिन्हा एवम सुबोथ कुमार ने भी बच्चों को प्रेरित करते हुए तथा शिवाजी के विचारों को अपने जीवन मे अपनाने की सलाह दी।

इस अवसर पर कई विद्यार्थियों ने भी उनकी जीवन गाथा को बतलाने की कोशिश किये। इस मौके पर शिक्षक निशांत सिन्हा, मनोज कुमार, सौरभ साहा, सुबोध कुमार, रिंकू कुमार, आशीष कुमार, रामविलास राउत, जीवन कुमार, सीता कुमारी, सीमा सिंह,निधि स्नेहा, खुशी सिन्हा, सुमन कुमारी, दिव्या कुमारी, श्वेता देवी, कविता कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

ग्रामीणों को फोन कर धमकाने वाला युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

टाटीझरिया। टाटीझरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरकी गांव के ग्रामीणों को फोन कर धमकाने और गाली गलौज करने के मामले में अभियुक्त गोलू कुमार पिता धनेश्वर साह समस्तीपुर बिहार निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लेकर हजारीबाग जेल भेज दिया गया। बता दे की गोलू कुमार पिता धनेश्वर साह वार्ड नंबर 15 भेखोखड़ा थाना मोतीपुर (ताजपुर) जिला समस्तीपुर बिहार निवासी टाटीझरिया थाना क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों को फोन करके गाली गलौज और धमकी देता था। थाना क्षेत्र के लोगो को बहुत ही परेशान कर अलग अलग कई मोबाइल नंबरों से फोन कर धमकी देने के मामले में क्षेत्रीय लोगो ने लिखित आवेदन 27 जनवरी 2024 को टाटीझरिया थाना में प्रशिक्षु उपाधीक्षक सह टाटीझरिया थाना प्रभारी अनुभव भारद्वाज को दिया।

लाभुकों को मिला अबुआ आवास की स्वीकृति पत्र

आबुआ आवास की स्वीकृति पत्र देती बीडीओ।

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने प्रखण्ड मुख्यालय में 20 पंचायत के सभी लाभुकों को अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। जिसमे बरही पूर्वी पंचायत में 26, पश्चिमी में 39, बरसोत में 37, बसरिया में 55, बेंदगी में 49, भंडारों में 28, विजैया में 53, डपोक में 41, धनवार में 28, दुलमहा में 38, गोरियाकरमा में 45, करियातपुर में 48, करसो में 55, केदारुत में 20, खोडाहार में 33, कोल्हुवाकला में 40, कोनरा में 28, मलकोको में 27, रानीचुआ में 27, रसोइया धमना में 44 अबुआ आवास स्वीकृत हुआ है। मौके पर आवास कॉर्डिनेटर कमलेश भारती, भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंह, प्रशांत कुमार के अलावा सभी पंचायत सचिव के अलावा सभी मुखिया व प्रखण्ड कर्मी मौजूद रहे।

छत्रपति शिवाजी+2 उच्च विद्यालय ने मनाई वर्षगांठ

वर्षगांठ में शामिल शिक्षणगण।

खबर मन्त्र संवाददाता

दारु। प्रखंड क्षेत्र के इरगा पंचायत के बड़वार मे स्तिथ छत्रपति शिवाजी+2 उच्च विद्यालय मे वीर शिवाजी की जयंती के दिन विद्यालय की छठी वार्षिक दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर मे एक भव्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद , विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू व समाजसेवी रामसेवक यादव ने दीप प्रजवलित कर फीता काटकर किया। विद्यालय के प्राचार्य सिकंदर यादव ने मुख्य अतिथियों को पुष्प गुछ् देकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया ।इस कार्यक्रम की शुरूवात मे विद्यालय की शिक्षिका अनिता पाण्डेय ने वीर शिवाजी की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके युद्ध कौशल के बारे मे जानकारी दी।विद्यालय की छात्रावों ने स्वागत गीत पर शानदार डांस प्रस्तुत कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। इसके साथ ही विद्यालय के छात्र छात्रावों ने इक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में मौजूद सांसद प्रतिनिधि और विधायक प्रतिनिधि ने विद्यालय की वार्षिक स्थापना दिवस पर विद्यालय प्रबंधन और स्कूली बच्चों को बधाई देते हुए विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना किया। प्राचार्य सिकंदर यादव ने विद्यालय के नित नये बढ़ते कदम की जानकारी दी। इस दौरान सदर प्रखंड उपप्रमुख रविकांत सिंह के साथ बच्चों के अभिभावक और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद थे।

जरूरतमंदों को विकास योजनाओं का लाभ दिलाता रहेगा भाजपा : नारायण चंद्र भौमिक

सांसद जयंत सिन्हा के सहयोग से 40 जरूरतमंदों के बीच कंबल का हुआ वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

कंबल का वितरण करते सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक

भुरकुंडा (रामगढ़)। हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से जवाहर नगर पंचायत भवन में सोमवार को जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक द्वारा क्षेत्र के करीब 40 गरीब-असहाय, वृद्ध-दिव्यांग व जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया। साथ ही मुख्य अतिथि नारायण चंद्र भौमिक द्वारा जवाहर नगर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप मांझी, पंचायत समिति प्रतिनिधि रॉबीन मुखर्जी व मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेंद्र यादव को पंचायत में किये गये बेहतर कार्य के लिए अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं जवाहर नगर पंचायत के सीनियर सिटीजन रतन रविदास, माधो बेदिया, रामप्रसाद बेदिया, पालु रविदास, रंजीत रविदास को भी सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि नारायण चंद्र भौमिक ने हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को संसद महारत्न से पुरस्कृत होने पर बधाई देते हुए कहा की भाजपा का उद्देश्य ही सबका साथ-सबका विकास है।

उन्होंने कहा की सांसद जयंत सिन्हा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास व सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रति कटिबद्ध हैं। मुख्य अतिथि श्री भौमिक ने कहा की भाजपा में सभी वर्गो का ख्याल रखते हुए सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। यही कारण है की भाजपा के क्रिया-कलापों से प्रेरित होकर लोगा हमारे पार्टी में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा एसी मोर्चा के जिला प्रभारी जुगल नायक व संचालन भाजपा नेता सुरेंद्र यादव ने किया। मौके पर भाजपा भुरकुंडा मंडल के सांसद प्रतिनिधि जगातर सिंह, रामगढ़ जिला डीएमएफटी के सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह, रामगढ़ जिला कृषि सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी, संतन सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में दर्शन लोहरा, नागेश्वर नायक, मनोज कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

कार्यालय नगरपंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

अति अल्पकालिन ई-निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या-01/2023-24 दिनांक-19.02.2024

क्र0सं0	वार्ड सं0	कार्य का नाम	निविदा की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	01	Const. of rcc drain with cover from shiv mandir to ramchandra paswan house.	2181600.00	44000.00	5000.00	03 Months
2	09	Const. of rcc drain with cover slab from manjula sharma school to Tarkeshwar yadav shop.	1364710.00	27500.00	5000.00	03 Months
3	10	Const. of RCC drain with cover slab from lakhan lohar house to bindu paan dukan.	1719620.00	34500.00	5000.00	03 Months
4	07	Const. of RCC drain with cover slab bhagawat Mehta house to rinku singh boundry	1649985.00	33000.00	5000.00	03 Months
5	08	Const. of PCC and Paver Block road from guharitalab (giridih road) to dhab road.	1860876.00	37500.00	5000.00	03 Months
6	05	Const. of PCC road from mahendra kumar Mehta house to kaali mandap.	1425360.00	29000.00	5000.00	03 Months
7	12	Const. of 220 ft. sidhi at jaluwadaha talab.	1309620.00	26500.00	5000.00	03 Months
8	01&03	Const. of PCC road and paver block from rajaak miyan house to primery school mahthadih.	1941200.00	39000.00	5000.00	03 Months
A	Date of Publication of Tender on website.				21-02-2024	
B	Last Date/Time for receipt bid on online				27-02-2024	
C	Date of Opening Tender				29-02-2024	
D	Name & Address of office inviting tender				Executive Officer Nagar Panchayat Domchanch	
E	Helpline No.				9430497772	

PR 319518 (Urban Development) 23-24 (D)

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच।

कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

अति अल्पकालीन
डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना-03/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच के अन्तर्गत एक वर्श के लिए (दिनांक-अप्रेल 2024 सेमार्च 2025 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई-प्रोक्यूमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 11:30 बजे प्रशासक नगर पंचायत, डोमचाँच के कार्यालय कक्ष मेंहोगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एंव समय के अनुसार दिनांक-27.02.2024 को प्रशासक नगर पंचायत, डोमचाँच के कार्यालय कक्ष में खुली डाक से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

क्र0सं0	बन्दोबस्ती का नाम	सुरक्षित 2024 के लिए	जमानत की राशि 10%	समय
1	सांस्कृतिक भवन	270000.00	27000.00	दिनांक-27.02.2024 को 11:00 बजे से

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 319525 Urban Development (23-24)_D

झारखंड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला

अति अल्प कालिन ई- पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई-पुनर्निविदा संख्या:- 12/R2/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक:-17.02.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि अंक में (लाख)	प्राक्कलित राशि अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि।	टेण्डर कॉल सं0
1	RWD/GUMLA/STPKG-11/2023-24	डुमरी से करमडोन तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0-4.400 कि0मी0) डुमरी से पकरीटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0-2.500 कि0मी0) अकासी से करमडोनी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0-4.200 कि0मी0) आर0ई0ओ0 रोड़ जैरागी से डहकुल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0-2.500 कि0मी0) ताती से बमहनडीपा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0-1.700 कि0मी0) बानडुआ से महुआडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0-2.200 कि0मी0) आर0ई0ओ0 रोड़ बाधमरिया से बनडुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0-2.662 कि0मी0) पी0डब्लू0डी0 रोड़ कानजी से बतसपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0-1.650 कि0मी0) चिरैया से खुँटकोना तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0-5.200 कि0मी0)	1550.148	पन्द्रह करोड़ पचास लाख चौदह हजार आठ सौ रू0 मात्र।	15 माह	तृतीय

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 21.02.2024
3 ई- निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-27.02.2024 अपराहन 04:00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 29.02.2024 अपराहन 5:00 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन-835207
6 ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 - 06524-465040।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/-
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 319428 Rural Work Department (23-24)_D

स्पीड न्यूज

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमइजीपी) को लेकर हुई बैठक

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला उद्योग महाप्रबंधक द्वारा विभिन्न बैंकों में पीएमईजीपी अंतर्गत भेजे गये कुल आवेदन, स्वीकृत आवेदन, निरस्त आवेदन और लंबित आवेदनों की जानकारी दी गई। उपायुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित संबंधित बैंक प्रबंधकों को लंबित आवेदन स्वीकृत किये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। जिला उद्योग महाप्रबंधक द्वारा पीएमएफएमई योजना अंतर्गत जिला को लक्ष्य और उसके आलोक में निष्पादन की जानकारी दी गई। बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला उद्योग महाप्रबंधक अनिल कुमार, आरसेटी निदेशक समेत विभिन्न बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे।

श्री राम समिति ने जारी की एडवाइजरी बैठक में न पहुंचने वाले पर होगी करवाई

लोहरदगा। शहर के सुभाष चौक स्थित देवी मंदिर प्रांगण में जय श्री राम समिति की बैठक हुई। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से संगठनात्मक दृष्टिकोण से चर्चा की गई। बैठक में पहुंचे पदाधिकारीयो ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया की आने वाले दिनों में जय श्री राम समिति के बैनर तले बड़ा आयोजन होने वाला है। इसी को देखते हुए सभी पदाधिकारी को एडवाइजरी जारी करते हुए सख्त आदेश का पालन करने का निर्देश दिया गया और यह भी कहा गया अगर पदाधिकारीयो की उपस्थिति बैठक में नगण्य होने पर उस पर कठोर करवाई की जाएगी। आगे कहा गया जिन्हें जो जिम्मेवारी मिली है वह एक सप्ताह के अंदर पूरी निष्ठा के साथ पूरा कर जिला कमेटी को सौंपे। अगली बैठक 25 फरवरी दिन रविवार को इसी स्थान पर सुबह 8:00 बजे की जाएगी। मौके पर जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो,अनिल उरांव,प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, अनुज कुमार, बजरंग करुवा,राज महतो, विनोद प्रसाद, बजरंग साहू, नितेश जयसवाल आदि मौजूद थे।

पूर्व सीओ की पत्नी को मिला नियुक्ति पत्र

लोहरदगा। दिवंगत अंचल अधिकारी अरूण तिर्की की पत्नी अनुपा कुमारी को आज अनुकंपा के आधार पर जिला में तृतीयवर्गीय लिपिक के पद पर नौकरी हेतु उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा नियुक्ति-पत्र सौंपा गया। बताते चले की लोहरदगा सदर प्रखंड के अंचलाधिकारी के रूप में कार्यरत अरुण तिर्की की आकस्मिक निधन हो गया था। इस मौके पर स्थापना उपसमाहर्ता व अन्य उपस्थित थे।

जिला स्तरीय रोजगार मेला 21 को

लोहरदगा। रोजगार सृजन मेला झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने हेतु दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य गरीब बेरोजगार युवायों को रोजगार से जोड़ना है। मेले में करीब 20 नियोजक हिस्सा ले रहे हैं। मेला में न्यूनतम पांचवी एवं अधिकतम मैट्रिक, इंटर, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा पढ़े युवक युवतियां आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, उच्च शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो के साथ भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम नया नगर भवन सदर प्रखंड कार्यालय के सामने 21 फरवरी को सुबह 10 बजे से 3 बजे तक होगा। उक्त जानकारी जेएसएलपीएस डीपीएम अनिता केरकेट्टा द्वारा दी गयी।

अवैध बालु लदा ट्रैक्टर जब्त

सेन्हा-लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के कोयल नदी जोगना बालु घाट से अवैध बालु लाद कर जोगना सेन्हा पथ से परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को सीओ द्वारा सेन्हा चौक की ओर जा रहा था जिसपर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी द्वारा अंचल में तैनात होम गार्ड के जवानों के सहयोग से ट्रैक्टर को रोक कर चालक से बालु परिवहन का कागजात की मांग किया गया। जिसे ट्रैक्टर चालक द्वारा किसी तरह का कागजात नही दिखाने पर ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है। वही अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने कहा कि परीक्षा ड्यूटी के दौरान कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा पहुंचे थे। दिन में ही एक ट्रैक्टर को आते देख वाहन को रुकवा कर देखा गया तो अवैध बालु लदा हुआ था। जिसे चालक द्वारा किसी तरह का कागजात नही दिखाया गया तो ट्रैक्टर को जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रख जिला खनन पदाधिकारी को विभागीय करवाई हेतु पत्र को लिखा गया है साथ ही कहा कि किसी प्रकार से अवैध बालु परिवहन का कार्य करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज कर नियम संगत करवाई किया जायेगा।

जगतगुरु रामभद्राचार्य एवं गुलजार को ज्ञानपीठ पुरस्कार देने पर जताया हर्ष

लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज एवं उर्दू के कवि तथा प्रख्यात गीतकार गुलजार को देश का साहित्य के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने पर प्रसन्नता एवं हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि इस सम्मानित ज्ञानपीठ पुरस्कार के सही हकदार थे, सिंह ने कहा है कि जब से नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है किसी भी राष्ट्रीय पुरस्कार को व्यक्ति के प्रतिभा, योग्यता, दक्षता एवं गुणवत्ता के आधार पर बिना किसी सिफारिश एवं पैरवी के प्राप्त होता है। जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज विलक्षण प्रतिभा के धनी है, सनातन समाज के लिए किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस तरह उर्दू के कवि और प्रख्यात गीतकार गुलजार ने साहित्य के क्षेत्र में अद्भुत कार्य किया है। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अपने गीतों के माध्यम से अपने अलौकिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। बधाई देने वालों में शिक्षाविद मदन मोहन पांडे,शांति आश्रम के शरद चंद्र आर्य, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, शिव शंकर सिंह, प्रवीण भारती, संजय बर्मन, अनिल कुमार पांडे, अजय पंकज, शशि भूषण सिंह, अतुल कुमार आदि शामिल है।

रायडीह के नये थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने योगदान दिया

रायडीह। रायडीह थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में कुंदन कुमार सिंह ने सोमवार को योगदान दिया। उहोंने निवर्तमान थानेदार अमित कुमार से प्रभार लिया। निर्वतमान थाना प्रभारी ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके अतिरिक्त सब इंस्पेक्टर बाल मुकुंद सिंह, महेश पासवान, एएसआई सह मुंशी तापेश्वर बैठा, व्यवसायी सह शांति समिति के सदस्य कमलेश कुमार झा और मनीष कुमार झा ने भी बुके देकर नये थाना प्रभारी का अभिनंदन किया। कमलेश कुमार झा एवं संजय कुमार सिंह पूर्व थाना प्रभारी को अंग वस्त्र और गुलदस्ता देकर शुभकामना देते हुए विदाई दिया। पदभार ग्रहण के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जन सहयोग से थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था को कायम किया जायेगा। पूर्व के थाना प्रभारी और प्रबुद्ध गणमान्य व्यक्तियों से सहयोग लिया जायेगा। फिलहाल लोकसभा चुनाव है उसे शांति पूर्ण तरीके कराना है। उसकी तैयारी करना है।

भंडरा में 917 छात्रों ने दी मैट्रिक की परीक्षा

भंडरा। जैक द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार सोमवार को प्रखंड के दो केंद्रों लाल बहादुर शास्त्री व बिटपी केंद्र पर मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में कदाचारमुक्त हुई। मैट्रिक-इंटर की परीक्षा में प्रखंड में 917 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें लाल बहादुर शास्त्री केंद्र में 550 छात्रों में 545 उपस्थित हुए । वही बिटपी केंद्र में 373 छात्रों में 372 छात्रों ने मैट्रिक में हिंदी विषयक परीक्षा में विद्यार्थियों ने सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा लिखी। मैट्रिक की परीक्षा में परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

लोहरदगा डीसी ने किसानों से धान की खरीद में आ रही समस्याओं को दूर करने का दिया निर्देश

आपूर्ति विभाग की हुई समीक्षा बैठक

खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में धान अधिप्राप्ति योजना (2023-24) की समीक्षा की गई। जिसमें लैम्पस में किसानों से धान की खरीद में आ रही समस्याओं को दूर करने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) और हरा राशन कार्ड योजना अंतर्गत लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की और वितरण सौ प्रतिशत किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में पीवीटीजी डाकिया योजना, धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना और अक्टूबर-फरवरी माह तक राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदन की समीक्षा की गई और आवश्यक निदेश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिये गये। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, जिला कृषि पदाधिकारी शिवपूजन राम, सभी लैम्पस के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

ग्रामीणों की सेवा सहयोग एवं सुरक्षा में सदैव तत्पर रहता है सीआरपीएफ : सर्वेश्वर सिंह

सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत जरूरत के समान का किया गया वितरण

खबर मंत्र संवाददाता

चैनपुर। सिविक एक्शन प्लान के तहत सीआरपीएफ 218 बटालियन के द्वारा सोमवार को चैनपुर थाना क्षेत्र के रामपुर, कनकेल, बुकमा, दीपाटोली, बरटोली ग्राम में कैंप लगाकर ग्रामीणों के सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें सोल, मच्छर दानी, पानी के ड्रम इत्यादि शामिल है। इस अवसर पर सीआरपीएफ के कंपनी कमाण्डेन्ट सर्वेश्वर सिंह ने कहा कि सीआरपीएफ 218 बटालियन के द्वारा समय-समय पर इस तरह के आयोजन किये जाते हैं ताकि गांव के जरूरतमंद लोगों को सहायता मिल सके। साथ ही पब्लिक और पुलिस बल का आपसी संबंध अच्छा बना रहे। हम सब मिलजुल कर गांव का विकास में सहयोग करना चाहते हैं और ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हैं कि भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी हो तो सुरक्षा बल उनके साथ खड़े रहेंगे। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रामीणों की सेवा सहयोग एवं सुरक्षा में सदैव तत्पर रहती है और आगे भी रहेगी। ग्रामीण हमें अपना दोस्त समझे और समाज में अशांति और दहशत फैलाने वाले देश एवं समाज के दुश्मनों के बारे में सूचनाओं का आदान-प्रदान करते रहें। जिससे हम क्षेत्र में निरंतर शांति कायम कर सके। इस दौरान गांव से पहुंचे ग्रामीणों को सीआरपीएफ 218 बटालियन कंपनी के द्वारा घरेलू उपयोग के समान दिये गये। जिसे प्राप्त कर ग्रामीणों के चेहरे खुशी से खिल उठे। ग्रामीणों ने सीआरपीएफ 218 बटालियन के कार्य को सराहनीय बताया मौके पर मुख्य रूप से सीआरपीएफ कंपनी कमांडेंट सर्वेश्वर सिंह, चैनपुर थाना प्रभारी अशुतोष कुमार सिंह, रामपुर मुखिया दीपक खलखो तथा सीआरपीएफ के जवान सहित गणमान्य लोग उपथित थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर जारी प्रखंड के मतदान केंद्रों की स्थिति का डीसी ने लिया जायजा

प्राथमिक सुविधाओं को दुरूस्त करें अधिकारी

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त सोमवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने परमवीर अलबर्ट एक्का जारी प्रखंड का दौरा किया। उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में चुनाव संबंधी तैयारियों से संबंधित एक विशेष बैठक की। जिसमें मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा, बीडीओ शशि संदीप सोरेन एवं जिला सूचना एवं जन संपर्क पदाधिकारी मौजूद रहें। इस दौरान उपायुक्त ने प्रखंड के सभी 5 पंचायतों के 29 मतदान केंद्रों से जुड़े बिंदुवार जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने सभी मतदान केंद्रों अंतर्गत सभी मूलभूत सुविधाओं जैसे रैंप, टॉयलेट, पेय जल ,बिजली सहित अन्य प्राथमिक सुविधा की जानकारी ली। इसी क्रम में उपायुक्त ने जरडा पंचायत के धोबारी ग्राम के बूथ संख्या 51 राजकियाकृत प्राथमिक विद्यालय धोबारी का भी निरीक्षण किया एवं वहां के सभी प्राथमिक सुविधाओं को दुरूस्त कर व भौतिक जांच कर संबंधी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय में चल रहें मध्याह्न भोजन के मेन्यू, उपस्थित बच्चों एवं विद्यालय के स्थिति संबंधित भी जानकारी ली। उपायुक्त ने धोबारी ग्राम के ग्रामीणों से गांव में बिजली, पानी,सड़क सहित अन्य समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपने समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने उक्त क्षेत्र अंतर्गत बने आंगनवाड़ी केंद्र की जर्जर स्थिति, ट्रांसफर के जलने जैसी समस्या उपायुक्त के समक्ष रखा। जिसपर उपायुक्त ने ट्रांसफार्मर की मरम्मती करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। ग्रामीणों ने ग्राम अंतर्गत बने बांध के टूट जाने से खेती करने में आने वाली समस्याओं के बारे में भी उपायुक्त को बताया। ग्रामीणों ने अगले बरसात से पहले बांध की मरम्मती कराने हेतु उपायुक्त से आग्रह किया। जिसपर उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही बांध की मरम्मत हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण की भी मांग रखी गई।

पीवीटीजी समूह के कोरबा जनजातियों की समस्यायें सुनी

जरडा पंचायत के धोबारी ग्राम अंतर्गत उराईंकोना, बांधकोना ,गुदाकीना में निवास करने वाले 53 कोरबा आदिम जनजाति के परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। आदिम जनजाति के टोलों में विद्युत की समस्या ,पीने के पानी की समस्या तथा सड़क की समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया गया। उपायुक्त ने इन समस्याओं के निवारण हेतु आवश्यक कदम उठाने की बात कही। उपायुक्त ने आदिम जनजातियों को मिलने वाले पेंशन, राशन ,विद्यालय के बच्चों के किताब कॉपी, बैग तथा वनोत्पाद से संबंधित वनपट्टा वनाधिकार आदि से संबंधित भी जानकारी ली। इस दौरान मंगरूटोला, आसनपाट के लोगों ने भी अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया।

हजारों अकीदतमंदों ने की फातेहा और बाबा के मजार पर चादरपोशी

खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पितांबरपुर। प्रखंड में हर साल की तरह इस साल भी प्रखंड मुख्यालय स्थित हजरत अब्दुर रहमान शाह दाता उर्फ अनजान शाह दाता रहमतुल्लाह अलैह के मजार पर 89उर्स मेला एवं कव्वाली अयोजन किया गया। मौके पर गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिला। जहां दोनों समुदाय के लोगों ने दाता के मजार पर चादर पोशी करने के साथ-साथ कार्यक्रम को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सहयोग दिया।

उर्स के मौके पर अंजुमन मिल्लते इस्लामिया उर्स कमेटी के तत्वाधान में परंपरागत ढंग से कव्वाली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक देवेन्द्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह तथा विशिष्ट अतिथि समाज सेवी जितेन्द्र पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व विधायक को कमिटी के लोगों ने माला, बुके देकर तथा पगड़ी बांधकर कर सम्मानित किया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि दाता के मजार से कोई खाली नहीं जाता बुढ़वा बाबा का हम सभी पर रहमो करम करते है उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से मेल मिलाप के साथ भाईचारा बढ़ता है।मैं अपने आप को भाग्यशाली मानता हूं बीते कई सालों से बाबा के मजार पर चादर पोशी करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। साथ हीं क्षेत्र के लोगों के सुख शांति के लिए बाबा से दुआ मांगी उर्स के आयोजन पर कमेटी को बधाई दी। वही समाज सेवी जितेन्द्र पासवान ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी भाई चारा और एकता देखने को मिलता है यहाँ हर धर्म के मानने और चाहने वाले लोग आते है और बाबा सब की फरियाद सुनते है। इसके पूर्व में पूर्व विधायक ने मजार पे चादर पोशी किया। मौके पर पुलीस प्रशासन भी अपने दल बल के साथ मौजूद रहे। वही कार्यक्रम में यूपी से पहुंचे कव्वाल आशिफ शाबरी ने मंदिर मस्जिद गिरजाघर या गुरुद्वारा परमपिता तो एक है हमारा तुम्हारा , कोई मौसम हो मोहब्बत की हवा लेता है एवं कर्नाटक से पहुंचे मशहूर कव्वाल आतिश मुराद ने मुस्तफा से इश्क हो गया सहित दर्जनों कव्वाली गानों पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया ।अंजुमन मिल्लते इस्लामिया उर्स कमिटी लेस्लीगंज के सदर मोहम्मद हाफिजुर रहमान सेक्रेट्री मुजफ्फर खान खजांची अकबर खान नायब सदर चंगेज खान नायब सेक्रेट्री मुन्ना खान भोलेनटियर इंचार्ज हुमायूं खान सहित कमिटी के सभी मेंबर सक्रिय रहे। मेला में पूरी रात हजारों की भीड़ उमड़ी रही।

आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने मृत सहायिका के परिजन को दिया आर्थिक सहयोग

परिवार को आर्थिक ममद देने पहुंचे संघ की महिलाएं

घाघरा। घाघरा आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के गोमट गांव पहुंच कर गोमट गांव की मृत सहायिका मीन्सरी देवी के परिजन को सोमवार को आर्थिक सहयोग दिया। इस क्रम में आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ जिला मंत्री नोरबेता एक्का और प्रखंड सदस्य सावित्री देवी ने संयुक्त रूप से मृतका सहायिका की भाभी पंचमनिया देवी को चेक सौंपा। मौके पर जिला मंत्री नोरबेता एक्का ने बताया कि गोमट गांव की सहायिका मीन्सरी देवी बिगत दो महीने से बीमार थी। इलाज चल रहा था। इसी क्रम में उसकी मृत्यु 14 फरवरी को हो गई थी। उनकी कमी हमेशा खलेगी। आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ पुरे परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में साथ खड़ा है। सरकारी लाभ परिजनों को दिलाने के लिए कार्य संघ करेगी।

झारखंड में जातीय जनगणना कराने का निर्णय सरकार का ऐतिहासिक कदम : आलोक साहू

खबर मंत्र संवाददाता

आदिवासी बाहुल्य सात जिला जहां पिछड़ी जातियों का आरक्षण शून्य है। इन जिलों में भी पिछड़ी जातियों को आरक्षण मिलना प्रारंभ हो जाएगा

लोहरदगा। लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय में समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने कहा कि झारखंड राज्य में जातीय जनगणना करने की मंजूरी मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने दे दी है। सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए साहू ने कहा कि यह झारखंड सरकार का ऐतिहासिक कदम है।

इस निर्णय से राज्य में निवास करने वाले सभी जाति के लोगों की संख्या ज्ञात होगी और संख्या के आधार पर उनको उचित हक और अधिकार दिया जाएगा। साहू ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार पूरे देश में जातीय जनगणना करने की मांग केंद्र सरकार से करते आ रहे है ताकि जनसंख्या के आधार पर उनका अधिकार दिया जा सके। केंद्र सरकार जातीय जनगणना करने के पक्ष में नहीं है। राज्य सरकार जनगणना कॉलम में सरना धर्म कोड़ लागू करने के लिए विधानसभा से पारित कर इन्हें केंद्र सरकार के पास भेज दिया है बावजूद केंद्र सरकार इस पर कुछ निर्णय नहीं लेकर सरना धर्म के लोगों के साथ अन्याय कर रही है। साहू ने कहा कि जहां-जहां कांग्रेसनीत शासन होगा वहां जातीय जनगणना कराई जाएगी। इससे पहले बिहार में जातीय जनगणना कराई गई है।

कौशल प्रचार रथ को बीपीएम ने किया रवाना

खबर मंत्र संवाददाता

भंडरा। ग्रामीण विकास विभाग के तत्वावधान में सोमवार को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क रोजगार उपलब्ध जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया।

21 फरवरी को लोहरदगा टाउन हॉल में रोजगार सृजन मेला का आयोजन किया गया है। इसके लिए प्रचार रथ को भंडरा प्रखंड मुख्यालय परिसर से बीपीएम अभिलाषा कुमारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर सभी पंचायत के लिए रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन प्रखंड के सभी पंचायतों में घूम घूम कर दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का प्रचार प्रसार करेगी।

जिससे युवा विभिन्न क्षेत्रों में निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने रोजगार के लिए जागरूक हो सकेंगे। सभी प्रचार वाहन में ऑडियो रिकॉर्डिंग, फ्लेक्स बोर्ड चलाया जाएगा।

युवा निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना करेंगे कौशल संबर्धन

बीपीएम अभिलाषा कुमारी ने बताया कि प्रचार प्रसार से बेरोजगार युवाओं को काफी हद तक लाभ मिलेगा। युवा अपना कौशल सम्बर्धन नियोजन प्राप्त करेंगे। उन्होंने निदेश दिया कि इन प्रचार वाहन के माध्यम से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर इस योजना के बारे में विस्तार से बताया जाए।

गुमला : रोजगार मेला 20 फरवरी को नगर भवन में

खबर मंत्र संवाददाता

गुमला। जिला प्रशासन एवं जेएसएलपीएस गुमला के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अर्तगत बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार सृजन मेला का आयोजन 20 फरवरी को गुमला नगर भवन में किया गया है। इस रोजगार सृजन मेला का उदघाटन डीसी कर्ण सत्यार्थी एवं डीडीसी दिलेश्वर महतो करेंगे। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओ को प्रशिक्षण प्रदान कर नियमित वेतन अधारित रोजगार से जोडना एवं बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना है। इस रोजगार सृजन मेला में 21 बड़ी कम्पनियों के द्वारा युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर दिया जाएगा। जिला प्रशासन एवं जेएसएलपीएस का मुख्य उद्देश्य इस रोजगार मेला के माध्यम से जिले के ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कर मानव संसाधनों को विकसित करना है।

वाहन की चपेट में आने से दो की मौत, तीन घायल

बसिया। बसिया थाना क्षेत्र के रामजड़ी गांव के समीप बसिया सिसई मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बसिया से सिसई की ओर जा रही तेज रफ्तार सवारी गाड़ी ने रामजड़ी गांव में सड़क किनारे खड़े स्थानीय पांच लोगों को अपने चपेट में ले लिया। जिसे घटनास्थल पर ही दो लोगों की जान चली गई। मरने वालों में 10 वर्षीय विकास उरांव पिता पंडरा उरांव एवं 55 वर्षीय आदित्य देवघरिया शामिल है। घटना के उपरांत गंभीर रूप से घायल 22 वर्षीय प्रीतम कंसारी, 40 वर्षीय नंद कंसारी, 14 वर्षीय अनिल उरांव को इलाज हेतु कोनबीर स्थित रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां घायलों की स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सवारी गाड़ी तुकई ग्राम की थी। जिसे चालक बबलू गोप के द्वारा चलाए जा रहा था।

सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

गुमला। गुमला में थाना क्षेत्र के तिर्रा गांव के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से करौंदी निवासी 72 वर्षीय हरीश चंद्र नायक की सोमवार को मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह गुमला के करौंदी निवासी हरीश चंद्र कचड़ा चुनकर उसे बेचने आ रहा थी। इसी क्रम में तिर्रा के पास अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। मृतक कचड़ा चुनकर उसे बेचकर अपना परिवार चलता है। उसके पुत्र का हाथ खराब होने के कारण वह कचड़ा चुनकर बेचता था।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के साइक्लिंग में सिल्वर मेडल पाने वाली छात्रा संतोषी उरांव सम्मानित

खबर मंत्र संवाददाता

छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक।

लोहरदगा। शहर के उपर बाजार स्थित प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय में प्राचार्य मुकेश कुमार के द्वारा छात्रा संतोषी उरांव एवं इसके पिता मंगरा उरांव को फूल माला पहनकर सम्मानित किया गया।

विदित हो कि संतोषी उरांव खेलो इंडिया यूथ गेम्स के अंडर 18 में मस्तर्त इवेंट में सिल्वर मेडल लेकर आई तथा 67वां नेशनल स्कूल गेम 2023-24 के साइकलिंग (रोड) गर्ल्स अंडर-19 में जो झारखंड रांची खेलगांव में संपन्न हुई थी। साइकलिंग गर्ल्स अंडर-19 जो 8 फरवरी 24 से 12 फरवरी 2024 तक झारखंड के खेल गांव में संपन्न हुई थी उसमें भी इसने दोनों इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रचार्य मुकेश कुमार के अलावा वर्ग शिक्षिका मनी बाला एवं अंजना रानी मिंज, वैभव मिश्रा तथा सुनीता भी उपस्थित रही। विद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार ने इस दौरान कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व करने का पल है कि विद्यालय की 11वीं कक्षा के आर्ट्स क्लास की छात्रा के द्वारा नेशनल गेम में पदक लाना सभी के लिए प्रेरणादाई है।

सभी शिक्षकों ने संतोषी उरांव को आगे के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे भी यह इस खेल में काफी आगे बढ़े और सिल्वर मेडल को गोल्ड मेडल में तब्दील करें।

ठाकुर को मंत्री बनाये जाने पर पलामू प्रमंडल में हर्ष

मेदिनीनगर। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल में गढ़वा विधायक को दुगुना ताकत मिली है। पलामू प्रमंडल के विकास की गति तेज होगी। उक्त बातें दीपक तिवारी ने कही। जब पेयजल एवं स्वच्छता के साथ उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथलेश ठाकुर से मुलाकात के उपरांत बधाई देकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान दीपक तिवारी ने पलामू की जनता मंत्री बनने पर हर्षित मन से मिथलेश ठाकुर को अवगत कराया। साथ ही बताया कि अपने मंत्री का पलामू - गढ़वा की जनता इंतजार कर रही है। इस दौरान मंत्री मिथलेश ठाकुर ने पलामू प्रमंडल के कार्यों में तेजी लाने का भरोसा देते हुए कार्यकताओं को जनता के बीच जाने एवं सच्चाई से अवगत कराने का आह्वान किया। साथ ही वादा किया कि हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में वर्तमान सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

युवाओं को लीडर के रूप में किया जायेगा तैयार : बसंती डुंगडुंग

खबर मंत्र संवाददाता

बसिया। बसिया प्रखंड के दलमादी में लीडरशिप अकादमी का उदघाटन सोमवार को जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग ने की। मौके पर जिला परिषद सदस्य ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अकादमी के खुलने से क्षेत्र से लीडर तैयार होंगे जो आगे चलकर समाज राज्य और देश का नाम रोशन करेगे।

संस्था के सदस्य मैथुएल नायक ने जानकारी देते हुए कहा कि उनकी संस्था स्कूल के ड्राप आउट छात्रों को इंग्लिश और कम्प्यूटर का ट्रेनिग देकर उनमें लीडरशिप का गुण विकसित करेगी। जिससे आने वाले समय वे बच्चें अपना ओर अपने गांव क्षेत्र के विकास में अहम योगदान देंगे। अभी यह संस्था सिमडेगा जिला के 7 गांव और बसिया प्रखंड के आर्या, ईटाम और तुरबुगा पंचायत में संचालित है। जिसमे 9 से 14 वर्ष को बाल समूह और 14 से 22 वर्ष के बच्चो को युवा समूह में बांट कर प्रशिक्षण देने का कार्य करेगी। ये सभी मैट्रिक ओर इंटर के ड्रॉप आउट बच्चे होंगे। जिन्हें निशुल्क प्रशिक्षण दी जायेगी।

इस अवसर पर मुखिया जसिंता बागे, एनीमा डुंगडुंग, फिलिसिता टोप्पो, लीडरशिप अकादमी के मेथुअल नायक, प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष टेटे, फादर दीपक एक्का आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

ईवीएम मोबाइल प्रदर्शन वैन के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर मतदाताओं के बीच ईवीएम प्रदर्शन केंद्र और मोबाइल प्रदर्शन वैन के मायम से ईवीएम/वीवीपैट संबंधी जागरूकता कार्यकम कोडरमा जिलान्तर्गत प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ईवीएम मोबाइल प्रदर्शन वैन के मायम से जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को ईवीएम/वीवीपैट संबंधी जागरूक किया जायेगा। इससे मतदाता वोट करने की तरीको को समझ पायेंगे और सीख पायेंगे। वहीं समाहरणालय परिसर और अनुमंडल कार्यालय में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र की अधिष्ठापन किया गया है, ईवीएम प्रदर्शन केंद्र के माध्यम से ईवीएम/वीवीपैट संबंधी जानकारी दिया जा रहा है और मतदान करने की प्रक्रिया को बताया जा रहा है। इसके साथ-साथ युथ चलें बूथ अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में युवा मतदाताओं के साथ-साथ नये मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

नौकरी वापसी की मांग पर संघर्ष तेज करने का लिया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण सखी को पुनः बहाल करने की मांग को लेकर संघर्ष तेज करने का संकल्प सोमवार को ब्लॉक परिसर में बुद्धा पार्क के समीप पोषण सखी संघ की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ की जिलाध्यक्ष गायत्री पासवान ने किया। वहीं निर्णय लिया गया कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान अन्य जिलों की पोषण सखियों के साथ आंदोलन किया जायेगा। साथ ही आगे की रणनीति बनाने को लेकर 4 मार्च को जिला स्तरीय बैठक करने का निर्णय लिया गया।

तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का हुआ आगाज, मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

हमारी सरकार राज्य के सभी धार्मिक स्थलों का विकास करेगी: चंपई सोरेन

दीप प्रज्ज्वलित करते सीएम, मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। जिले इटखोरी में आयोजित तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शुभारंभ किया। इस महोत्सव में सीएम चंपाई सोरेन के साथ मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, सिमरिया विधायक किसुन दास समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए हैं। इस दौरान डीसी अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन, डीडीसी पवन कुमार मंडल दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, बौद्ध धर्म गुरु भंते तइसआवरओ समेत अन्य भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने जो सोचा था, उसे हम पूरा करेंगे। हर क्षेत्र में विकास करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के या अपने इस प्रदेश के अंतर्गत आज भी महिला का सबसे अहम भूमिका है। इस शरीर को ज्ञान चाहिए तो हमलोग मां सरस्वती को पूजा करते है और हम उनसे ज्ञान की कामना करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां भद्रकाली की पूजा अर्चना करने के दौरान उन्होंने माता से आशीर्वाद मांगा है कि राज्य के एक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान हो, कोई दुखी ना रहे, झारखंड राज्य समृद्ध बनें।

सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद : तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद है। महोत्सव स्थल से लेकर मंदिर जाने वाले मार्ग में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। वाहन पार्किंग स्थल में भी पुलिस बल की तैनाती की गई है। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर सभी प्रवेश द्वार पर भी पुलिस बल की तैनाती की गई है। महिलाओं की सुविधा को लेकर महिला पुलिस बल की तैनाती की गई। एसपी स्वयं समय समय पर घुम घुमकर सुरक्षा व्यवस्था का समीक्षा कर रहे हैं।

कृषि मंत्री तथा स्थानीय विधायक को संबोधन का नहीं मिला समय : राजकीय इटखोरी महोत्सव के उद्घाटन सत्र में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख तथा स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास को संबोधन करने का वक्त नहीं मिला। उपायुक्त के स्वागत भाषण के बाद उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। इसके बाद मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन का संबोधन हुआ।

महिलाओं ने फूल बरसा कर किया स्वागत

सीएम का स्वागत करते महिलाएं

इटखोरी। महोत्सव के उद्घाटन से पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन विशिष्ट अतिथि उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख व सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास तथा अन्य अतिथियों का परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया।

कॉफी टेबल बुक का विमोचन

इटखोरी। महोत्सव मंच से मुख्यमंत्री चंपई स रेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, मुख्य सचिव विनय चौबे समेत अन्य अतिथिगण ने इटखोरी गाथा नामक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। इटखोरी गाथा बुक में भद्रकाली मंदिर परिसर के प्राचीन इतिहास का उल्लेख किया गया है।

मुख्यमंत्री ने किया पौधारोपण

मंदिर परिसर में पौधरोपण करते सीएम

इटखोरी। महोत्सव के उद्घाटन से पूर्व जिला प्रशासन ने मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के हाथों मां भद्रकाली मंदिर परिसर में रुद्राक्ष व कपूर का पौधरोपण कराया गया। मालूम हो कि इटखोरी महोत्सव में हर वर्ष अतिथियों के हाथों पौधरोपण कराया जाता है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास तथा हेमंत सोरेन भी मंदिर परिसर में पौधरोपण कर चुके है।

कॉफी टेबल बुक का विमोचन करते सीएम, मंत्री, विधायक व अन्य

आस्था स्पेशल ट्रेन को सांसद ने दिखायी हरी झंडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। श्री रामलला के दर्शन के लिए देश के कोने-कोने से रामभक्त अयोध्या पहुंच रहे हैं। इसी निमित्त, सोमवार को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या धाम जाने वाली आस्था स्पेशल ट्रेन को जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान क्षेत्रीय रेल प्रबंधक अभिषेक सिंघल, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व विधायक मेनका सरदार समेत कई अन्य नेतागण मौजूद रहे। टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से सुबह 11:50 बजे उत्तर प्रदेश के दर्शननगर स्टेशन के लिए रवाना हुई आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्या जा रहे 1332 रामभक्तों के लिए यादगार बन गयी। श्रीरामलला के दर्शन के लिए रामभक्तों में गजब का उत्साह देखा गया। पूरा स्टेशन परिसर जय श्रीराम और नरेंद्र मोदी जिन्दाबाद के नारे से गूंज उठा। इस दौरान अयोध्या जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं एवं पुरुष सभी का उत्साह स्पष्ट झलक रहा था। रेलवे की ओर से सभी श्रद्धालुओं को लाल तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। सांसद विद्युत वरण महतो ने 20 बोगी वाली आस्था स्पेशल ट्रेन में यात्रा कर रहे सभी श्रद्धालुओं से मुलाकात की और बोगी की साफ-सफाई एवं स्वच्छता का जायजा लिया। ट्रेन में श्रद्धालुओं की सुख-सुविधाओं का ख्याल रखते हुए उनके खान-पान एवं अन्य चीजों के लिए पूरी व्यवस्था की गई है। दर्शन करने वाले जत्थे में भजन-कीर्तन मंडली भी शामिल हैं। आस्था स्पेशल ट्रेन में पूर्व विधायक मेनका सरदार, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा भी अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए।

शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लेकर पेंशन योजना के लिए करें आवेदन : डीडीसी

योग्य व आहर्ता रखने वाले लाभुकों को मिलेगा मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। जिले में महिलाओं, अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति वर्ग के 50 से 60 वर्ष के आयु वर्ग के लोगों को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया जाएगा। इसको लेकर योग्य लाभुकों को शत-प्रतिशत आच्छादित करने के लिए 20 से 22 फरवरी तक जिले के सभी पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि योग्य एवं आहर्ता रखने वाले लाभुकों को योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए पंचायत स्तर पर शिविर लगाया जा रहा है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से यह एक महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना से जिले के शत् प्रतिशत योग्य लाभुकों को आच्छादित करने का प्रयास किया जायेगा। वहीं डीडीसी ऋतुराज ने अपील करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना हेतु पंचायत स्तर पर लगाये जा रहे शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लें और योजना से संबंित आवेदन करें। वहीं सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत ने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज दो फोटो आवश्यक दस्तावेज की आवश्यकता है।

प्रतिमा विसर्जन करने गया युवक तालाब में डूबा, मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के दिग्घी गांव में रविवार की संध्या सरस्वती प्रतिमा विसर्जन करने के दौरान तालाब में डूबने से दिग्घी ग्राम निवासी 32 वर्षीय युवक अजीत साह की मृत्यु हो गई।अजीत साह सहित करीब दर्जन भर युवा ग्रामीण गांव के ही तालाब में सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन करने के लिए देर संध्या गए थे। तभी प्रतिमा विसर्जन करने के दौरान तीन व्यक्ति अधिक पानी में चला गया। कड़ी मशक्कत कर दो व्यक्तियों को ग्रामीणों द्वारा खींचकर पानी के गड्ढे से बाहर निकाला गया।अजीत साह जे सी बी द्वारा खोदे गए अधिक गड्ढे में तलब में डूब गया जिससे कि उनकी मृत्यु हो गई।अजीत साह की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी दो पुत्र एक पुत्री सहित अन्य स्वजनों का रो.रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर मेहरमा थाना की पुलिस भी पहुंची और सोमवार को मृतक अजीत साह के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

ट्रक ने दो बैल और एक व्यक्ति को कुचला, मौत

भागने के क्रम में ट्रक पेड़ से टकराया

खबर मन्त्र संवाददाता

शिकारीपाड़ा। कौन जानता था कि घर से निकलने के कुछ देर के बाद ही मौत अपनी आगोश में ले लेगी। बरमसिया पंचायत के धनबाद ग्राम निवासी नईमुद्दीन अंसारी पिता स्वर्गीय बाबू मियां के साथ किस्मत ने आज ऐसा ही खेल खेला। नईमुद्दीन अंसारी अपने बैलों को लेकर साप्ताहिक सरसडंगाल हाट में व्यापार के लिए दुमका रामपुरहाट मुख्य सड़क से जा रहा था की मोहुल पहाड़ी के जोड़ा होटल के समीप दुमका की ओर से आ रहे एक तीव्र रफ्तार एलपी ट्रक; ठत10 ळ।. 9833द्ध ने नईमुद्दीन अंसारी एवं दो बैलों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे कुचलकर बैलों की तत्काल मौत हो गई। सूचना मिलने पर शिकारीपाड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और नईमुद्दीन अंसारी को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां इलाज के क्रम में उसकी भी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को लेकर भाग खड़ा हुआ एवं भागने के क्रम में शिकारीपाड़ा कॉलेज पार करने के बाद होटल के पास एक पेड़ पर टक्कर मार दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक एवं चालक को अपने गिरफ्त में ले लिया है।

रेलवे पुल से युवक ने लगाई छलांग, मौत

मैथन। झारखंड पश्चिम बंगाल सीमा के समीप चिरकुंडा थाना क्षेत्र के बराकर नदी रेलवे पुल से एक व्यक्ति 45 ने कूदकर आत्महत्या कर लिया। घटना सोमवार दोपहर की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अज्ञात व्यक्ति ने छलांग लगाने के दौरान जोर से जय श्री राम का नारा लगाया था। मृतक का हाथ पैर टूट गया है। उसका पहचान नहीं हो सका है। नदी में नहा रहे एवं कपड़ा धो रहे लोगों ने कहा कि व्यक्ति ने कूदने से पहले जय श्री राम बोल कर पुल पर से छलांग लगा दी। लोगों ने घटना की सूचना वार्ड संख्या चार की निवर्तमान पार्षद रानी केराई को दिया। फिर रानी केराई ने इसकी सूचना चिरकुंडा पुलिस को दी। सूचना पाकर चिरकुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों से पूछताछ की। घटना की सूचना पाकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस मृतक की पहचान करने में लगी है।

पत्रकार संतोष मिश्रा की सड़क दुर्घटना में मौत

कोडरमा। तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत बायपास रोड के समीप ट्रक के चपेट में आने से दैनिक अखबार के पत्रकार संतोष मिश्रा आदर्श नगर झुमरीतिलैया निवासी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसे लेकर संतोष मिश्रा की पत्नी रंजीता मिश्रा ने अपने पति की मौत को लेकर तिलैया थाना में आवेदन देकर आरकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रबंधक पर साजिश के तहत हत्या ट्रक से कुचलवा कर करवाने का आरोप लगाया है। उन्होंने आवेन में कहा है कि मेरे पति संतोष मिश्रा की हत्या एक आपराधिक साजिश के तहत की गई है।

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE
EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning,
Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail— eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement (Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-64/2023-24
National Competitive Bidding (Two Bid System)
2nd Call
e-Tender Ref No:– RCD/FSD /AP/ RAN/64/23-24
Dated 17.02.2024

1	Name Of Work	Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of Connecting Flyover from Kantatoli Flyover (Under-construction) to BootyMore including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal with clearance of all stages etc as required, at Ranchi inthe state of Jharkhand.
2	Tentative Length	5.00 km
3	Period of Completion of Work	90 Days
4	Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD)	**Cost of Tender Document** :- Rs 10,000/- (Rupees Ten Thousand)(Non-Refundable) through online modeonly. **EMD** :- Rs- 10,00,000/- (Rupees Ten Lakh) through online mode only. As per the Departmental Letter no.- 4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023.
5	Mode of Bid Submission	e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in)
6	Date/Time of Publication of Tender on Website	20.02.2024,17:00 PM
7	Date of Pre Bid Conference	26.02.2024 (In the Chamber ofExecutive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi.) at 12.00PM
8	Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD)	06.03.2024,not later than 16:00 hrs
9	Date of opening of Bid	07.03.2024 at 16:30 hrs
10	Designation and Contact no of e-Procurement Officer	Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi. Mobile No-9431591027
11	PR No	317369 Road (23-24)

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Executive Engineer,
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR.NO.319431 Road(23-24):D

सुशील श्रीवास्तव ग्रुप ने केडीएच में मारी इंट्री, कोयला कारोबारियों में दहशत

रविन्द्र कुमार

खलारी। उत्तरीकर्णपुरा क्षेत्र में डंप से अवैध वसूली के विषय में जग जाहिर है। कोई भी आपराधिक घटना के पीछे कही न कही अवैध उगाही का नाम आता है। क्षेत्र में डकराएकेडीएचए पुरनाडीह चुरी डंप परियोजनों से हर महीने करोड़ो की अवैध उगाही किया जाता है। यह उगाही का पैसा आपराधिक संगठनए क्षेत्र के समितिएसंगठनग्रामीणों के रोजगार के नाम पर उगाही किया जाता है। जिसमे प्रति टन के हिसाब से डीओ होल्डर और लिफ्टर से कोलयरी से कोयला उठाव के नाम पर किया जाता है। हालांकि यह सब उगाही का पैसा का हिसाब किताब अपने तक ही रखा जाता है। और नही कोई सबूत मिलता और न ही सबूत कोई छोड़ता है। सब एक सिंडिकेट के द्वारा पूरा धंधा चलते रहता है।

दहशत के कारण रोड सेल रहा बंद

केडीएच परियोजना में एक बार फिर से आपराधिक गिरोह के द्वारा धमकी देने की सूचना। जानकरी के अनुसार केडीएच परियोजना में सुशील श्रीवास्तव के नाम पर डीओ होल्डरए लिफ्टरए डंप संचालन समिति को धमकी भरे कॉल आया है। सुशील श्रीवास्तव का नाम आने के बाद से शुक्रवार से बीते तीन दिनों से केडीएच कोल डंप साइड में एक भी ट्रक नही लगया गया है। डंप में कांटा घर मे कोई भी लोकल सेल का ट्रक या पेलोडर का संचालन नही किया गया। कोल साइड में एक कतार में भाड़े का पेलोडर खड़ा देखा गया। केडीएच डंप में कोयला उठाव तब तक बंद रहेगा। जब तक गिरोह का बात पर मुहर न लगे। सूत्रों के हवाले से खबर है कि आपराधिक गिरोह सुशील श्रीवास्तव ने केडीएच कोल डंप से 100 रुपये प्रति टन के हिसाब से रुपये की मांग किया गया है। गिरोह के मांग पर संचालन समिति व डीओ होल्डरए लिफ्टर के बीच सोमवार को एक बैठक कर मंथन किया गया। कुछ कोयला व्यवसायीयों ने आपराधिक घटना से दहशत में है।

क्षेत्र में क्यों होती है आपराधिक घटना

बताया जाता है कि किसी परियोजना में 10 हजार टन कोयला सेल लगाया गया है। यह सेल कंपनी के द्वारा स्थानीय लिफ्टरों को रखा जाता है। इसमें एनके क्षेत्र में कई तरह के कमिटी संगठन है। जो एक डायरी के जरिए अवैध वसूली कर बंदरबांट किया जाता है। जैसे में 10 टन कोयला में लिफ्टर से प्रति टन प्रतिबंधित संगठन ने 100 या 50 रुपये मांग किया। इसी प्रकार से कई तरह के कमिटी संगठन है। जो प्रति टन 200 रुपये या 150 रुपये प्रति टन लिया जाता है। इस तरह से एनके क्षेत्र के परियोजनाओं से 10 हजार टन कोयले से लाखों रुपये की अवैध वसूली लिफ्टरों व डीओ होल्डर से किया जाता है। इस सिंडिकेट के माध्यम से कोई लिफ्टर या डीओ होल्डर व डंप संचालन समिति प्रतिबंधित संगठन की बात नही सुनी जाती है तो केडीएच जैसे कई घटना का अंजाम दिया जाता है। हालांकि प्रशासन भी समय.समय पर इन आपराधिक संगठनों पर करवाई करने से पीछे नहीं हटती ।

स्पीड न्यूज

बरवाडीह के सभी पंचायतों में आज से लगेगा तीन दिवसीय पेंशन शिविर

रेशमा रेखा मिंज (बीडीओ)।

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखण्ड के सभी पंचायत के पंचायत सचिवालय में आज से तीन दिवसीय पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा राज्य वृद्धा पेंशन योजना की शुरूवात की गई है। जिसको लेकर प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत भवन में तीन दिवसीय पेंशन शिविर का आयोजन आज दिन मंगलवार से किया गया है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में 50 से 59 साल की सभी वर्ग की महिलाओं का पेंशन फॉर्म (आवेदन) लिया जाएगा। वहीं बीडीओ ने कहा की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के 50 वर्ष के ही पुरुषो का आवेदन लिया जाएगा। उन्होंने कहा की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के पुरुषों को पेंशन फॉर्म (आवेदन) के साथ जाति प्रमाणपत्र लगाना अनिवार्य है, तभी उनका फॉर्म लिया जाएगा। इस तीन दिवसीय पेंशन शिविर में पंचायत के प्रज्ञा केंद्र के संचालक को भी उपस्थित रहना है।

मेडिकल दुकान का फीता काट कर किया उद्घाटन

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मुरपा ग्राम में बालूमाथ राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर अंग्रेजी दवा दुकान शिव मेडिकल एजेंसी का उद्घाटन किया। मौके पर बोलते हुए प्रितलाल यादव ने कहा कि पहले ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मेडिकल सुविधाओं के लिए बालूमाथ आना पड़ता था। लेकिन अब सरकार द्वारा गांव-गांव में ही मेडिकल दुकान खोलने का जो निर्णय लिया गया उसी के तहत दवा दुकान खोला जा रहा है। जो एक अच्छा पहल है। इसका सीधा लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। मौके पर डॉ रोहन गोप, सुरेश राम, प्रेम नारायण यादव, मुखिया अजय टाना भगत मो. मुमताज, ज्योति सिंह, उमेश यादव, रवि यादव, ब्रह्मदेव यादव, सतीश यादव, सुनील यादव,विकाश यादव, चैता राम, फूलदेव यादव, अरुण, प्रकाश, अखिलेश, हुल्लास, अरबिंद, मनोज, प्रेम नारायन सिंह, झोतर यादव, उमेश साव, राम परिसर, पिंटु कुमार, ओम प्रकाश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

जंगली हाथियों ने तीन घरों को किया क्षतिग्रस्त, फसलों को पहुंचाया नुकसान

ध्वस्त घर।

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र के बलबल ग्राम में हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया ।जहां झुंड ने बलबल ग्राम निवासी विष्णुदेव उराँव,मुन्ना उरांव एवं रामप्रवेश उरांव के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखा अनाज चट कर गए। इस दौरान घर बारी में लगे तरबूज के साथ अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंचाया। जिससे ग्रामीणों का लाखों रुपए का क्षती हुआ ।घटना के सम्बंध में ग्रामीणों ने बताया कि आठ से दस की संख्या में पहुंचे जंगली हाथियों के झुंड ने करीब एक घण्टे तक उत्पात मचाया। कुछ देर के लिए तो अफरा तफरी जैसा माहौल हो गया था। लेकिन बाद में ग्रामीण एकजुट होकर टॉर्च व लाइट के सहारे जंगली हाथियों को खदेड़ा। ग्रामीणों ने लातेहार के नवनियुक्त उपायुक्त एवं वन विभाग से हुए नुकसान के लिए उचित मुआवजा देने का मांग किया है।

दलितों के साथ मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित परिवारों से मिले पूर्व विधायक प्रकाश राम

मुलाकात करते पूर्व विधायक प्रकाश राम।

चंदवा। चंदवा के बाना चकला स्थित बंद पड़े अभिजीत प्लांट में जमीन के अंदर से सरिया निकालने के कार्य मे लगे ठेकेदार के कर्मियों द्वारा शनिवार की रात्रि चकला के दो दलितो महेंद्र भुइयां व कैला भुइयां के साथ बेरहमी से पिटाई किए जाने के मामले को लेकर सोमवार की शाम भाजपा नेता सह पूर्व विधायक प्रकाश राम पीड़ित परिवार से मिलने चकला पहुंचे। जहां परिजनो से मुलाकात कर पूरे घटना की जानकारी ली, जहां परिजनों ने पूरा वृतांत पूर्व विधायक को सुनाई व मदद करने की गुहार लागयी। परिजनों की फरियाद को सुनने के बाद प्रकाश राम ने कहा कि परिजनों को न्याय दिलाने का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। कहा कि प्रशासन तत्काल मामले में मुकदमा दर्ज कर दोषियों को गिरफ्तार करें अन्यथा पीड़ित परिवार के साथ मिलकर इसके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। पीड़ित परिवार से जो जानकारी मिली है वह हृदय को झकझोरने वाली है। दो दलितों के साथ इस प्रकार बेरहमी से मारपीट करने की घटना को सहन नही किया जाएगा। मौके पर भाजपा नेता राजकुमार पाठक, रवि राज, रिकी वर्मा, दुर्गा ठाकुर समेत काफी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

रांची में टीम टीम इंडिया श्रृंखला जीतने की स्थिति में

भारत- इंग्लैंड चौथा टेस्ट 23 से रांची में : गेंदबाज बुमराह को मिल सकता है आराम, केएल राहुल की वापसी संभव

एजेंसी

राजकोट। भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच से विश्राम मिल सकता है। वहीं क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियों)' चोट से उबर कर लोकेश राहुल टीम में वापसी कर सकते हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच 23 फरवरी से रांची में चौथा टेस्ट मैच खेला जायेगा।

बुमराह पांच मैचों की इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम तीन मैचों में 17 विकेट है। उन्होंने विशाखापत्तनम में खेले गये दूसरे टेस्ट मैच में अपने दम पर भारतीय टीम को जीत दिलायी थी। भारत इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे हैं। भारतीय टीम रांची में श्रृंखला जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो घरेलू टीम को 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए बुमराह की सेवाओं की काफी जरूरत होगी।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) के एक सूत्र ने कहा कि भारतीय टीम 20 रांची के लिए रवाना होगी। बुमराह को विश्राम मिलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि राहुल पूर्ण फिटनेस हासिल करने के करीब है और उनके टीम में शामिल होने की काफी संभावना है। बुमराह को आराम देने का फैसला चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि पहले तीन टेस्ट मैचों में उन्होंने 80.5 ओवर गेंदबाजी की है। गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन के तौर पर भारतीय टीम ने विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज को विश्राम दिया था। उन्होंने राजकोट टेस्ट में टीम में वापसी की थी। सिराज ने इस टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटके थे। भारतीय टीम ने इस मैच को 434 रन से अपने नाम किया था।

पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत अभी 2-1 से आगे

राहुल अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में दर्द की शिकायत के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल पाये थे। एक सूत्र ने बताया कि पिछले सप्ताह उन्होंने 90 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली थी। इस सूत्र ने कहा, 'वह मैच फिटनेस हासिल करने के करीब है। उन्हें रांची टेस्ट के लिए उपलब्ध होना चाहिए। श्रृंखला के पहले मैच में राहुल भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज थे। वह इसके बाद चोट कारण अगले दो मैच नहीं खेल सके।

90 साल के इतिहास में रेलवे ने सबसे बड़ा रन चेज किया

दो खिलाड़ियों ने बदला पूरा खेल

नयी दिल ली (एजेंसी)। रेलवे ने 90 साल के रणजी ट्रॉफी का इतिहास पलट दिया है। रेलवे ने रणजी ट्रॉफी में सबसे बड़े लक्ष्य का सफल पीछा करने का नया रिकॉर्ड बनाया है। रेलवे ने एलीट ग्रुप सी के मुकाबले में त्रिपुरा के खिलाफ 378 रन के लक्ष्य का सफल पीछा किया। प्रथम सिंह और मोहम्मद सैफ ने दूसरी पारी में शानदार शतक जड़कर रेलवे के इतिहास रचने में अहम भूमिका निभाई।

त्रिपुरा के खिलाफ रेलवे ने 378 रन का लक्ष्य हासिल किया और नया रिकॉर्ड स्थापित किया। रेलवे की टीम अगरतला में सीजन का अपना आखिरी मुकाबला खेल रही थी, जिसमें उसने पिछड़ने के बाद वापसी की और इतिहास रच दिया। मैच में अधिकांश समय रेलवे टीम दबाव में रही। रेलवे ने त्रिपुरा को केवल 149 रन पर समेट दिया था, लेकिन फिर खुद पूरी टीम 105 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके बाद त्रिपुरा ने दूसरी पारी में 333 रन बनाकर रेलवे के सामने 378 रन का लक्ष्य रखा।

रेलवे की जीत के हीरो : रेलवे को ऐतिहासिक जीत दिलाने में प्रथम सिंह और मोहम्मद सैफ ने अहम भूमिका निभाई। दोनों बल्लेबाजों ने शतक जमाए। 31/3 पर तीन विकेट गंवाने के बाद प्रथम सिंह और मोहम्मद सैफ ने मोर्चा संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 175 रन की साझेदारी करके टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। सैफ ने आक्रामक रवैया अपनाया और 126 गेंदों में 14 चौके की मदद से 106 रन बनाए। ब्रिकमजीत ने सैफ को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। प्रथम सिंह ने फिर अरिंदम घोष के साथ पांचवें विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी करके रेलवे को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। तब घोष पवेलियन लौट गए और रेलवे जीत से 54 रन दूर था। रेलवे ने फिर बिना किसी नुकसान के लक्ष्य हासिल किया। प्रथम सिंह 300 गेंदों में 16 चौके और एक छक्के की मदद से 169 रन बनाकर नाबाद लौटे। रेलवे ने भले ही इतिहास रचा हो, लेकिन वो ग्रुप सी में आगे क्वालीफाई करने से चूक गयी।

रणजी ट्रॉफी सबसे बड़े सफल रन चेज : रेलवे - 378/5 बनाम त्रिपुरा, 2024*। सौराष्ट्र - 372/5 बनाम यूपी 2019-20। असम - 371/4 बनाम सर्विसेज, 2008-09। राजस्थान - 360/4 बनाम विदर्भ, 1989-90। उत्तर प्रदेश - 359/4 बनाम महाराष्ट्र, 2021-22।

रणजी ट्रॉफी में बना रिकॉर्ड

रेलवे की टीम लक्ष्य का पीछा करते समय 31/3 के स्कोर पर संघर्ष कर रही थी। फिर उसने दमदार खेल दिखाया और पांच विकेट से मैच जीत लिया। रणजी ट्रॉफी इतिहास में यह सबसे बड़ा सफल रन चेज रहा। रेलवे ने सौराष्ट्र का पांच साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, जिसने उत्तर प्रदेश के खिलाफ 2019-20 में 372 रन का लक्ष्य हासिल किया था।

अनुष्का ने धोनी संग भावुक रिश्ते पर किया खुलासा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। ग्लोबल पर्सनेलिटी और अभिनेत्री अनुष्का सेन ने भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलासा किया है। 21 साल की अनुष्का बीते दिनों ही अपना पहला घर खरीदने के कारण चर्चा में आयी थी। रांची की रहने वाली यह मॉडल 'ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे' पॉडकास्ट पर दिखाई दीं, जहां उन्होंने खुलासा किया कि वह धोनी के साथ एक करीबी रिश्ता साझा करती हैं और उन्हें अपना सबसे अच्छा रिलेशनशिप गुरु बताया। सेन ने खुलासा किया कि वह एक विज्ञापन शूट के दौरान सीएसके के कप्तान से मिलीं और रांची से जुड़ गयीं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह अभी भी एक सपने जैसा लगता है। उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वह सभी के साथ समान आदर के साथ व्यवहार करते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कैमरे के पीछे काम कर रहे हैं या अभिनेता हैं। अनुष्का ने कहा कि मुझे सेट पर पहला दिन याद है। सहायक निर्देशक ने कहा कि क्या आप माही से मिलना चाहते हैं? मुझे ऐसा लगता है हां, यही तो मैं चाहती हूं। वह मेरा पसंदीदा क्रिकेटर है। वह मेरा पसंदीदा व्यक्ति है। हां, मुझे उससे मिलना है। मैं गई और उनसे मिली। उन्होंने कहा- आप कहां से हैं? मैं रांची से हूं। आप भी रांची से हैं न? इसने हमें एक बंधन में बांध दिया। अनुष्का ने कहा कि वे दोनों साल में एक बार मिलते हैं, जहां वह बहुत सारी बातें शेयर करते हैं और जीवन के मुद्दों पर चर्चा करते हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि माही ने उन्हें सावधानी से डेट करने के लिए कहा था। उन्होंने मुझे कुछ टिप्स भी दिए। बता दें कि धोनी अगले महीने आईपीएल 2024 की तैयारी कर रहे हैं। यह संभवतः बतौर कप्तान या प्लेयर उनका आखिरी आईपीएल हो सकता है। पिछले साल ही उन्होंने अपने योग्य नेतृत्व में चेन्नई सुपर किंग्स को खिताब दिलाया था। चेन्नई अब आईपीएल इतिहास में मुंबई इंडियंस के साथ रिकॉर्ड 5-5 खिताब चुकी है। धोनी इस साल खिताब जीतकर इस संख्या को चेन्नई के लिए बेहतर बनाना चाहेंगे।

हेमंत सोरेन के समर्थन में जेएमएम कार्यकर्ताओं ने निकाला न्याय मार्च

- पूर्व सीएम को षड्यंत्र के तहत झूठे मुकदमे में फंसाने की रची गई साजिश: अफजल

न्याय मार्च में शामिल कार्यकर्ता।

बरवाडीह। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी द्वारा एक षड्यंत्र के तहत गलत मुकदमे में फसाया गया है। झारखंडी योद्धा हेमंत सोरेन के विरुद्ध में केंद्र सरकार द्वारा रची गई इस साजिश को राज्य की जनता अब भली भांति समझ चुकी है। जनता, भाजपा सरकार के इस जुर्म का जवाब आगामी चुनाव में अपनी वोट की ताकत से देने का काम करेगी। उक्त बाते जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी ने कहीं। श्री अंसारी सोमवार को बरवाडीह प्रखण्ड के पोखरी कला से हेमंत सोरेन के समर्थन में निकाले गए न्याय मार्च के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज पूरे राज्य वासी जेएमएम के साथ है। जेएमएम नेताओं और कार्यकताओं द्वारा पूरे राज्य में न्याय मार्च निकाला जा रहा है। बताया कि बरवाडीह प्रखण्ड के सभी पंचायतों में न्याय मार्च निकाला जाएगा और जनता के समक्ष भाजपा सरकार की नाकामी को उजागर किया जाएगा। बताया कि आज मंगलवार को छिपादोहर में न्याय मार्च निकाली जायेगी। मौके पर बीस सूत्री सदस्य महबूब आलम, पंचायत अध्यक्ष मो.सुभानी, प्रखण्ड सचिव बाबू राम सिंह, क्यूम मियां, अब्दुल कादिर, मो.जान अंसारी, मो.जिलानी, ओसामा अंसारी, मो.कलाम, गुलाब अंसारी और वार्ड सदस्य मीना बीबी समेत जेएमएम के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

पीएम मोदी ने खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स का किया उद्घाटन, कहा

युवा खिलाड़ी हारेंगे तो भी बहुत कुछ सीखकर जायेंगे

एजेंसी

गुवाहाटी। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी में आयोजित किये जा रहे खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स का सोमवार को उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने युवा खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि हारेंगे तो भी यहां से बहुत कुछ सीखकर जायेंगे। उद्घाटन के दौरान पीएम मोदी ने देश के युवा खिलाड़ियों को हार से 'चिंतित' होने की जगह इसे 'सीखने के अवसर' के रूप में लेने की सलाह दी। इन खेलों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए मोदी ने गुवाहाटी में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भव्य छवि बनाने के लिए उनकी सराहना की।

पीएम ने अपने वीडियो संदेश में कहा, 'आप जमकर खेलिये, डटकर खेलिए, खुद जीतिए, अपनी टीम को जिताइए, और हार गए तो भी तनाव नहीं लेना है। हारेंगे तो भी यहां से बहुत कुछ सीख कर जायेंगे। खेलो इंडिया_ विवि खेल पूर्वोत्तर के आठ राज्यों में आयोजित किए जा रहे हैं।

खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की मौजूदगी में सोमवार को इन खेलों का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इन खेलों के शुभंकर तितली के आकार में अष्टलक्ष्मी का उल्लेख किया। पूर्वोत्तर राज्यों को अक्सर अष्टलक्ष्मी के तौर पर संबोधित करने वाले प्रधानमंत्री ने कहा, 'इन खेलों में तितली को शुभंकर बनाना इस बात का भी प्रतीक है कि पूर्वोत्तर को कैसे नया अनुभव मिल रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वोत्तर में मौजूदा खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों, लद्दाख में खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों, तमिलनाडु में खेलो इंडिया युवा खेलों, दीव में बीच गेम्स का उल्लेख करते हुए कहा, 'मुझे खुशी है कि उत्तर से दक्षिण और पश्चिम से पूर्व तक, भारत के हर कोने में खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने खेल के प्रति बदलती सामाजिक धारणाओं की चर्चा करते हुए कहा कि पहले, माता-पिता अपने बच्चों को खेल गतिविधियों में शामिल करने में झिझकते थे कि उनका पढ़ाई से ध्यान भटक जाएगा लेकिन अब इस मानसिकता में बदलाव आया है और माता-पिता अब खेल में अपने बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों का जश्न मनाने और उन्हें सम्मानित करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'जिस तरह शैक्षणिक उपलब्धियों का जश्न मनाया जाता है, उसी तरह हमें खेल में उत्कृष्टता हासिल करने वालों को सम्मानित करने की परंपरा विकसित करनी चाहिए। खेलों के माध्यम से स्थापित मूल्यों को बढ़ावा देते हुए पीएम ने कहा, 'खेलों में सफलता के लिए प्रतिभा से बढ़कर चीजों की जरूरत होती है। इसके लिए स्वभाव, नेतृत्व, टीम वर्क और जज्बे की आवश्यकता होती है। उन्होंने युवाओं को न केवल शारीरिक फिटनेस के लिए बल्कि आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने के लिए भी खेल अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा, 'जो खेलते हैं, वे भी फलते-फूलते हैं। वहीं ठाकुर ने बताया कि चौथे खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में देश भर से 4544 एथलीट भाग लेंगे, जो असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, नागालैंड और त्रिपुरा में फैले पूर्वोत्तर भारत के 18 विभिन्न स्थानों पर प्रतिस्पर्धा करेंगे।

खिलाड़ी एथलेटिक्स, रग्बी, तैराकी, बैडमिंटन, हॉकी और फुटबॉल सहित 20 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि फिट इंडिया को बढ़ावा देने के सरकार के मिशन के तहत योग और मल्लखंब जैसे पारंपरिक खेलों को भी इन खेलों में शामिल किया गया है।

निर्वाचन आयोग के आदेश की अवहेलना कर रहे हैं संबधित विभाग के अधिकारी

विगत पांच वर्षो से एक ही प्रखण्ड में जमे हुए है लातेहार जिले में कार्यरत जनसेवक

- जिला परिषद की बैठक में सदस्यों ने उठाए थे सवाल, स्थानांतरण के जारी किए गए थे निर्देश

राजेश प्रसाद / दीपक राज

लातेहार/बरवाडीह। अंगद की पांव की तरह विगत पांच वर्षो से लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंडों में जनसेवक जमें हुए है। इतने वर्षों बाद भी जनसेवकों का तबादला न होना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों समेत पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ हैं। सरकारी नियमों के अनुसार तीन साल से अधिक एक ब्लॉक में किसी भी सरकारी पदाधिकारी या कर्मी की तैनाती नहीं हो सकती है। लेकिन संबंधित अधिकारियों की उदासीनता के कारण लातेहार जिले के कई प्रखंडों में विगत पांच वर्षो से जनसेवक एक ही ब्लॉक में जमें हुए है।

विभागीय उदासीनता के कारण अब तक नहीं हुआ ट्रांसफर

बता दें कि लातेहार जिले में जनसेवक (वीएलडब्ल्यू) मार्च 2019 से अभी तक कुल 5 वर्षो से एक ही प्रखण्ड में जमे हुए हैं। जबकि निर्वाचन आयोग झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार के द्वारा जनवरी के पहले सप्ताह में ही राज्य के सभी जिले अंतर्गत तीन वर्ष अथवा उससे अधिक अवधि से एक जगह जमे हुए पदाधिकारी एवं कर्मी को ट्रांसफर करते हुए 31 जनवरी को रिपोर्ट करने का निर्देश जारी किया था। बावजूद इसके जिला परिषद कार्यालय, लातेहार और उप विकास आयुक्त अब तक इस मामले में चुप्पी साधे हुए है।

विभागीय उदासीनता के कारण कुंडली मारकर बैठे है जनसेवक

गौरतलब है कि आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश पर राज्य के सभी आला अधिकारियों जैसे उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, एसडीओ, डीटीओ, बीडीओ, सीओ, एलआरडीसी, एसी, सीडीपीओ, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर, दरोगा एवं जिला स्तर के राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, लिपिक, कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम तथा जेएसएलपीएस समेत सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मियों का स्थानांतरण राज्य के अन्य जिलों में कर दिया गया है। लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण जिले में पदस्थापित जनसेवक एक ही ब्लॉक में कुंडली मारकर बैठे हुए है।

जिला परिषद की बैठक में कई बार उठा है मुद्दा

बता दे कि जनसेवकों के ट्रांसफर का मुद्दा लातेहार जिला परिषद की बैठक में लगभग तीन बार से प्रस्ताव में लाया गया है, परंतु जिला परिषद कार्यालय में प्रधान सहायक और डीडीसी के द्वारा अब तक इस प्रस्ताव का अनुपालन नही किया गया है। ऐसे में पंचायत राज अधिनियम के तहत शीर्ष कहे जाने वाले जिला परिषद, जिन्हें जनसेवकों के ट्रांसफर और पोस्टिंग का अधिकार प्राप्त है। यह उनलोगों पर भी एक बड़ा सवाल खड़ा कर रही है। वहीं सरकार के समक्ष भी एक चुनौती खड़ी हो गई है, क्योंकि 30 जनवरी के बाद एक्शन टेकन रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को सौंपनी है। इसके अलावा जिला परिषद कार्यालय के प्रधान सहायक संतोष सिंह लगभग 10 वर्षो से अधिक समय से एक ही कार्यालय में जमें हुए है, जबकि सभी विभागों के क्लर्क का स्थानांतरण हो चुका है, लेकिन इनका स्थानांतरण न होना भी अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। पूरे मामले में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी से लगातार कई बार दूरभाष पर संपर्क करने की कौशिश की गई पर उन्होंने फोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा। ऐसे में सवालों से दूर भागने वाले जनप्रतिनिधियों से जनता क्या उम्मीद कर सकती है।

क्या कहती है जिला परिषद अध्यक्ष

जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि अब तक उप विकास आयुक्त के प्रभार में रहने के कारण जनसेवकों का स्थानांतरण नहीं हो पाया था। वर्तमान में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह जिले में पदस्थापित हुए है, और इस बीच मैं दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय महाधिवेशन में हूं। यहां से लौटने के उपरांत जल्द ही जनसेवकों का स्थानांतरण कर दिया जायेगा।

जिले के उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि जनसेवकों का स्थानांतरण जिला परिषद कार्यालय से होता है। होते ही इसकी सूचना दे दी जाएगी।

अबुआ आवास की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठी महिलाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

अनशन पर बैठी महिलाएं।

कांडी। प्रखण्ड कार्यालय के मुख्य द्वार पर सोमवार को अबुआ आवास की मांग को लेकर खरौंधा पंचायत के आधा दर्जन महिलाओं ने साढ़े दस बजे से अनिश्चित कालीन आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। आमरण अनशन पर बैठी महिलाओं का कहना है कि हम सभी लोग अत्यंत निर्धन व असहाय हैं। हम सब मिट्टी के खपरैल जर्जर मकान व झुग्गी-झोपड़ी में रहने को विवश हैं। कई वर्षों से अधिकारी व पदाधिकारी, मुखिया व पंचायत सेवक का चक्कर लगाते लगाते थक गए। फिर भी हम जैसे योग्य लाभुकों को सरकारी आवास का लाभ नहीं मिल सका। अनशन पर बैठी महिलाओं ने आरोप लगाया कि पंचायत मुखिया परिखा राम द्वारा अबुआ आवास के नाम पर 15 हजार रुपए रिश्वत के रूप में मांग की जा रही है। हम सब गरीब व्यक्ति हैं। पैसा देने से असमर्थ हैं। पैसा नहीं देने के कारण हर बार लिस्ट में नाम आने के बावजूद भी कोई भी आवास का लाभ नहीं मिल रहा है। जब तक हमसभी लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिए जाने की घोषणा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा नहीं की जाती है, तब तक हमलोग आमरण अनशन पर बैठे रहेंगे। आमरण अनशन पर बैठने वालों में माधुरी कुवँर, रिंकी देवी, अनिता देवी, प्रमिला देवी, लीलावती देवी सहित अन्य का भी नाम शामिल है।

वहीं सूत्रानुसार प्रखण्ड के सभी पंचायतों में अबुआ आवास को लेकर प्रखण्ड कर्मियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध पैसे की उगाही की जा रही है। जिससे आवास के योग्य लाभुक लाभ लेने से वंचित हैं। इस संबंध में मुखिया परिखा राम से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुझ पर अनशनकारियों द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद व निराधार है। जबकि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ललित प्रसाद सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अनशनकारियों द्वारा लिखित आवेदन देने के बाद जांच कर आवास का लाभ दिया जाएगा। खास बात तो यह कि अनशनकारियों के 5 घण्टे बैठने के बाद भी कोई भी अधिकारी व पदाधिकारी सुधि लेने तक नहीं पहुंचे।

नंदकिशोर बने जेबीकेएसएस दुर्गापुर पंचायत प्रभारी

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के दुगार्पुर पंचायत अंतर्गत कुरको मैदान में आयोजित झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक में कसमार इकाई के दुगार्पुर पंचायत में आगामी लोकसभा चुनाव हेतु पंचायत प्रभारी सह प्रभारी संयोजक तथा मिडिया प्रभारी का चयन किया गया। पंचायत चुनाव प्रभारी के रूप में नंदकिशोर महतो सह प्रभारी कुलदीप कुमार संयोजक विष्णु महतो व मिडिया प्रभारी राजेशर महतो विवेक कुमार व मनबोध कुमार का चयन किया गया। बैठक में गोमिया विधानसभा प्रभारी अमरेश कुमार जोनल प्रभारी प्रशांत कु महतो सह जोनल प्रभारी गया राम कोर कमिटी सदस्य ब्रजेश कु महतो पंचायत अध्यक्ष जयराम रमेश मालती देवी निशा कुमारी धनेशवर महतो रंजीत कु महतो विनोद कुमार सरफराज अंसारी गुना राम महतो उमेश कु महतो केदार कु महतो विजय कु महतो केशव कु महतो जयराम कु महतो रंजीत कु महतो वीरेंद्र महतो कार्तिक महतो नेपाल कु महतो जय कु महतो पिंटू कु महतो राहुल कुमार निरंजन मदन कुमार हरेंद्र कुमार जितेंद्र कुमार सरयू प्रसाद महतो मंगरु घांसी विवेक कुमार सोहराय महतो मनोज कुमार जगदीश कुमार संजीत कुमार दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीसी ने सामग्री कोषांग का लिया जायजा

बोकारो। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन हेतु नवपदस्थापित डीईओ विजया जाधव ने एसपी प्रियदर्शी आलोक के साथ विभिन्न विधानसभाओं से संबंधित ईवीएम डिस्पैच ईवीएम रिसिविंग एवं काउंटिंग कार्य को लेकर विभिन्न भवनों का निरीक्षण किया। मौके पर अपर नगर आयुक्त सौरव भुवानिया अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी एसडीओ चास ओपी गुप्ता, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार जिला पंचायती राज पदाधिकारी शफीक आलम विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क आदि उपस्थित थे। इस क्रम में बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल को ईवीएम डिस्पैच सेंटर अथवा सामग्री कोषांग संचालन को लेकर चिन्हित किया। वहीं बाजार समिति चास स्थित गोदामों को ईवीएम रिसिविंग एवं काउंटिंग के लिए चिन्हित किया। इस बावत संबंधित अधिकारियों को उन्होंने जरूरी दिशा निर्देश दिया। इससे पूर्व डीसी एसपी ने समाहरणालय समीप स्थित ईवीएम वेयर हाउस का भी जायजा लिया। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

व्यवसायी भाईयों के आशीर्वाद से अध्यक्ष पद का चुनाव जीतेंगे : भोला

बेरमो। युवा व्यवसायी संघ फुसरो के होने वाले चुनाव में अध्यक्ष प्रत्याशी भोला सोनी ने अपनी कार्यकुशलता को बताते हुए यह कहा की सचिव के पद पर बखूबी कार्य किया हूं। हर व्यापारी के सुख दुख में सदैव उपस्थित रहता हूं। भोला सोनी ने यह भी बतलाया की संघ में कार्य करने का भरपूर अनुभव है और पूरी टीम को साथ लेकर चलता हूं। संरक्षक समिति के अभिभावक के साथ साथ युवा व्यवसाई के साथ अच्छा समन्वय बना कर कार्य करूंगा। मेरी कार्यकुशलता को देखते हुए सभी वर्गो के लोगो का भरपूर प्यार मिल रहा है। मुझे अपने सभी व्यापारियों पर पूरा भरोसा है की सभी मुझे आशीर्वाद रूपी अपना मत देकर मुझे व्यापारी हित में सेवा करने का मौका देंगे।

पेटरवार-बोकारो मुख्य मार्ग पर बेलोनो और पिकअप वैन की सिधी टक्कर

बेरमो। सोमवार को अहले सुबह पेटरवार बोकारो मुख्य मार्ग पर बेलोनो कार संख्या जेएच 09एएस 5964 की सिधी टक्कर पिकअप संख्या जेएच 091ईभी 2300 मे हो गई जिसमे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मगर पिकअप वैन की टक्कर से बेलोनो का अगला हिस्सा पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सौभाग्य से दोनो ही वाहनों मे सवार लोगो और चालकों को कोई गंभीर चोट नही आई। घटना के बाद वहां लोगो की भीड़ जमा हो गया और सूचना पाते ही पेटरवार पुलिस भी घटना स्थल पर पहुच जांच पड़ताल मे जुट गई थी।

2 महीनों से राशन नहीं मिलने पर लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

कार्यालय का घेराव करते लाभुक।

मझिआंव। बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के आदर दो दर्जन से अधिक कार्ड धारियों ने दो महीने से राशन नहीं मिलने को लेकर प्रखंड कार्यालय का घेराव कर आवेदन दिया। आवेदन कर्ता अमरुद्दीन शेख, दिनेश कुमार, विश्वनाथ राम, नंदकिशोर सिंह, सहिब अंसारी, हैदर अंसारी, बिगन रजवार, उदल राम, रीना देवी, प्रमिला देवी, राधिका देवी सहित अन्य लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से आवेदन के माध्यम से कहा है कि रविदास स्वयं सहायता समूह का राशन जनवरी का लाभुकों का वितरण नहीं किया गया है जिस आदर ग्राम की जनता भूख एवं गरीबी से आहत है। जन वितरण प्रणाली कुर्बान अंसारी के पास हम लोग सभी ग्रामीण राशन उठाने के लिए गए तो डीलर द्वारा जनवरी माह का राशन नहीं दिए और फरवरी माह का भी राशन सभी लाभुकों को देने से माना कर रहे हैं। इसलिए हम सभी लाभुकों का प्रखंड विकास पदाधिकारी से मांग है कि जनवरी एवं फरवरी माह का राशन लाभुकों को वितरण करवाया जाए और राशन वितरण करने वाले रविदास सहायता समूह के वरती देवी पर जांच कर प्रशासनिक कार्रवाई किया जाए। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राम ने कहा कि जांच कर सभी लाभुकों को राशन वितरण करवाया जाएगा। साथ ही कहा कि कोई भी लाभुक छूट नहीं हर हाल में सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को हर हाल में राशन वितरण करना है।

चोरी रोकने में सीआईएसएफ, सीसीएल का सुरक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन विफल

लोहा कबाड़ी दुकान में खपाया जा रहा सीसीएल कोलियरियों से चुराया गया लोहा

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल ढोरी एवं बीएंडके एरिया के विभिन्न परियोजनाओं से अवैध रूप से लोहा की चोरी का काम इंन दिनों काफी बढ़ गया है। हालाकि इन क्षेत्र में सीसीएल के द्वारा सीआईएसएफ की तैनाती रहती है। फिर भी रात के अंधेरे में लोहा चोर स्कैप लोहा की चोरी कर रहे हैं। बाताया जाता है कि फुसरो हिंदूस्तान पुल एवं रामरतन हाई स्कूल के समीप लोहा कबाड़ी दुकान का संचालन हो रहा है। जहां चोरी के लोहा को खपाया जाता है। जिसे रोकने में सीआईएसएफ, सीसीएल का सुरक्षा विभाग सहित स्थानीय प्रशासन विफल है। सीसीएल का चुराया हुआ लाखों का लोहा फुसरो हिंदूस्तान पुल व राम रतन हाई स्कूल के पीछे कबाड़ी की दुकान में पहुंचाते देखा जा सकता है। जहां से प्रतिदिन पिकअप वैन में लोहा टपाया जा रहा है। लेकिन अब तक न तो सीआईएसएफ, सुरक्षा विभाग और न ही बेरमो पुलिस ने संज्ञान लिया। जिस कारण यह धंधा बदस्तूर जारी है। बीएंडके एरिया के करगली वाशरी, ढोरी एरिया के अमलो परियोजना के पुराने बंद पड़े एक्सबेसन, कथारा के बंद पड़े सीपीपी प्लांट सहित कोलियरी क्षेत्रों में पड़ी पुरानी मशीनें देखते-देखते लोहा चोरों द्वारा गैस कटर से काट लिए गए और रात के अंधेरे में काटे जा रहे हैं। जिसे रोकने में विभाग असमर्थ है। जबकि सीसीएल सीआईएसएफ और सुरक्षा विभाग पर प्रति माह लाखों रुपए खर्च करती है। वही सीसीसल प्रबंधन भी मूक दर्शक बनी हुई है।विदित हो कि सीसीएल के कोलियरियों से चुराया हुआ लोहा को साइकिल, पुरानी मारुति वैन व ऑटो सहित पिकअप वैन से कबाड़ दुकान में बोरा से ढंक कर पहुंचाया जाता है। सीआईएसएफ और पुलिस चाहे तो सड़क पर ही चोरी के लोहे जब्त कर सकती है। परंतु इसे नहीं रोका जा रहा है।

ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल को मिली मान्यता

ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल।

सगमा। सगमा प्रखण्ड अंतर्गत संचालित ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल को मान्यता मिलने से विद्यालय परिवार में खुसी की लहर है। गौरतलब है कि प्रखण्ड के बीरबल गाँव मे संचालित निजी विद्यालय ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल की जिला शिक्षा अधीक्षक गढ़वा के द्वारा मान्यता प्रमाण पत्र जारी किया गया है इसे लेकर विद्यालय परिवार ने शिक्षा विभाग के प्रति आभार जताया है । उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रबंधक महताब आलम ने बताया कि ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल विगत कई वर्षों से अति पिछड़ा सगमा प्रखण्ड में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का अलख जगाने में लगा हुआ है। इसे देखते हुए शिक्षा विभाग के द्वारा विद्यालय में चल रहे पठन पाठन का सूक्ष्मता पूर्वक जाँच की गई इसके पश्चात इस विद्यालय को मान्यता प्रदान कर दिया गया है।

स्वदेशी के माध्यम से श्रद्धेय दतोपंत की कल्पना हो रही साकार : हर्षनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। भारत को आर्थिक रूप से सबल बनाने की जो संकल्पना श्रद्धेय दतोपंत ठेंगड़ी ने की थी वह स्वदेशी के माध्यम से आज पूरी होती दिख रही है। स्वदेशी जागरण मंच के वर्षों की तपस्या का फल है कि पूरा देश स्वदेशीमय हो गया है। यह उद्गार व्यक्त किया बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक हर्षनाथ मिश्रा ने मंच द्वारा आयोजित नौ दिवसीय 21वें इस्पातांचल स्वदेशी मेला के समापन समारोह में।

मौके पर मंच के राष्ट्रीय मेला प्रमुख सचिन्द्र कुमार बरियार ने कहा कि मंच द्वारा चलाए जा रहे स्वावलंबी भारत अभियान के माध्यम से 2029 तक भारत पूर्णतयाः रोजगार युक्त होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश में 35 करोड़ युवा बेरोजगार हैं जिन्हें रोजगार मुहैया नहीं कराया जा सकता। समारोह में मौका भगत को मंच की पूनम सिन्हा ने एवं मुख्य अभ्यागत हर्षनाथ मिश्रा की पत्नी सह प्रसिद्ध चित्रकार इन्दु मिश्रा को मंच की मंजू सिन्हा ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। संचालन शशांक शेखर ने किया। वक्ताओं ने स्वावलंबी भारत पर अपने विचार प्रकट किए। मेला को सफल बनाने में विवेकानंद झा, मनीष श्रीवास्तव, विनोद चौधरी, ददन कुमार, उत्तम कुमार झा, उपेंद्र नारायण सिंह, सुरेश कुमार सिन्हा आदि ने अहम भूमिका निभाई।

पूर्व मुखिया सह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष को पत्रकारों ने किया सम्मानित

बेरमो। किसी ने ठीक ही कहा है कि जो आप समाज को देगे वह समाज सूद सहित आपको लौटा देती है। इसी का एक नजारा उस समय देखने को मिला जब खेतको पंचायत के पूर्व मुखिया सह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मो सब्बीर आलम को वहां के स्थानीय पत्रकार मो इस्तेयाक अंसारी एंव उनके सहयोगी अनील वर्णवाल ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बताता चलू की यह स्वागत कार्यक्रम कांग्रेस अध्यक्ष श्री आलम के आवासीय कार्यलय में आयोजित किया गया था। मौके पर पत्रकार इशतेयाक ने कहा कि श्री आलम को सम्मानित करने का खास मकसद यह है कि यह परिवार पिछले लंबे समय से खेतको गांव के लोगो की सेवा में लगा हुआ है। कहा कि आलम कि पत्नी खेतको पंचायत के दो बार मुखिया बनी तथा आलम एक बार मुखिया बने और पंचायत की सेवा किया। साथी ही साथ परिवार के सभी सदस्यों ने समाज के खास कर खेतको पंचायत के विकास मे अहम भूमिका निभाई। उनकी समाजसेवा के कार्यो को देखते हुए सब्बीर अंसारी पूर्व मुखिया सह पेटरवार प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष के पद पर बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने नियुक्त कर दिया। वही आलम की पत्नी अनवरी खातून ने अपने पंचायत की मुखिया के लिए दो बार चुनाव जीत कर पंचायत का नेतृत्व की है। यानी पुरा परिवार खेतको पंचायत के नाम अपनी पुरी जीवन कर रखी है। वहीं सम्मानित होने के बाद आलम ने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण है जब देश के चौथे स्तंभ ने मुझे सम्मान के काबिल समझा और सम्मानित किया। कहा कि यह मेरे जीवन के लिए अनमोल सौगात है जिसे जीवन भर याद रखूंगा।

सुख का कारखाना है सत्संग : अच्युत प्रपन्नाचार्य

मझिआंव। सुख का कारखाना सत्संग होता है। भगवान की कथा में मृत संजीवनी बूटी पाई जाती है। सत्संग में पूरी श्रद्धा के साथ कथा श्रवण करने से समस्त बुराइयों का अंत एवम सुख की अनुभूति होती है। उक्त बातें मझिआंव में ब्रह्म स्थान के समीप नवनिर्मित मंदिर में मां भगवती के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले सत चंडी महायज्ञ में प्रवचन के दौरान बक्सर से पधारे प्रवचनकर्ता अच्युत प्रपन्नाचार्य ने कहीं। एक प्रसंग के दौरान उन्होंने कहा कि नारद जी ने नारद पंचरायण में कमल नयनधारी भगवान विष्णु से प्रश्न किए, की प्रभु आप कहां रहते हैं। अपना खास स्थान बता दीजिए। तो भगवान विष्णु ने मुस्कुरा कर कहा मैं बैकुंठ धाम में रहकर भी नहीं हूं, योगियो के हृदय में रहते हुए भी नहीं हूं। नारद मैं तो वहां हूं जहां मेरा भक्त गुणगान करते हैं। मैं वही रहता हूं। भगवान का वास सत्संग में होता है। जहां गुणगान होती है वहां भगवान विराजते हैं और जहां भगवान विराजते हैं वहां सुख की अनुभूति होती है। बिना सत्संग सुख नही मिलता।

यज्ञ मंडप की परिक्रमा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

यज्ञ से विश्व का कल्याण होता है : सुश्री श्यामा किशोरी जी

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत में ढोरी स्टाफ क्वार्टर में मां दुर्गा एवं महाकाली प्राण प्रतिष्ठा सह श्री श्री सात दिवसीय शतचण्डी महायज्ञ के चौथे दिन सोमवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। फुसरो शहर के आसपास क्षेत्र के महिला-पुरुष परिक्रमा स्थल व मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की। आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा है। सुश्री श्यामा किशोरी जी ने कहा कि रामायण के एक-एक पात्र जीवन को सुखमय जीने की सीख देते हैं। रामायण को मनन करने व उसे अपने जीवन में उतारने की जरुरत है। कहा कि भगवान श्रीराम के पावन चरित्र का अनुशरण ही राष्ट्र को चरित्रवान और पराक्रमी बना सकता है। कहा कि जहां समस्त तर्कों का अंत हो जाता है, वहीं से अध्यात्म का प्रादुर्भाव होता है। विचार तो जगत पर होना चाहिए, किंतु विश्वास जगदीश पर होना चाहिए। धर्म ही जगत का मूल है। यज्ञ से विश्व का कल्याण होता है। इसलिए समय-समय पर यज्ञ के कल्याण के लिए महायज्ञ जरूरी है। वहीं श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए कमेटी के सदस्य पूरी तरह मुस्तैद है। यज्ञ सम्राट श्री जगदीश दास जी (मारुति बाबा) ने कहा कि मेरा 145 वा शतचण्डी महायज्ञ है। कहा कि यज्ञ की पूणार्हुति 22 फरवरी को पूरे विधि विधान के साथ की जाएगी। पूणार्हुति के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस यज्ञ में बेरमो विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न जगहों से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। प्रवचन के दौरान ढ़ोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल, विधायक जी के मां रानी सिंह, फुसरो बाजार के समाजसेवी ज्ञानती शर्मा, गिरजा शंकर पांडे, महेंद्र कुमार विश्वकर्मा, छेदी नोनिया, उत्तम सिंह, परवेज अख्तर, राजन साव, हरेंद्र सिंह मुरारी सिंह, दिनेश सिंह भाई प्रमोद सिंह, बैजनाथ सिंह अमरजीत सिंह आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

पेज एक का शेष

झारखंड के हर...

झारखंड में 15 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है, हमारे राज्य में कोई भी परिवार भवनहीन नहीं रहेगा।

कोई भी परिवार भवनहीन नहीं रहेगा : चंपाई सोरेन ने कहा कि हमारे प्रदेश की खनिज संपदा का लाभ दूसरे प्रदेशों के लोग ले रहे हैं। आधुनिक युग में झारखंड को भी विकास की ओर ले जाना है। हमारे राज्य में कोई भी परिवार भवनहीन नहीं रहेगा। सभी का अपना पक्का मकान होगा। यहां के मूलवासी को उसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में झारखंड में 15 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। महोत्सव में बॉलीवुड गायक शब्बीर कुमार, गजल गायिका राधिका चोपड़ा, अलावा मृणालिनी अखौरी, मैथिली ठाकुर और इंडियन आइडल फैम पूजा चटर्जी भी गीत प्रस्तुत करेंगी।

राज्य तभी आगे ...

वर्ष 2027 तक इस राज्य में कोई भी व्यक्ति टूटे -फूटे और जर्जर घर में रहने को मजबूर नहीं होगा। सभी का अपना पक्का मकान होगा। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार सिर्फ आश्वासन नहीं देती, हम जो कहते हैं उसे निश्चित तौर पर पूरा करते हैं।

रोटी, कपड़ा, मकान और गरीबों को पेंशन : मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग को पेंशन मिल रहा है। 20 लाख से ज्यादा लाभुकों को हरा राशन कार्ड के जरिए मुफ्त अनाज दे रहे हैं। गरीबों को वर्ष में दो बार धोती, साड़ी और लूंगी दिया जा रहा है। कहा कि झारखंड जल- जंगल -जमीन और खनिज संपदा से संपन्न राज्य है। लेकिन, अफसोस की बात है कि यहां के आदिवासी -मूलवासी लगातार पिछड़ते गये। आज सरकार आपके दरवाजे पर सीधे पहुंच रही है। आपकी समस्याओं का समाधान कर रही है। किसानों को सशक्त बनने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। अब गरीबों का बच्चा भी इंजीनियर डॉक्टर और अधिकारी बनेगा । बच्चों की पढ़ाई में अब पैसे की तंगी बाधा नहीं बनेगी।

पहली किस्त जारी की : एएम ने इस अवसर पर कुल 28 हजार 295 लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान करने के साथ उनके बैंक खाते में पहली किस्त के रूप में डीबीटी के माध्यम से 84 करोड़ 88 लाख 50 हजार रुपए हस्तांतरित किये। इनमें हजारीबाग के 11648 रामगढ़ के 4236 चतरा के 7820 और कोडरमा के 4591 लाभार्थी शामिल हैं। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता और बादल पत्रलेख के अलावा फागू बेसरा, विधायक विनोद कुमार सिंह एवं अमित कुमार यादव, सीएम के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

आज भारत अनुसरण ...

आज भारत के अमृतकाल में भारत के गौरव, भारत के उत्कर्ष और भारत के सामर्थ्य का बीज अंकुरित हो रहा है। एक के बाद एक, हर क्षेत्र में कितना कुछ नया हो रहा है।

भारत संभावनाओं का केंद्र : पीएम ने कहा, आज पहली बार भारत को टेक्नोलॉजी और डिजिटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में संभावनाओं के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। हमारी पहचान इनोवेशन हब के तौर पर हो रही है। हम पहली बार दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जैसे बड़े मुकाम पर पहुंचे हैं। पहली बार भारत का नागरिक, चाहे वो दुनिया के किसी भी देश में हो, अपने आपको इतना गौरवान्वित महसूस करता है। देश में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का ये जो ज्वार हम देख रहे हैं, ये एक अद्भुत अनुभूति है।

श्री मोदी ने कहा कि आज हमारी शक्ति भी अनंत है और संभावनाएं भी अपार हैं। पिछले महीने ही, 22 जनवरी को देश ने अयोध्या में 500 साल के इंतजार को पूरा होते देखा है। रामलला के विराजमान होने का वो अलौकिक अनुभव, वो दिव्य अनुभूति अब भी हमें भावुक कर जाती है। इसी बीच हम देश से सैकड़ों किलोमीटर दूर अरब की धरती पर, अबू धाबी में पहले विराट मंदिर के लोकार्पण के साक्षी भी बने हैं। पहले जो कल्पना से भी परे था, अब वो हकीकत बन चुका है। और अब हम यहां संभल में भव्य कल्कि धाम के शिलान्यास के गवाह बन रहे हैं।

आलाकमान के निर्णय...

उमंग सिंघार ने रविवार को नाराज विधायकों को मनाने की कोशिश की लेकिन बागी कांग्रेस विधायकों ने साफ कर दिया कि पूर्व में भी सभी मंत्रियों के परफॉरमेंस और अन्य जानकारी प्रदेश नेतृत्व को देने के बाद कुछ नहीं हुआ। ऐसे में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और केंद्रीय महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल से मिलकर अपनी बात रखेंगे। नाराज विधायकों की ओर से अंबा प्रसाद ने कहा कि आलाकमान के निर्णय के बाद ही नाराज विधायक एक साथ आगे क्या कदम उठाएंगे, इसका फैसला लेंगे।

10 विधायक दिल्ली में, दो नहीं पहुंचे : चंपई सरकार में कांग्रेस कोटे से बने मंत्रियों को हटाने की मांग पर 12 विधायकों ने उलगुलान किया था। ानकारी के अनुसार इनमें से 10 विधायक दिल्ली में जमे हैं। शिल्पी नेहा तिर्की और नमन विक्सल कोंगारी दिल्ली नहीं जा सके हैं। दो विधायकों के दिल्ली नहीं पहुंचना क्या नाराज विधायकों के बीच की टूट है? इस सवाल के जवाब में फोन पर डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि नमन विक्सल कोंगारी की तबीयत ठीक नहीं है इसलिए वह दिल्ली नहीं आये हैं। शिल्पी नेहा तिर्की को लेकर उन्होंने खुल कर कुछ नहीं कहा।

शीघ्र लौटेंगे सभी विधायक : राजेश ठाकुर : इधर रांची में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर कहा कि नाराज विधायकों की नाराजगी दूर करने के लिए कांग्रेस आलाकमान प्रयासरत है। आलाकमान ने विधायकों से बातचीत के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड कांग्रेस के पूर्व सह प्रभारी उमंग सिंघार को पर्यवेक्षक बनाया है। उमंग सिंघार से एक दौर की बात नाराज विधायकों से हो चुकी है। उम्मीद है कि उमंग सिंघार से बातचीत नहीं बनने पर विधायकों की नाराजगी को दूर करने के लिए आलाकमान द्वारा किसी दूसरे नेता को भी वार्ता करने के लिए भेज सकती है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि नाराज विधायक मंगलवार को रांची लौट सकते है। फिलहाल सभी विधायक दिल्ली में है और कांग्रेस आलाकमान से बात करने की उम्मीद लगाये हुए हैं।

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में सोमवार को श्रीकल्कि धाम मंदिर की आधारशिला रखने के दौरान पूजा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। पूजा के समय साथ बैठे हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और श्रीकल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम।

दलित, पिछड़े कंपनियों में नहीं, मनरेगा की लिस्ट में नजर आते हैं : राहुल

अमेठी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि दलित, आदिवासी और पिछड़े बड़ी कंपनियों और शासन में नहीं, बल्कि मनरेगा की लिस्ट में नजर आते हैं। 73 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद सरकारी, अर्द्ध सरकारी नौकरियों में दलित, आदिवासी और पिछड़ों की जगह नहीं है। राहुल गांधी सोमवार शाम को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान अमेठी में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में पिछड़ा 50 % दलित 15% व आदिवासी 8 % सहित कुल 73 % आबादी है। लेकिन, किसी भी सरकारी, अर्धसरकारी नौकरी में दलित, आदिवासी, पिछड़े के लोगों को नौकरी नहीं मिल रही है। दिल्ली में 90 आइएएस हैं, जो सरकार चलाते हैं, लेकिन इनमें इस आबादी के लोग नहीं हैं।

आंदोलन कर रहे किसान संगठनों ने खारिज किया केंद्र सरकार का प्रस्ताव

एजेंसी

चंडीगढ़/नयी दिल्ली। किसान आंदोलन में शामिल संगठनों की केंद्र सरकार के मंत्रियों के साथ हुई चौथी बैठक भी बेनतीजा रही। हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर किसान संगठनों ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्र सरकार के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। साथ ही, बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी है। किसान नेताओं ने कहा कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) गारंटी से नीचे कुछ भी मंजूर नहीं है।

किसान नेता गुरनाम सिंह चारुनी ने कहा, सरकार के पास 21 फरवरी तक का समय है। केंद्र सरकार को सोचना और समझना चाहिए कि तिलहन और बाजरा बहुत महत्वपूर्ण फसल हैं। जैसे उन्होंने दालों, मक्का और कपास का उल्लेख किया, उसी तरह उन्हें इन दोनों फसलों को भी

कहा, एमएसपी गारंटी से नीचे कुछ भी मंजूर नहीं

शामिल करना चाहिए। अगर इन दोनों को शामिल नहीं किया गया, तो हमें इस बारे में फिर से सोचना होगा। हमने फैसला लिया कि अगर 21 फरवरी तक सरकार नहीं मानी, तो हरियाणा भी आंदोलन में शामिल हो जायेगा।

ज्ञात हो कि किसानों के साथ वार्ता के बाद तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति ने दाल, मक्का और कपास सरकारी एजेंसियों द्वारा एमएसपी पर खरीदने के लिए पांच वर्षीय समझौते का प्रस्ताव रखा है। चंडीगढ़ में रविवार को मंत्रियों के साथ बैठक के बाद किसान नेताओं ने कहा था कि वे सोमवार और मंगलवार को अपने मंच पर सरकार के प्रस्ताव को लेकर चर्चा करेंगे और उसके बाद आगे का फैसला लेंगे। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि एमएसपी पर कानून, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें और कर्ज माफी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। केंद्र के प्रस्ताव पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा, कर्ज माफी और अन्य मांगों पर चर्चा लंबित है और उम्मीद है कि मंगलवार तक इनका समाधान हो जायेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली चलो मार्च फिलहाल स्थगित है, लेकिन अगर सभी मुद्दे नहीं सुलझे तो 21 फरवरी को दिन में 11 बजे फिर से मार्च शुरू होगा।

किसानों के मुद्दे पर वाणिज्य और उद्योग मंत्री गोयल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने किसान नेताओं के साथ चौथे दौर की बातचीत की थी। बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी शामिल हुए थे।

बंगाल में हालात राष्ट्रपति शासन जैसे बने हुए हैं : रेखा शर्मा

संदेशखाली पहुंची एनसीडब्ल्यू की टीम ने कहा- इस्तीफा देकर आयें ममता बनर्जी तब समझेंगी दर्द

कोलकाता (हि.स.)। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जारी हिंसा के बीच सोमवार को राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने वहां का दौरा किया। महिला आयोग की टीम ने महिलाओं से बात की और उनकी शिकायतें सुनी। इसके बाद एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा।

रेखा शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए यहां तक कहा कि मुझे लगता है उनको (ममता बनर्जी) रिजाइन कर देना चाहिए और बिना पोस्ट के अगर वे यहां आयें, तो महिलाओं का दर्द समझ पायेंगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले मैंने इतना दर्द कहीं नहीं देखा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में हालात राष्ट्रपति शासन जैसे बन गये हैं।

रेखा शर्मा ने पश्चिम बंगाल सरकार पर महिलाओं की आवाज दबाने का आरोप लगाते हुए कहा कि हिंसा प्रभावित इलाके में उनका दौरा महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने के लिए था, ताकि वे बाहर आयें और अपने मन की बात कहना शुरू करें। उन्होंने शेख

शाहजहां की गिरफ्तारी की भी मांग की।

संदेशखाली का दौरा करने के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष रेखा शर्मा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस से मिलने के लिए राजभवन पहुंचीं। इस बीच, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि जहां प्रशासन काम कर रहा है, वहां उन्हें अपना काम करने की स्वतंत्रता दें। हमने कैंप लगाये हैं, ताकि जिन लोगों को समस्याएं हैं वे आयें हमें बताएं और हम उसे दूर कर दें।

सुप्रीम कोर्ट का संदेशखाली मामले पर सुनवाई करने से इनकार

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली मामले पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले में सीधे सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की जरूरत नहीं है। हाइकोर्ट पहले ही संज्ञान ले चुका है। याचिकाकर्ता को वहीं अपनी बात रखनी चाहिए।

मुख्य सचिव और डीजीपी के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी समेत कई अधिकारियों के खिलाफ लोकसभा विशेषाधिकार समिति की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 4 हफ्ते बाद होगी।

शाहजहां शेख को बचा रही है ममता सरकार : भाजपा

नयी दिल्ली (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार बलात्कार के आरोपित शाहजहां शेख को बचा रही है। पश्चिम बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी के लोग सिर्फ 30 फीसदी वोट पाने के लिए खोज-खोज कर हिंदू महिलाओं को उठाते थे और उनके सम्मान के साथ खिलवाड़ करते थे। संदेशखाली में जो हुआ, वह किसी से छिपा नहीं है। भाजपा के प्रतिनिधियों को वहां जाने से रोका जा रहा है। चटर्जी ने आरोप लगाया है कि संदेशखाली में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले शेख को ममता सरकार अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पायी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी दिखाती है कि वह किस तरह से अपराधियों के साथ खड़ी हैं। चटर्जी ने कहा कि पीड़ित महिलाओं की एफआइआर तक नहीं लिखी जा रही है। उन्हें धमकियां मिल रही हैं। शेख और उनके लोग महिलाओं पर अत्याचार कर रहे थे और रात को फोन कर उन्हें बुलाते थे। महिलाओं के मना करने पर उन्हें उनके बच्चों और पति को मारने की धमकी दी जाती थी। कोलकाता से 35 किमी दूर संदेशखाली में शेख शाहजहां और उसके माफिया दोस्त माफियाराज चलाते हैं। वहां के लोग बहुत समय से उनके खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की कुछ हिंदू महिलाओं ने टीएमसी नेता शाहजहां शेख पर बलात्कार व जमीन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था। उसके बाद विपक्षी दलों ने महिलाओं के समर्थन में आवाज उठायी और शेख को गिरफ्तार करने की मांग की है।

निर्वाचन अधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने के संकेत, आज भी होगी सुनवाई

चंडीगढ़ मेयर चुनाव का मामला

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह के खिलाफ मुकदमा चलाने के संकेत दिये हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सोमवार को पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया कि वे सभी रिकॉर्ड लेकर सुप्रीम कोर्ट आयें। मामले की सुनवाई मंगलवार को भी होगी।

पुण्य स्मृति

आज ही के दिन 20 फरवरी 2014 को आपने अपनी अनंत यात्रा शुरू की थी और समस्त परिवार को पीछे छोड़ गये थे। आपकी स्मृति मे आपके आशीर्वाद का आकांक्षी समस्त गुरूजी परिवार आपको श्रद्धा सुमन अर्पित करता है।

स्व वीणा देवी
1954 - 2014

निवेदक
मुरलीधर तिवारी (पति)
एवं समस्त गुरूजी परिवार पहाड़ी खूर्द धनगांव, लेस्लीगंज पलामू।

स्पीड न्यूज

आरपीएसएफ कांस्टेबल 'जीवन रक्षा पदक' से सम्मानित

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) के कांस्टेबल शशिकांत कुमार को वर्ष 2023 के लिए प्रतिष्ठित जीवन रक्षा पदक से सम्मानित किया। रेल मंत्रालय ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि एक महिला रेल यात्री के जीवन को बचाने में उनके अद्वितीय साहस, सोच और त्वरित कार्रवाई की वजह से उन्हें यह सम्मान मिला है।

ले. जनरल द्विवेदी ने थल सेना उप प्रमुख का पदभार संभाला

नयी दिल्ली। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को थल सेनाध्यक्ष उप प्रमुख का पदभार संभाल लिया है। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और साउथ ब्लॉक लॉन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

भोजशाला मामले में हाइकोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

इंदौर। काशी की ज्ञानवापी की तर्ज पर मध्य प्रदेश के धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला का सर्वे कराने वाली मांग पर सोमवार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में सुनवाई हुई। खंडपीठ के समक्ष 1902 में हुए सर्वे को लेकर बहस हुई। हिंदू पक्ष की ओर से मांग की गयी है कि मंदिर परिसर का दोबारा सर्वे किया जाये। कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है।

ब्रिटेन में स्कूलों में बच्चों के मोबाइल फोन के उपयोग पर लगा प्रतिबंध

लंदन (हि.स.)। स्कूलों में बच्चों के मोबाइल फोन के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के लिए ब्रिटेन सरकार ने निर्देश दिये हैं। इस संबंध में अधिकारियों को विद्यार्थियों के व्यवहार, ध्यान को बेहतर बनाने, सीखने में व्यवधान को रोकने और चिंता से बचाने के निर्देश दिये गये हैं।

ब्रिटेन के शिक्षा मंत्रालय ने इस आशय के दिशा-निर्देश प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के लिए जारी किया है। मंत्रालय की ओर से कहा गया है, 'हम इस बात के लिए दृढ़ हैं कि सभी स्कूलों में पूरी तरह बच्चों के मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगना चाहिए। यह प्रतिबंध न केवल कक्षाओं के दौरान बल्कि ब्रेक और दोपहर के भोजन के समय भी लागू होना चाहिए।'

नीतीश ने 383 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पुलिस को सुदृढ़ करने के लिए थानों एवं इकाइयों के लिए 383 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग की कार्यक्षमता एवं दक्षता और बढ़ेगी। साथ ही, विधि व्यवस्था के संधारण में सहूलियत होगी। एक अणे मार्ग प्रांगण में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी आदि मौजूद थे।

पिछले 7 वर्षों में यूपी में बना व्यापार विकास व विश्वास का माहौल : पीएम

लखनऊ/नयी दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लखनऊ में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले सात वर्षों में उत्तर प्रदेश में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का आयोजन विकसित उत्तर प्रदेश के विकास के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प की दिशा में एक कदम है। प्रधानमंत्री ने यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के चौथे ग्राउंडब्रेकिंग समारोह में पूरे उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 14 हजार परियोजनाएं भी लांच कीं।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के 400 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों के लाखों लोगों की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए, प्रधानमंत्री ने उनका स्वागत किया और प्रसन्नता व्यक्त की कि नागरिक अब प्रौद्योगिकी की मदद से कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं, जो कि 7-8 साल पहले अकल्पनीय था। इससे पहले, उत्तर प्रदेश में उच्च अपराध दर की ओर इशारा करते हुए, प्रधानमंत्री ने निवेश और रोजगार के अवसरों के संबंध में राज्य में सकारात्मकता के माहौल की सराहना की। प्रधानमंत्री ने राज्य की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज, उत्तर प्रदेश में लाखों करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है, क्योंकि वह वाराणसी से संसद सदस्य भी हैं।

सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय
गिरधर गोपाल मिश्रा
ज्योतिषाचार्य

जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।
I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र
डॉक्टर आर के पाठक
होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज
(सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)
सम्पर्क : 8409363623
कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'योद्धा' का टीजर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म योद्धा काफी समय से चर्चा में है। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर दुबई में लांच किया गया था। अब मेकर्स ने दमदार एक्शन सीक्वेंस के साथ फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा है, 'हमने उड़ान भर ली है... आप सभी इस हाई-ऑक्टेन एक्शन के लिए तैयार हो जायें...।' टीजर की बात करें तो सिद्धार्थ मल्होत्रा फुलऑन एक्शन में नजर आ रहे हैं। एक आर्मी अफसर की भूमिका में सिद्धार्थ हाथ में बंदूक लिये आतंकियों से जमकर लोहा लेते दिखे। फैंस को एक्टर का ये डैशिंग अवतार काफी पसंद आया है। इस टीजर को दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पांस भी मिल रहा है। एक यूजर ने कमेंट में लिखा है कि ये फिल्म इतिहास रचने वाली है। कुछ अन्य यूजर्स ने टीजर को सुपरहिट बताया। फिल्म योद्धा की कहानी एक ऐसे योद्धा की कहानी है, जो एक विमान को हाईजैक करने वाले आतंकवादियों से लड़ता है और विमान में मौजूद सभी यात्रियों को सुरक्षित वापस लाता है। इस योद्धा की भूमिका में सिद्धार्थ मल्होत्रा एक सैनिक की भूमिका में नजर आयेंगे।

सरकार की महत्वाकांक्षा 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाना : गोयल

नयी दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत 2047 तक 35 ट्रिलियन डॉलर की पूर्ण विकसित अर्थव्यवस्था बनने की राह पर अग्रसर है। नयी दिल्ली में 19 लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के 35 पत्रकारों को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि वर्तमान सरकार की महत्वाकांक्षा 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाना है, इस दिशा में सभी प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षा मौजूदा 3.7 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को 2047 तक 30-35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। इसके साथ ही राष्ट्र की खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करना है।



गोयल ने भारत की विकास कहानी पर बोलते हुए कहा कि 2014 में विरासत में मिली टूटी हुई अर्थव्यवस्था, अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बनने की राह पर है। वाणिज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो राहों पर निरंतर प्रयास की तारीफ करते हुए बताया कि देश को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए भारत के व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों को मजबूत करना और भोजन, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा से संबंधित गरीबों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना है।

लगातार 5वें दिन बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार

नयी दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार पांचवें कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी, लेकिन शुरुआती कारोबार के दौरान मुनाफावसूली के दबाव में कुछ देर के लिए सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में गिर गये। वैसे, पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.39 और निफ्टी 0.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। बीएसइ सेंसेक्स 281.52 अंक की तेजी के साथ 72,708.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 81.55 अंक की मजबूती के साथ 22,122.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar – II	₹ 120	English Grammar – II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!